जबलपुर
शनिवार, 1 मार्च 2025
■ फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष -1
■ वर्ष : 19, अंक : 296
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 34
न्यून. 18
haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

◆ एमपीपीसीबी अफसर, कलेक्टर सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही निगरानी



कड़ी सुरक्षा के बीच पीथमपुर में यूका का कचरा जलना शुरू, 3 दिन में 10 टन जलाया जाएगा

## चूने के संग भस्मक में डाले गए 9-9 किलो के पैकेट

**30** टन के ट्रायल रन की रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुति की जाएगी

फैक्ट्री परिसर में स्पेशल आर्म्ड फोर्स के 130 जवान और आसपास 500 से ज्यादा जवान तैनात



हरिभूमि न्यूज ⏭ धार

पीथमपुर में शुक्रवार दोपहर बाद यूनियन कार्बाइड का कचरा जलना शुरू हो गया। तीन दिन में 10 टन कचरा जलाया जाएगा। दो भस्मकों में 800 और 1200 डिग्री तापमान रखा गया और उसमें कचरा जलाया गया। उसमें से जो राख बचेगी, उससे पीथमपुर के ही रामकी प्लांट में लैंडफिल किया जाएगा।

30 टन के ट्रायल रन की रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुति की जाएगी। संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि कचरा जलाने के दौरान परिणामों का आंकलन किया गया। निष्पादन के दौरान कोई समस्या नहीं आई तो प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

### ◆ कुल 30 टन कचरा जलाया जाएगा

कोर्ट के निर्देश पर कुल 30 टन कचरा जलाया जाएगा। इस ट्रायल रन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। उसके बाद बचा कचरा जलाया जाएगा। कुल 337 टन कचरा भोपाल से इंदौर तक 12 कंटेनरों में लाया जा चुका है। 57 दिनों से यह कंटेनर पीथमपुर में रखे गए हैं। फिलहाल, पांच कंटेनरों को खोला गया है।


### जीतू के बयान पर सीएम बोले- ये जहर कांग्रेस की देन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर पलटवार किया है। उनका कहना है कि जीतू पटवारी की जितनी समझ है वे उसके अनुसार काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को देखा है। ये जहर कांग्रेस की देन है। उन्होंने बीमारियां फैलाईं। गैस हादसा कांग्रेस की सरकार के समय हुआ। ये उनकी लापरवाही थी। घटना के बाद यहां कचरा छोड़कर चले गए। इस पर कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। इससे पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मैं स्थानीय नेताओं और प्रशासन को चुनौती देता हूं। 10 किलोमीटर के भू-जल की जांच की जाए अगर उसमें कैंसर के तत्व नहीं मिलेंगे तो मैं सार्वजनिक माफी मांगूगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

**ओपन एआई ने लॉन्च किया तेज जीपीटी 4.5**






**नई दिल्ली।** ओपन एआई का नया और सबसे शानदार एआई मॉडल जीपीटी-4.5 आ गया है। यह पहले से ज्यादा तेज, समझदार और स्मार्ट है। यह इंसानों की तरह आपकी भावनाओं को भी समझ सकता है। पहले एआई सिर्फ फैक्ट्स और मैथमेटिक्स पर ध्यान देते थे, लेकिन जीपीटी-4.5 आपकी बातचीत को और आसान और नेचुरल बना सकता है।

**महाकुंभ से लौटते समय हादसा, 4 लोगों की मौत**



**झांसी।** चिरगांव थाना क्षेत्र में हाईवे पर शुक्रवार तड़के सुबह एक भीषण सड़क हादसे में गुजरात के सूरत के रहने वाले एक हीरा कारोबारी परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर घायल हो गई। हादसा सुल्तानपुरा मोड़ फ्लाईओवर पर हुआ, जहां तेज रफ्तार कार आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई।

**भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान**





**नई दिल्ली।** सरकार के पहले अग्रिम अनुमान में 6.4 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान लगाया था। सरकार ने वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2023 के लिए पूर्वानुमान को भी संशोधित किया है। जीडीपी दिसंबर तिमाही में 6.2 % की दर से बढ़ी है। तीसरी तिमाही का आंकड़ा औसत 6.3% से थोड़ा नीचे रहा है। लेकिन यह 6.5% के पूरे वर्ष के पूर्वानुमान के मुताबिक ही रहा है।

**शेयर बाजारः निवेशकों के 9 लाख करोड़ डूबे**



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट है। संसेक्स 1,414 अंक गिरकर 73,198.10 पर बंद हुआ। यह दिन के दौरान 1,471 अंक तक फिसल गया था। वैश्विक बाजारों में कमजोरी, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और नए टैरिफ से जुड़ी चिंताओं के चलते बाजार में तेज गिरावट देखी गई। इससे निवेशकों के 9 लाख करोड़ रुपए खाक हो गए।

देश के प्रथम गांव माणा के पास भारी बर्फबारी के बीच शुक्रवार सुबह कुबेर पर्वत से भारी हिमस्खलन

**एवलांच :** ये सभी मजदूर रास्ते से बर्फ हटाने का कर रहे थे काम, काम के बाद सो रहे थे कंटेनर में कंटेनर के ऊपर करीब 8 फीट बर्फ गिरी

# बद्रीनाथ हाईवे पर 'हिम-स्खलन', 41 मजदूर अभी बर्फ में दबे, 16 को बचाया

*जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मौसम सामान्य होने पर फिर से रेस्क्यू चलाया जाएगा। निकाले गए 16 लोगों को आईटीबीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है*



भारी बर्फबारी के कारण आईटीबीपी ने रोका रेस्क्यू अभियान एयरफोर्स से मांगी गई मदद

- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने एनडीआरएफ व आईटीबीपी के डीजी से बात की, वे लगातार रख रहे निगरानी
- सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) कैंप को भारी नुकसान पहुंचा



### हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकताः शाह

*गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय प्रशासन बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से लगा हुआ है। हम हर जान बचाने में लगे।*

एजेंसी ⏭ चमोली/नई दिल्ली

उत्तराखंड चमोली बद्रीनाथ हाईवे पर काम कर रहे करीब 57 मजदूर एवलांच की वजह से दब गए। ये सभी बर्फ हटाने का काम कर रहे थे। 16 मजदूरों को अब तक निकाला गया है। 41 मजदूर अभी बर्फ में दबे हुए हैं। हालांकि, रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आ रही हैं। भारी बर्फबारी और मामूली हिमस्खलन के बावजूद भारतीय सेना की आईबीईएक्स ब्रिगेड ने तेजी से बचाव अभियान शुरू कर दिया था।

### लोगों को आई रैणी आपदा की याद

चमोली में हिमस्खलन की घटना ने साल 2021 में चमोली के रैणी में ग्लेशियर टूटने से आई आपदा की याद दिला दी। तब ग्लेशियर टूटने से ऋषिगंगा में बाढ़ के कारण 206 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, कई अब भी लापता हैं।

### धामी सरकार ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार जनपद चमोली के माणा के निकट हुई हिमस्खलन की घटना के दृष्टिगत शासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। उत्तराखंड शासन द्वारा जो हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, उनमें मोबाइल नंबर- 8218867005,9058441404, दूरभाष नंबर- 0135 2664315 और टोल फ्री नंबर- 1070 है।

### बीआरओ कैंप को भारी नुकसान

चमोली एवलांच के बाद हो रहे बचाव अभियान पर आईटीबीपी कमांडेंट पीयूष पुष्कर ने बताया कि 89-90 कर्मियों वाली आईटीबीपी की 23 बटालियन माणा में तैनात है। इस क्षेत्र में भारी हिमस्खलन हुआ है, जिससे वहां सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) कैंप को भारी नुकसान पहुंचा है।

**इंदौर निगम के निलंबित अधिकारी के घर-ऑफिस में ईओडब्ल्यू का छापा**

## एक बंगला, 4 फ्लैट और 2 प्लॉट के दस्तावेज सहित करोड़ों की संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

शहर के निगम अधिकारी राजेश परमार के घर और ऑफिस पर शुक्रवार सुबह ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) ने छापा मारा है। अब तक एक बंगला, 4 फ्लैट और 2 प्लॉट के दस्तावेज मिले टीम को मिले हैं। इंदौर के बिजलपुर की आवास कॉलोनी में निगम राजस्व अधिकारी राजेश परमार के घर पर टीम सर्चिंग कर रही है।

पहले ये अधिकारी बेलदार था



### रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने के एवज बाबू ने मांगे 50 हजार, 20 हजार लेते पकड़ाया

**हरदा।** यहां क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में शुक्रवार को ईओडब्ल्यू ने एक बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। भोपाल ईओडब्ल्यू की 15 सदस्यीय टीम ने कार्यालय में पदस्थ बाबू सज्जन सिंह घसोरिया को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

### सागरः एसडीएम का रीडर 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप

**भोपाल।** एसडीएम कार्यालय मालथौन के सहायक रीडर वेद नारायण यादव को आवेदक महेंद्र कुमार पिता बालकृष्ण श्रीवास्तव से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ इकाई-सागर में शिकायतकर्ता ने आवेदन दिया था कि लंबित नामांतरण और अवैध कब्जा हटाने संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए पचास हजार की रिश्वत की मांग की जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने मप्र हाई कोर्ट का फैसला पलटा

## मप्र हाई कोर्ट ने दो महिला जजों को किया था बर्खास्त, 15 दिन के भीतर बहाली के आदेश

शीर्ष कोर्ट ने कहा महिला न्यायिक अधिकारियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत, इस तरह से किसी को बर्खास्त कर देना अवैध और दंडात्मक



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दो महिला जजों की बहाली का आदेश दिया। जिन्हें मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और सरकार की प्रतिकूल रिपोर्ट के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन कोटीश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि असेसमेंट पीरियड के दौरान एक जज की शादी हुई थी। इसके अलावा उन्हें कोविड हुआ फिर गर्भपात भी झेलना पड़ा। उनके भाई को कैंसर हो गया।

**ईपीएफओ का बड़ा फैसला**

## प्रॉविडेंट फंड पर अब मिलेगा 8.25% ब्याज





फैसला 28 फरवरी को सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में लिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगर आप नौकरी करते हैं और आपका पीएफ कटता है, तो यह खबर आपके लिए बेहद अहम है। ईपीएफओ (एंप्लायी प्रॉविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन) ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए पीएफ पर 8.25% ब्याज दर तय कर दी है। यह फैसला 28 फरवरी को सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में लिया गया। इससे पहले, फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में पीएफ की ब्याज दर 8.25% थी, जबकि 2022-23 में 8.15%।

**पत्नी से तंग टीसीएस के मैनेजर दी जान**

## मौत से पहले कहा- प्लीज मर्दों की सोचो, बेचारे बहुत अकेले हैं



एजेंसी ⏭ आगरा

पत्नी के उत्पीड़न से परेशान युवक ने मरने से पहले 6.57 मिनट का वीडियो बनाया। वीडियो में युवक के गले में फंदा लगा हुआ है, साथ ही आंखों में आंसू थे।

**वीडियो बनाकर कहा- द लॉ नीड टू प्रोटेक्ट मैन**

वीडियो की शुरुआत में युवक ने, द लॉ नीड टू प्रोटेक्ट मैन का जिक्र किया। सिस्टम से अपील करते हुए कहा प्लीज मर्दों के बारे में कोई तो बात करे, बेचारे बहुत अकेले हैं। वीडियो 24 फरवरी का है। सदर बाजार क्षेत्र डिफेंस कॉलोनी निवासी मानव शर्मा ने सोमवार सुबह घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या की।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान भवन में कहा**

राज्य सरकार विज्ञान का अधिक से अधिक उपयोग कर आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत

## ब्रह्मांड में कई रहस्य बिखरे, उन्हें खोजना और समस्याओं का हल करना ही विज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ब्रह्मांड में कई रहस्य बिखरे हुए हैं, उन्हें खोजना और समस्याओं का हल करना ही विज्ञान है। महान भारतीय वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट (सीवी) रमन ने 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज की थी। इसीलिए इसदिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने भारतीय ज्ञान परंपरा और भारत में विकसित खगोल शास्त्र के विभिन्न सिद्धांतों पर विद्यार्थियों से संवाद किया।

*मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद तथा वीआईटी भोपाल के बीच अकादमिक और वैज्ञानिक क्षेत्र में सहयोग के लिए हुआ एमओयू*

### सहायक उपकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का विज्ञान भवन में शुभारंभ किया। उन्होंने सेंटर में प्रस्तुत मॉडल तथा विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न सिद्धांत, सरलता से समझाने में सहायक उपकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### भारत में जिज्ञासा और विज्ञान के विकास की प्राचीन परंपरा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में जिज्ञासा और विज्ञान के आधार पर व्यवस्थाओं के विकास की प्राचीन परंपरा रही है। पश्चिम में दूरबीन के आविष्कार के पहले से भारत में नवग्रह की पूजा की जाती रही है। भारत ने विश्व में सबसे पहले खगोल विज्ञान के अनेक सिद्धांतों को प्रतिपादित किया। भगवान श्रीकृष्ण ने 'यत पिंडे-तत्ब्रह्मांडे' के माध्यम से सृष्टि और मानव शरीर की एकरूपता का संदेश दिया। इसी प्रकार चरैवेति-चरैवेति में समय की निरंतरता का बोध होता है। गुरुत्वाकर्षण का नियम भी प्राचीन भारतीय शास्त्रों में निहित है।*





# मैं तंग आ चुका हूं, सारी फाइलें फेंक दूंगा

**जस्टिस ओका ने वकीलों को शांत रहने और बारी-बारी से दलीलें देने को कहा लेकिन वे नहीं माने**

**सुनवाई के बीच वकील पर भड़के मीलॉर्ड**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस अभय एस ओका शुक्रवार को सुनवाई के बीच तब भड़क गए, जब एक साथ कई वकीलों ने बोलना शुरू कर दिया और अपनी-अपनी दलीलें पेश करने लगे। इससे जस्टिस ओका ने वकीलों को शांत रहने और बारी-बारी से दलीलें देने को कहा, लेकिन वकील इस पर भी बाज नहीं आए। इससे जस्टिस ओका वकीलों पर भड़क गए और बोले, वे ऐसी अनुशासनहीनता देख-देख कर तंग आ गए हैं। जस्टिस ओका ने कहा कि हम हर रोज इस तरह की अनुशासनहीनता देखते हैं।

जब हम वकीलों से पूछते हैं कि वे किसके लिए पेश हो रहे हैं, तो उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिलता। इसके बाद मौखिक रूप से टिप्पणी की कि यही जारी रहा तो मैं सारी फाइलें फेंक दूंगा। उन्होंने कहा कि कोर्टरूम में एक नियम लागू किया जाना चाहिए कि अगर वकील एक ही समय में बहस करते रहेंगे, तो हम उनकी फाइलें फेंक देंगे।

### सिब्बल ने इसे स्वीकार किया

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि इस हंगामे में कई दखलंदाज लोग शामिल हैं, जो इस मामले को अदालत से बाहर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल सच है। यह मामले को खत्म करवाने की उनकी रणनीति का हिस्सा है। जिनके मामले सूचीबद्ध हैं, वे अदालत में अपनी दलील देने में सक्षम नहीं हैं और जो लोग मामले से जुड़े नहीं है वे दखलंदाजी दे रहे हैं। जस्टिस ओका ने यह भी कहा कि ऐसी अनुशासनहीनता हम केवल सुप्रीम कोर्ट में ही देखते हैं। मैं बॉम्बे हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट में भी रह चुका हूं लेकिन वहां इस तरह की अनुशासनहीनता कभी नहीं देखी।जस्टिस ओका ने कहा, अगर ऐसा ही चलता रहा तो हमें भी ऐसे मामलों से निपटना आता है। अगर वकील हमारी कोर्ट में हल्ला करेंगे तो हम उनकी फाइल फेक देंगे।

## याचिका खारिज, बताएं 200 मौतों के दावे का क्या सबूत?

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर लगी याचिका खारिज कर दी है। याचिका में याचिकाकर्ता आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने दलील दी थी कि रेलवे प्रशासन मौतों की वास्तविक संख्या को छिपा रहा है, जो 18 बताई गई थी। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भगदड़ के दौरान करीब 200 मौतें हुई थीं। कोर्ट ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता यह दावा कर रहा है कि राज्य सरकार इस मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर रही है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि 200 मौतों के कथित दावे का क्या सबूत है? याचिकाकर्ताओं के वकील की संक्षिप्त सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रभावित लोगों को कोर्ट में आना चाहिए।



### हाईकोर्ट ने जांच का दिया था आदेश

वकील ने कहा कि यह याचिका राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम और भीड़ प्रबंधन के लिए प्रासंगिक नियमों के उचित कार्यान्वयन के लिए दायर की गई थी। याचिका में मामले से जुड़े सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता शिकायत के साथ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। इससे पहले 19 फरवरी को दिल्ली उच्च न्यायालय ने रेलवे से अधिकतम यात्रियों की संख्या तय करने और प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री की जांच करने को कहा था।

---

दिल्ली विधानसभा में शराब के बाद स्वास्थ्य संबंधी कैग रिपोर्ट पेश

# स्टाफ की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता कुप्रबंधन दिखा, राशि में भी 'गोलमाल'

**कई अव्यवस्थाएं आईं सामने**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को भाजपा की सरकार ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की, जिसमें कई तरह की खामियों को उजागर किया है। दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे पर आई सीएजी की रिपोर्ट में आप सरकार के दौरान फंड के कम इस्तेमाल और कोरोना महामारी के कुप्रबंधन को उजागर किया गया है।

इससे पहले शराब को लेकर आई सीएजी रिपोर्ट पर भी अरविंद केजरीवाल को घेरा जा रहा है अब भाजपा को आक्रमकता का एक और मौका मिल गया है। 255 पन्नों की इस रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं में कई गंभीर खामियां हैं, जिनमें स्टाफ की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता, अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाएं और वित्तीय कुप्रबंधन शामिल हैं। मोहल्ला क्लीनिक में भी कई तरह की अव्यवस्था का ब्योरा दिया गया है। आप सरकार को कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार ने 787.91 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए, जिसमें से 582.84 करोड़ रुपए ही खर्च किए गए।

**255 पन्नों की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवाओं में कई गंभीर खामियां**



### अस्पतालों में दवाओं और उपकरणों की कमी

रिपोर्ट में कहा गया है कि अलग-अलग संस्थानों में स्टाफ की कमी है। मरीजों की देखभाल में कई कमियां हैं, जैसे कि अस्पतालों में दवाओं और उपकरणों की कमी है। दवाओं के वितरण में देरी होती है। जांच और सर्जरी के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। राज्य और केंद्र सरकार के फंड से चल रहे हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स में देरी हुई।

### मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट तक नहीं

रिपोर्ट में कहा गया है कि 21 आम आदमी मोहल्ला क्लीनक में टॉयलेट नहीं है। 15 में पावर बैकअप नहीं, 6 में जांच के लिए कोई टेबल नहीं और 12 दिव्यांगजनों के लिए उचित नहीं हैं। इसी तरह की स्थिति आयुष डिस्पेंशरी में है। जिन 49 की जांच की गई उसमें से 17 में पावर बैकअप नहीं थी। 7 में कोई टॉयलेट और 14 में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी।

गृहमंत्री शाह के साथ दिल्ली में सुरक्षा की समीक्षा


## हर महीने कार्यों की प्रगति पर होगी बैठक, दिल्ली को पूरी सुरक्षा देंगे



दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद केंद्र के साथ हुई पहली बैठक में राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता मौजूद रहीं। बैठक में फैसला लिया गया कि अब हर महीने कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की जाएगी। पिछली आप सरकार और केंद्र के बीच समन्वय की कमी देखी जा रही थी। ऐसे में दिल्ली की गुप्ता ने कहा कि अब दिल्ली सरकार केंद्र से समन्वय बनाकर काम करेगी, जिसका सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। गुप्ता ने कहा कि दिल्लीवालों को 100 प्रतिशत सुरक्षा दी जाएगी। गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार का रवैया केंद्र के साथ सहयोग नहीं करने का था। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में ट्रैफिक की भीड़भाड़, जलभराव सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला सुरक्षा पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई।

सोनोवाल ने 'मैत्री लोगो' को लॉन्च किया

# वन नेशन-वन पोर्ट से बंदरगाह की दक्षता और कुशलता बढ़ेगी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कारोबार को आसान बनाने और दक्षता बढ़ाने के लिए 'वन नेशन-वन पोर्ट' का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि भारत पोर्ट्स ग्लोबल कंसोर्टियम भारत की समुद्री पहुंच का विस्तार करेगा, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा। सोनोवाल ने मैत्री लोगो को लॉन्च किया।

इसका उद्देश्य एआई और ब्लॉकचेन के माध्यम से डिजिटल एकीकरण के साथ वैश्विक व्यापार को बदलना है, ताकि निर्बाध 'वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर' बनाया जा सके। इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा कि इस प्रक्रिया और सागर अंकन-एलपीपीआई सूचकांक के शुभारंभ के साथ भारत मानकीकृत, कुशल और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बंदरगाहों की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है।

### विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बंदरगाहों का निर्माण हो रहा

*सोनोवाल ने कहा कि मुझे अपने मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहलों का शुभारभ करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इस प्रक्रिया और सागर आंकलन एलपीपीआई इंडेक्स के शुभारंभ के साथ, भारत मानकीकृत, कुशल और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बंदरगाहों की ओर एक निर्णायक कदम उठा रहा है। बंदरगाह के प्रदर्शन को बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने से, हम अकुशलता को कम कर रहे हैं, कार्बन उत्सर्जन में कटौती कर रहे हैं और वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। आधुनिक, हरित और स्मार्ट बंदरगाह बुनियादी ढांचे के लिए हमारी प्रतिबद्धता न केवल आर्थिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी समुद्री भविष्य भी सुनिश्चित करेगी। यह भारत को एक समुद्री महाशक्ति बनाने, 2047 तक आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत में योगदान देने की दिशा में एक परिवर्तनकारी छलांग है।*




## बर्फबारी-बारिश ने फिर बढ़ाई ठंड

# सड़कों और पहाड़ों पर बर्फ की जमी मोटी परत, जम्मू कश्मीर में सड़कें बंद, जनजीवन प्रभावित, यातायात ठप

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रहे बर्फबारी ने मैदानी इलाके में ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई, जिसके कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में यातायात बाधित हो गया

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/शिमला

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रहे बर्फबारी ने मैदानी इलाके में ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के कई इलाकों में भारी बर्फबारी हुई, जिसके कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई क्षेत्रों में यातायात बाधित हो गया। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई सड़कों को बंद कर दिया गया। श्रीनगर और कुपवाड़ा में बर्फबारी के कारण सड़कों और पहाड़ों पर बर्फ की मोटी परत जमी हुई हैं।

### बर्फबारी से मार्ग बंद




हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में हुई भारी बर्फबारी।

### पूरे क्षेत्र में बिछी बर्फ की सफेद चादर

बर्फबारी की वजह से तापमान में गिरावट आई है। राजोरी, डोडा और भलेसा जिलों में भारी बर्फबारी हुई है। अनंत नाग में भी भारी बर्फबारी देखी गई। भारी बर्फबारी से पूरा क्षेत्र सफेद हो गया। पीर पंजाल पर्वत श्रेणी के ऊंचे क्षेत्रों में लंबे समय के बाद बर्फबारी हुई। श्रीनगर हवाई अड्डे पर भारी बर्फबारी के बाद रनवे से बर्फ हटानी पड़ी।

### श्रीनगर के कई जिलों में बर्फबारी



श्रीनगर में सड़कों और कारों पर जमी बर्फ

मनाली से जोड़ने वाला एनएच-3 भी बंद है



मनाली शहर के ऊपर बादलों से हुई बारिश



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भूस्खलन में धंसी कारें।

### लाहौल और स्पीति में ऑरेंज अलर्ट जारी

*हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति क्षेत्र में भी भारी बर्फबारी हुई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। लाहौल और स्पीति जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। लोगों को केवल सुरक्षित मार्गों पर ही यात्रा करने की सलाह दी है। लाहौल-स्पीति के कार्यकारी उपायुक्त रजनीश शर्मा ने कहा कि बर्फबारी की वजह से सभी सड़कें फिलहाल बंद कर दी गई हैं। जिले को मनाली से जोड़ने वाला एनएच-3 भी बंद है। बर्फबारी जारी है और जैसे ही यह रुकेगी, सड़क साफ करने का काम शुरू हो जाएगा। बर्फबारी रुकने के बाद प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने का काम शुरू हो जाएगा।*



उत्तराखंड के चमोली घाट में शहर पर जमी बर्फ

हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बिजली गुल



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के पूरे इलाके में बर्फबारी

---

## खबर संक्षेप

### कड़े टैरिफ पर ट्रूडो की राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी



**टोरेंटो।** अमेरिका ने कनाडा से आयात पर नए कड़े टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। 4 मार्च से कनाडा पर टैरिफ लगाया जाएगा। कनाडा के निवर्तमान पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिका के इस फैसले को लेकर ट्रंप को चेतावनी दी है। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रहा है कि मंगलवार और उसके बाद के हफ्तों में अमेरिका द्वारा उन पर कोई टैरिफ न लगे। हम इसे रोकने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अगर अमेरिका हम पर अनुचित टैरिफ लगाता है तो हम कड़ी प्रतिक्रिया देंगे, जिसकी उम्मीद कनाडा वासियों को है। ट्रूडो ने कहा कि अमेरिका में फेंटानाइल ड्रग्स के संकट की वजह से कनाडा पर टैरिफ लगाया जा रहा है, जो सरासर गलत आरोप है।

### लातूर में तीन हजार से अधिक बांग्लादेशी



**लातूर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया ने शुक्रवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के लातूर में 3,056 बांग्लादेशियों को फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। लोकसभा के पूर्व सदस्य ने जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। सोमैया ने दावा किया कि फर्जी दस्तावेज जमा करने के बाद महाराष्ट्र में 1.23 लाख से अधिक बांग्लादेशियों ने जन्म प्रमाण पत्र हासिल कर लिए हैं। लातूर में, तहसील कार्यालय में सिर्फ आधार कार्ड जमा करके बांग्लादेश के 3,421 लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 3,056 लोगों को जन्म प्रमाण पत्र मिल गए।

---

## पीएम मोदी ने ईयू प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ की प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता

# व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, हरित विकास पर सहयोग का एक ब्लू प्रिंट तैयार

*पीएम नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने एक व्यापक व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की यह भारत यात्रा अभूतपूर्व है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने एक व्यापक व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की यह भारत यात्रा अभूतपूर्व है।

### खास बातें

- 'आइमेक' ग्लोबल कॉमर्स को बढ़ावा करने वाला इंजन साबित होगा
- साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग



### हमारा सहयोग मित्रता विश्वास का प्रतीक

*पीएम ने कहा कि रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े शेयर बाजार पर हमारा विशाल सहयोग मित्रता विश्वास का प्रतीक है। साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग के लिए हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के महत्व दोनों पक्ष एकमत हैं। 'इंडो पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव' में शामिल यूरोपीय संघ के फैसले का हम स्वागत करते हैं।*

### भारत के साथ साझेदारी हमारे लिए अहम : यूरोपीय संघ



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष लेयेन ने कहा कि उनकी यात्रा इस बात का प्रतीक है कि यूरोपीय संघ भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितना महत्व देता है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की मेजबानी के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने यह बात कही। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि नरेंद्र मोदी, नई दिल्ली में हमारी मेजबानी के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यूरोपीय आयोग की यात्रा इस बात का प्रतीक है कि हम भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितनी अहमियत देते हैं। और मैं हमारी व्यक्तिगत दोस्ती को कितना महत्व देती हूं।

### 'आईमेक' को आगे ले जाएंगे

*पीएम मोदी ने कहा कि हमारी पार्टनरशिप को ऊपर उठाने और गति बढ़ाने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेश, नवाचार, हरित विकास, सुरक्षा, कौशल और गतिशीलता पर सहयोग का एक ब्लू प्रिन्ट तैयार किया गया है।*

### शांति, सुरक्षा, स्थिरता पर एकमत

*उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि के महत्व पर एकमत हैं। हम हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के यूरोपीय संघ के फैसले का स्वागत करते हैं।*

---

## खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद में फिदायीन हमला

# जुमे की नमाज के दौरान बम धमाका, 6 की मौत



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद के बाहर हुए धमाके में पाकिस्तान में 'फादर ऑफ तालिबान' मौलाना समी-उल हक के बेटे मौलाना हमिद उल हक हक्कानी की मौत हो गई है। शुक्रवार की नमाज के दौरान पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के नौशहरा शहर के पास अखोरा खट्टक इलाके में दारुल उलूम हक्कानी मदरसे में हुए एक संदिग्ध आत्मघाती विस्फोट में 6 लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए।

### तालिबान का लॉन्चिंग पैड था मदरसा

आतंकवादी समूह तालिबान के जनक के रूप में जाने जाने वाले पाकिस्तानी मौलवी मौलाना समी-उल-हक की भी चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह रावलपिंडी के गैरीसन शहर में मारा गया था। 82 वर्षीय हक पाकिस्तान और अफगानिस्तान में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति था और उसके विचारों का सीमा के दोनों ओर के तालिबानों के बीच काफी महत्व था। अफगान सीमा के मुख्य मोटरमार्ग से दूर एक धूल भरे पाकिस्तानी शहर में स्थित, उसका दारुल उलूम हक्कानिया विश्वविद्यालय 1990 के दशक में तालिबान के लिए लॉन्चिंग पैड था और अभी भी यहां आतंकी तैयार किए जाते हैं।

### आत्मघाती हमले का शक

*विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी। शुरुआत जांच के अनुसार, ये एक आत्मघाती हमला था। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने बताया अब तक कम से कम 6 लोगों की मौत हो चुकी है।*

---

## काठमांडू जा रहा विमान किया डायवर्ट

# नेपाल के विदेश मंत्री के प्लेन की कोलकता में 'इमरजेंसी लैंडिंग'

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा को लेकर काठमांडू जाने वाले कतर एयरवेज के विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। खराब मौसम के कारण त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने में विफल होने के बाद फ्लाइट को कोलकाता डायवर्ट किया गया।

देउबा जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लेने के बाद नियमित उड़ान से घर लौट रहे थे। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, दोहा से कतर एयरवेज का विमान खराब मौसम की स्थिति के बीच कोलकाता में उतरा।



### नेपाल में 6.1 की तीव्रता का भूकंप

नेपाल में शुक्रवार सुबह 6.1 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके बिहार, सिलीगुड़ी, सिक्किम और दार्जिलिंग तक महसूस किए गए। भूकंप के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र काठमांडू से लगभग 65 किलोमीटर पूर्व में सिंधुपालचौक जिले के भैरवकुंडा में था।

## सुरक्षा परिषद के कामकाज में हो अधिक पारदर्शिता: भारत

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधारों का आह्वान किया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतानेनी हरीश ने परिषद के सहायक निकायों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर दिया। हरीश ने कहा कि आतंकवादी संस्थाओं को काली सूची में डालने के अनुरोध को अस्वीकार करने या रोकने के बारे में विवरण सार्वजनिक नहीं किया जाता है और यह केवल कुछ चुनिंदा लोगों का विशेषाधिकार है।



उन्होंने कहा कि इसके कार्य करने के तरीके तुरंत बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह सदस्य देशों के लिए कार्रवाई करने का समय है। आगे बढ़ने और परिणाम दिखाने का समय है। सबसे पहले, परिषद को संयुक्त राष्ट्र की व्यापक सदस्यता के साथ जुड़ने की जरूरत है।

## समुद्री तट रक्षक बल ने बचाई जान



**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में अलीबाग के तट पर मछली पकड़ने वाली एक नौका में अचानक आग लग गई। भारतीय समुद्र तट रक्षक बल 'सावित्री बाई फुले' ने मौके पर पहुंचकर नाव में सवार 18 लोगों की जान बचाई और नाव पर पानी छिड़कर उसे जलने से बचाया।

---

## 'नेशनल वाटरवे रेगुलेशन' निजी संस्थाओं के लिए अवसरों के नए दरवाजे खोलेगा

# अंतरदेशीय जलमार्गों और टर्मिनलों का होगा विकास, बढ़ेगा इंफ्रास्ट्रक्चर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल वाटरवे (जेट्टी/टर्मिनलों का निर्माण) रेगुलेशन, 2025, को टर्मिनलों की स्थापना में निजी क्षेत्र के निवेश को लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और भारत के विशाल जलमार्ग नेटवर्क के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। विनियमनों के लागू होने से, निजी संस्थाएं अंतरदेशीय जलमार्ग टर्मिनलों के विकास और विस्तार में अधिक भूमिका निभाएंगी, जिससे इस क्षेत्र के विकास में योगदान मिलेगा। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा तैयार यह इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ाने और व्यापार में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

- भारत के जलमार्ग को दिया जाएगा बढ़ावा

राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही बढ़कर 133 मिलियन टन हुई



### जलमार्ग आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन होंगे

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के मार्गदर्शन में, आईडब्ल्यूएआई ने आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में जलमार्गों को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले दशक में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही में वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 18 मिलियन टन से बढ़कर 133 मिलियन टन हो गई है। हाल ही में शुरू की गई जलवाहक योजना से निजी क्षेत्र की भागीदारी को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय जलमार्गों पर मौजूदा 4,700 मिलियन टन किलोमीटर से लगभग 17 प्रतिशत तक कार्गो परिवहन को प्रोत्साहित करना है।

### 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' प्राप्त करना होगा

निजी ससंस्थाओं को जेटी और टर्मिनल विकसित करने और संचालित करने में सक्षम बनाकर, ये नियम निवेश, व्यापार और आर्थिक विकास के नए अवसर खोलते हैं, साथ ही लॉजिस्टिकल दक्षता में भी सुधार करते हैं। नए नियमों के तहत, 'निजी क्षेत्र सहित कोई भी संस्था, जो राष्ट्रीय जलमार्ग पर अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल विकसित या संचालित करना चाहती है, उसे आईडब्ल्यूएआई से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) प्राप्त करना होगा। मौजूदा और नए टर्मिनल, चाहे वे स्थायी हों या अस्थायी, इन विनियमों के अंतर्गत आते हैं। मंत्रालय ने कहा कि स्थायी टर्मिनलों को ऑपरेटर द्वारा आजीवन बनाए रखा जा सकता है, जबकि अस्थायी टर्मिनलों की अवधि आरंभिक पांच वर्ष होगी, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है।

---

## वायुसेना चीफ एपी सिंह बोले

# देश को हर साल 35-40 फाइटर जेट की जरूरत, अब पीछे मुड़कर नहीं देख सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि भारत को हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों का उत्पादन करना होगा ताकि पुराने विमानों को बदला जा सके। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) अगले साल से हर साल 24 तेजस एमके1ए विमानों का उत्पादन करेगा और सुखोई निर्माण व निजी क्षेत्र की भागीदारी से यह लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बेहद जरूरी बताया। यह बयान चाणक्य डायलॉग्स सम्मेलन में भारत 2047 युद्ध में आत्मनिर्भरता विषय पर चर्चा के दौरान आया। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को प्राथमिकता देगी, भले ही उनकी क्षमता अंतरराष्ट्रीय विकल्पों से कुछ कम हो।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई स्वदेशी सिस्टम मुझे 85-90% क्षमता भी देता है, तो हम उसे अपनाएंगे। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि दीर्घकालिक युद्ध की स्थिति में भारत को अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता बनाए रखनी होगी।

चिंतन

# शेयर बाजार में हाहाकार शुभ आर्थिक संकेत नहीं

भारतीय अर्थव्यवस्था भारी उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लगातार दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार सुस्त है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है, विदेश मुद्रा भंडार पर भारी दबाव है, डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। राजकोषीय व वित्तीय घाटा में इजाफा हो रहा है, सार्वजनिक व्यय सिकुड़ रहा है। निजी निवेश भी नहीं बढ़ रहा है, महंगाई चरम पर है और अब भारतीय शेयर बाजार क्रैश कर रहा है। स्टॉक मार्केट के लिए आज ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ है। फरवरी माह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1414 अंक लुढ़का है और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420 अंक टूटा है। इस भारी गिरावट से बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को हासिल 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ व चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने के ऐलान के बाद से व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका में दुनिया भर के बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है। इस दबाव में भारतीय घरेलू स्टॉक मार्केट भी है। विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय बाजार में भारी बिकवाली कर रहे हैं, वे यहां से पैसा निकाल कर चीन का रुख कर रहे हैं। कनाडा और मेक्सिको से अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने, चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाने की अमेरिकी घोषणा और यूरोपीय संघ से आयात पर भी शुल्क लगाए जाने की आशंका ने बाजार की घबराहट को बढ़ा दिया है। हालांकि अमेरिकी, जर्मन व चीनी स्टॉक मार्केट मजबूत हो रहे हैं। अकेले फरवरी महीने में ही निफ्टी 1,383.7 अंक यानी 5.88 प्रतिशत गिर गया जबकि इस महीने सेंसेक्स ने 4,302.47 अंक यानी 5.55 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह निफ्टी में लगातार मासिक गिरावट का करीब तीन दशकों का सबसे लंबा दौर है। अक्टूबर 2024 से, निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है। 1996 के बाद यह पहली बार है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट दर्ज की गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26 फीसदी गिरा था। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजारों में गिरावट का दौर है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 474 लाख करोड़ रुपये था जो 28 फरवरी को घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया। महज, 5 महीनों में निवेशकों की संपत्ति 90 लाख करोड़ रुपये घट गई है। विदेशी निवेशकों ने केवल पांच महीनों (अक्टूबर 2024-फरवरी 2025) में, भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। सितंबर और दिसंबर तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के कारण निवेशकों ने ये बिकवाली की है। निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं। नए सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय के सामने स्टॉक मार्केट में स्थिरता लाने की चुनौती होगी। भारतीय बाजार में गिरावट का सबसे अधिक असर पिगी इन्वेस्टर (खुदरा आम निवेशक) पर पड़ता है, इसलिए अर्थव्यवस्था के संकेतकों को स्थिर रखना आवश्यक है।

दो टूक

मुनीष भाटिया



# भारत के 'तेल व्यापार' पर अमेरिकी आपत्ति अस्वीकार्य

भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और अपनी आर्थिक एवं व्यापारिक नीतियों को तय करने का पूर्ण अधिकार रखता है। भारत, वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से उभरती हुई शक्ति बन चुका है और ऐसे में किसी अन्य देश द्वारा उसकी नीतियों में हस्तक्षेप करना उसकी सम्प्रभुता का उल्लंघन ही माना जाएगा। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत की कंपनियों के ईरान से अप्रत्यक्ष रूप से तेल खरीदने पर आपत्ति जताना और प्रतिबंध लगाने की धमकी देना उसी दादागिरी का हिस्सा है, जो वह पहले भी रूस से तेल खरीदने के मामले में दिखा चुका है। अमेरिका अक्सर अपनी ताकत का इस्तेमाल करके दूसरे देशों पर अपनी नीतियां थोपने की कोशिश करता है। अमेरिका को समझना होगा कि भारत न तो किसी दबाव में आएगा और न ही अपनी संप्रभुता से समझौता करेगा। अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंध या सहायता पर रोक जैसे कदम केवल उसकी असल मानसिकता को ही दर्शाते हैं, जिससे उसकी वैश्विक छवि को नुकसान होगा। आज की स्थिति में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत केवल एक उभरता बाजार ही नहीं बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अहम हिस्सा भी बन गया है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3.73 ट्रिलियन डॉलर है। अनुमान है कि 2027 तक यह 4.5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 2023 में 191 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका को भारतीय बाजार की ज्यादा जरूरत है। अमेरिका यदि भारत पर किसी भी प्रकार की व्यापारिक पाबंदी लगाता है, तो इससे उसे भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि भारत में एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और टेस्ला जैसी अमेरिकी कंपनियां अपना विस्तार कर रही हैं। भारत अपनी कुल तेल जरूरत का 85% आयात करता है। 2023 में भारत ने 1.64 मिलियन बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात रूस से किया, जिससे रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। 2018 तक भारत ईरान से 480,000 बैरल प्रतिदिन तेल आयात कर रहा था, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण इसमें गिरावट आई। अब भारत फिर से ईरान से तेल खरीदने के विकल्प तलाश रहा है। अमेरिका ने पहले भी रूस से भारत के तेल खरीदने पर दबाव बनाया था, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत अपने नागरिकों के हित में निर्णय लेता है, न कि किसी बाहरी दबाव में। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने रूस से व्यापार जारी रखा क्योंकि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। अमेरिका का तर्क है कि ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों का पालन सभी देशों को करना चाहिए, लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखता है। तेल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यदि ईरान से सस्ता तेल मिलता है, तो भारत को किसी अन्य देश के प्रतिबंधों की परवाह नहीं करनी चाहिए। अमेरिका ने हाल ही में अमेरिकी सहायता पर भी रोक लगाई और भारत पर इसके दुरुपयोग का आरोप लगाया। भारत आत्मनिर्भरता की नीति के तहत आगे बढ़ रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुका है। जी20 शिखर सम्मेलन में भारत ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और यह दिखाया कि वह वैश्विक मुद्दों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। अमेरिका की भारत में रणनीतिक रुचि का एक महत्वपूर्ण कारण चीन की बढ़ती ताकत है। चीन लगातार अपने सैन्य और आर्थिक प्रभाव का विस्तार कर रहा है, जिससे अमेरिका और उसके सहयोगी देश चिंतित हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को संतुलित करने में उसकी सहायता करे। इसी कारण अमेरिका भारत को विभिन्न रक्षा और तकनीकी सहयोग कार्यक्रमों में शामिल करना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच क्वाड समूह का गठन भी इसी रणनीति का हिस्सा है। यह समूह चीन के आक्रामक रवैये के खिलाफ एक संतुलन बनाने का प्रयास करता है। अमेरिका को यह समझना होगा कि यदि वह भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाए रखना चाहता है, तो उसे पारस्परिक सम्मान और सहयोग की नीति अपनानी होगी। दोनों लोकतांत्रिक देश हैं और दोनों के आपसी संबंधों में मजबूती बनी रहनी चाहिए, लेकिन यह तभी संभव है जब अमेरिका भारत की संप्रभुता का सम्मान करे। वरना, भारत जैसी तेजी से उभरती हुई शक्ति के सामने उसकी नीतियां अधिक समय तक नहीं टिक पाएंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# दिल्ली सरकार वादों पर संकल्पबद्ध

**पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का ख़ज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत हैं, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली ख़ज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने कामकाज शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टीम अपनी टीस को पीछे रख दिल्ली को संवारने के प्रयास में जुट गई है। 27 वर्ष बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से, सरकार गठन तक 8 फरवरी से 20 फरवरी के बीच भाजपा के अंदर अनेक उतार-चढ़ाव देखे गए। अनेक भाजपा नेताओं की उम्मीदों पर तुषारापात हुआ, अनेक के सपने चकनाचूर हुए।

अनेक चेहरों पर हैरानगी व रोष नज़र आया। दिग्गज दावेदार बाट जोहते रहे, नेपथ्य से ऐसा तीर निकला कि सभी भौचक्के रह गए। खैर भाजपा का यह 'रेखा प्रयोग' सफल होता है या आत्मघाती साबित होता है, यह वक्त ही बताएगा, लेकिन दिल्ली के चुने हुए भाजपा विधायकों को सीएम चुनने के लिए 'पार्टी के ऊपर से पर्ची सिस्टम' को बदलने की दिशा में आत्ममंथन करना चाहिए। संवैधानिक रूप से विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार केवल और केवल विधायकों का ही होना चाहिए। जिस लोकतंत्र से विधायक बनते हैं, उसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से ही विधायक ही अपना नेता चुनें, तो अधिक योग्य नेता का चुनाव हो सकेगा। राष्ट्रीय पार्टी को भी पर्ची सिस्टम से बचना चाहिए। खैर, भाजपा के 'आलाकमान आकाओं' ने रेखा गुप्ता के हाथ में दिल्ली की कमान सौंप दी है। अब पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का खज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत हैं, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली ख़ज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।

रोहिणी में अपने चुनावी भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमने अपनी बहनों को 2,500 रुपये प्रति माह देने का संकल्प लिया है। यह गारंटी पूरी होगी क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। वित्त प्रबंधन करने से लेकर, मुख्य चुनावी वादों को पूरा करने व यमुना की सफाई करने तक, भाजपा सरकार के सामने, प्रशासनिक कामकाज शुरू करने के लिए बहुत कार्य हैं। पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जारी रखने का वादा भाजपा की ओर से किया गया था। चुनावी प्रचार के दौरान पीएम मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। पिछली आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना भाजपा सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली, मुफ़्त पानी का कनेक्शन व महिलाओं के लिए मुफ़्त बस यात्रा शामिल हैं। शहर के प्रदूषण व बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना होगा व यमुना की सफ़ाई करनी होगी। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी



की वित्तीय सेहत पर नज़र रखते हुए ये सारे कार्य पूरे करने हैं। विपक्ष के तौर पर आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार पर दबाव बनाए रखेगी। भाजपा को दिल्ली में अपने संकल्प पत्र के प्रमुख कार्यक्रमों को भी लागू करना होगा। भाजपा ने दिल्ली में 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना' शुरू करने का वादा लागू करने का निर्णय ले लिया है। इस योजना में प्रति लाभार्थी को 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज उपलब्ध है व साथ ही राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 5 लाख रुपये का खर्च वहन किया जाएगा। 'आप' सरकार ने पहले इसे लागू करने से इनकार कर दिया था, यह दावा करते हुए कि दिल्ली की मौजूदा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बेहतर व अधिक समावेशी है। भाजपा ने दिल्ली के 'मोहल्ला क्लीनिकों' में सुधार करने की आश्वासन दिया है।

राजौरी गार्डन से भाजपा विधायक व मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि क्लीनिकों को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में पुनः ब्रांडेड किया जाएगा व बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएंगी। भाजपा ने 'आप' पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है कि वह वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए जान-बूझकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने से बचती रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि सभी लंबित सीएजी रिपोर्ट को पेश किया जाएगा व सभी भ्रष्टाचार के आरोपों की गहन जांच की जाएगी।

दिल्ली विधानसभा में कैग रिपोर्ट को पेश कर दिया गया है, जिसमें अस्पताल व शराब घोटाले को लेकर बात की गई है। आप के खिलाफ भ्रष्टाचार के दो मुख्य आरोप 'शीश महल' विवाद व 'शराब नीति' मामले में थे। जब भाजपा ने एक दशक लंबे शासन में नदी की सफाई में विफल रहने के लिए 'आप' को घेरा, तो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार 'ज़हरीली अमोनिया से यमुना नदी को प्रदूषित कर रही है'। इसका कोई साक्ष्य नहीं है। दिल्ली सरकार ने यमुना के 57 किलोमीटर लंबे हिस्से में सफाई अभियान के लिए कचरा हटाने वाली मशीनें व ड्रेजर तैनात करना शुरू कर दिया है।

भाजपा सरकार पर दिल्ली की बिगड़ी सड़कों व सीवेज व्यवस्था को सुधारने का दबाव है। खराब बुनियादी ढांचा मतदाताओं की एक बड़ी चिंता थी व इन मुद्दों को संबोधित करना सरकार की विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण है। दिल्ली आज विश्व का अधिकतम प्रदूषित शहर है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने 'गैस चैम्बर' कहा है। भाजपा सरकार पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अपडेट करने सहित एक प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति को लागू करना आवश्यक है। भाजपा के लिए एक और चुनौती दिल्ली में एक स्थिर नेतृत्व बनाए रखना होगा। 1993 से 1998 तक के अपने पिछले कार्यकाल के दौरान, पार्टी के तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री थे- मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा व सुषमा स्वराज। सुषमा स्वराज केवल 52 दिन की मुख्यमंत्री रहीं। क्या इतिहास खुद को दोहरा सकता है व पांच साल में तीन मुख्यमंत्री देखे जा सकते हैं? दिल्ली में भाजपा के अगले पांच साल व्यापक राजनीतिक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण होंगे। दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन 'आप' के भविष्य को आकार देने व देश की राजनीतिक दिशा निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। दिल्ली को ग्लोबल सिटी बनाने का वादा, भाजपा के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। अब सीएम रेखा सरकार के प्रशासनिक निर्णय व उनके कार्यान्वयन पर सभी की नज़र है। दिल्लीवासियों को पिछले पांच सालों में अनेक प्रताड़नाओं से जूझना पड़ा। अब उम्मीद कायम है कि भाजपा संकल्पबद्ध है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद व सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित

दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## यात्रा में नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा




संकलित

प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हो, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

महाकुंभ



महाकुंभ का वो मैदान जहां पांव रखने की जगह नहीं थी आज खाली है।

आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं


भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा।

**- रमेश चौहान**, भाटापारा

करंट अफेयर

## उत्तर कोरिया ने किया क्रूज मिसाइल परीक्षण का दावा

उत्तर कोरिया ने परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए सामरिक रूप से अहम क्रूज मिसाइल के परीक्षण का शुक्रवार को दावा किया। इससे कुछ ही दिन पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका से 'बढ़ते खतरे' का जवाब देने का संकल्प लिया था। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को देश के पश्चिमी तट पर मिसाइल परीक्षणों की निगरानी की। यह उत्तर कोरिया का इस साल चौथा और अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दूसरा मिसाइल प्रक्षेपण कार्यक्रम है। केसीएनए ने कहा कि इन प्रक्षेपणों का उद्देश्य 'हमारी सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन करने वाले और टकराव के माहौल को बढ़ावा देने वाले शत्रुओं को उत्तर कोरियाई सेना की जवाबी हमले की क्षमता और उसके परमाणु संचालन की तत्परता के बारे में सूचित करना है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने परीक्षण के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सेना को युद्ध तथा अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।



ऑफ बीट

## भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की होगी कमी

आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।




ट्रेंड

### बचाव प्रयास जारी



जोशीमठ (उत्तराखंड) के माणा क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ है, जिसका असर बीआरओ के जीआरईएफ कैंप पर पड़ा है। स्थानीय प्रशासन व सेना इकाइयों द्वारा बचाव प्रयास जारी हैं। उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके फंसे हुए कर्मियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### दिल्ली के हित सर्वोपरि



आप-दा ने 10 वर्षों में दिल्ली के छोटे-छोटे मुद्दों के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब डबल इंजन सरकार दिल्ली के हित को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य करेगी और एक समृद्ध एवं विकसित दिल्ली के मार्ग को प्रशस्त करेगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### ऋण वृद्धि पुनर्जीवित



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस ऋणों पर बैंक ऋण पर जोखिम भार कम करके ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति

### परम चैतन्य



जिस चेतना की उपस्थिति में हम अपने अतीत की ग्लानि और भविष्य की चिंता से मुक्त होते हुए "आनंद से पूर्ण" हो जाएं तब समझिए हम "परम चैतन्य" के कृपाक्षेत्र में हैं। प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करके मुझे यही अनुभूत हुआ।

-आशुतोष राणा, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना

# बारहवीं के अंग्रेजी विषय के पेपर में 424 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित



**जबलपुर।**

जबलपुर जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा बारहवी की बोर्ड परीक्षा में 28 फरवरी को अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ,कुछ केन्द्रों पर कक्षा दसवी के उर्दू विषय के परीक्षार्थी भी परीक्षा में बैठे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। कक्षा बारहवी के अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र मे शहर के 396 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 028 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 424 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुछ परीक्षा केंद्र पर दसवी का उर्दू विषय का पेपर भी था जिसमे कक्षा दसवी के उर्दू विषय के पेपर में कुल परीक्षार्थी 933 थे जिसमे से आज के पेपर में 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन अप के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के नेतृत्व मे गठित दल के द्वारा शास मॉडल स्कूल, शा सीएम राइज विद्यालय अधारताल,स्प्रिंग डे स्कूल अधारताल,शाउमावि तमरहाई ,शा कन्या स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल के दल के द्वारा सेंट नार्बर्ट स्कूल,गुरुनानक कन्या शाला,अंजुमन इस्लामिया स्कूल,डी एन जैन स्कूल का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी के दल के द्वारा सीएम राइज करोंदी ग्राम स्कूल,सेंट मेरी स्कूल का निरीक्षण किया गया.।

### एसडीएम जबलपुर के दल द्वारा शाउमावि धनपुरी,सीएम राइज स्कूल बरेला स्कूल का निरीक्षण

का निरीक्षण किया गया। एसडीएम गोरखपुर के दल के द्वारा आर.एस बेला सिंह स्कूल गुरुनानक कन्या स्कूल का निरिक्षण किया गया।एसडीएम कुण्डम के द्वारा शा विद्यालय बघराजी एवं शा विद्यालय पडरिया का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन श्री मानवेन्द्र सिंह के द्वारा शा बालक उमावि कटंगी एवं शा कन्या उमावि कटंगी का निरीक्षण किया गया। एसडीएम शहपुरा के द्वारा शाउमावि चरगवां एवं शाउमावि बिजोरी का निरिक्षण किया गया। एसडीएम सिहोरा के दल द्वारा शा हाई स्कूल पौंडा,शा हाई स्कूल दर्शनी,शाउमावि बरगी एवं शाउमावि खलरी का निरिक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के नेतृत्व मे गठित द्वितीय दल के द्वारा सेंट थामस स्कूल,कैंटोनमेंट खालसा स्कूल, स्कूल सदर,जॉन्सन अंग्रेजी माध्यम एवं हितकारिणी स्कूल का निरिक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा BEO के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।



## रानीताल में सिटी फॉरेस्ट विकसित कर वॉटर बॉडी को पुनर्जीवित करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने महापौर जगत बहादुर अन्नू और नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव के साथ रानीताल स्टेडियम के पास स्थित जमीन का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि उक्त स्थल का सर्वप्रथम सीमांकन कर फेंसिंग करायें। प्राथमिक रूप से उन्होंने कहा कि यहां के डंप कचरे को हटाकर सिटी फॉरेस्ट विकसित कर वॉटर बॉडी को पुनर्जीवित करना है। साथ ही इस स्थान पर कुछ अच्छा नया प्रोजेक्ट लाकर रोजगार व व्यापार को बढ़ावा देने वाले कार्य किये जायें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि इस संबंध में शहर के गणमान्य नागरिकों से भी सकारात्मक सुझाव लिये जायें। निरीक्षण के दौरान आधारताल एसडीएम श्री पंकज मिश्रा, तहसीलदार सुश्री जानकी उइके सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का अल्प प्रवास



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार 1 मार्च को अल्प प्रवास पर डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव शनिवार को सुबह 10.45 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट आयेंगे और सुबह 10.50 बजे डुमना एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा बालाघाट प्रस्थान करेंगे। बालाघाट और लांजी में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का दोपहर 3.50 बजे लांजी से हेलीकॉप्टर द्वारा पुनः डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा।

### मंत्री श्री टेटवाल का आगमन आज

**जबलपुर।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम जी टेटवाल का शनिवार 1 मार्च की दोपहर 2.30 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री टेटवाल यहां सर्किट हाउस में स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तथा शाम 5 बजे कार द्वारा जबलपुर से कटनी प्रस्थान करेंगे।

## जे.डी.ए. से बकाया 68 लाख 33 हजार 2 सौ 90 रूपये निगम खजाने में कराया गया जमा - निगमायुक्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव ने बताया कि जबलपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा संपत्तिकर बकाया राशि 68 लाख 33 हजार 2 सौ 90 रुपये का चेक निगम खजाने में जमा किया गया है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि इसके लिए संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय के राजस्व वसूली टीम के सदस्य अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह, राजस्व एवं संभागीय अधिकारी राकेश तिवारी की मेहनत रंग लाई है। टीम के सदस्यों को जबलपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक वैद्य के द्वारा उक्त धनराशि का चेक प्रदान किया गया।

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि टीम के सदस्यों ने एक सप्ताह से बकाया करों की राशि की गणना की और उन्हें अवगत कराया तथा लगातार एक सप्ताह तक उनसे सम्पर्क स्थापित कर आज उक्त धनराशि का चेक निगम खजाने में जमा कराया। इस संबंध में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह एवं राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि जबलपुर विकास प्राधिकरण के दीपक वैद्य के द्वारा धनराशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक नंदकिशोर पटेल, करसंग्रहिता अखिलेश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बाकी के संभागीय अधिकारियों एवं राजस्व अमले को भी सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि वसूली अभियान में तेजी लाएं और डिमांड के अनुसार 100 प्रतिशत बकाया करों की राशि करदाताओं से जमा कराएं।

## आज गढ़ाफाटक में मनाया जाएगा लखन घनघोरिया का जन्मोत्सव

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया का जन्मदिन 01 मार्च को रात्रि 8.30 बजे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज नामदेव के गढ़ाफाटक निवास पर मनाया जाएगा। सभी कांग्रेसजन, स्नेहीजनों के साथ बड़ी महाकाली माता का पूजन अर्चन एवं महाआरती कर माता का आशीर्वाद ग्रहण करेंगे, तत्पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 97 वर्षीय पत्नी मीराबाई नामदेव के निवास पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मनोज नामदेव ने समस्त कांग्रेसजनों से जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## राजस्व विभाग की बैठक में बड़े निर्णय





**जबलपुर।** वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए नगर निगम द्वारा वार्डवार एवं संभागवार राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान घर-घर करदाताओं से राजस्व अमला सम्पर्क कर बकाया करों की राशि जमा करने अनुरोध भी कर रहा है। इस संबध्ं में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और बैठक में राजस्व अमले को वेतन के अलावा बोनस देने के संबंध में बड़े निर्णय लिये गए। महापौर श्री अन्नू ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्णय से अवगत कराते हुए कहा कि जिन संभागीय अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों, और करसंग्रहिताओं द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक की वसूली की जायेगी उन्हें मासिक वेतन के अतिरिक्त बोनस के रूप में उपहार दिये जायेगें और उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉं. सुभाष तिवारी, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह एवं 16 संभागों के राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### संघर्ष समिति ने राज्यपाल को सौंपा मांगपत्र

## पुणे, चेन्नई, अहमदाबाद के लिये वायु सेवा की मांग

**जबलपुर।**

जबलपुर संघर्ष समिति - उड़ान जबलपुर के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगू भाई पटेल से भेंट की तथा उनसे जबलपुर को पुणे से सीधी वायु सेवा से जोड़ने प्रयास करने आग्रह किया। समिति संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि राज्यपाल को जबलपुर की दयनीय वायुसेवा की स्थिति से अवगत कराया गया तथा उन्हें इस विषय पर एक मांग पत्र सौंपा गया। उन्हें बताया गया कि वर्तमान परिदृश्य में जबलपुर से मात्र छह शहरों के लिए वायुसेवाएं संचालित होती हैं जो कि नाकाफी हैं। पूर्व में लगभग बारह वायुसेवाएं जबलपुर को प्राप्त थीं। जबलपुर से उक्त शहरों की फ्लाइट हमेशा ही विमानन कंपनियों के लिए लाभदायक रही हैं। वायुसेवाओं में कमी से उद्योग, व्यापार, चिकित्सा, विधि क्षेत्र के साथ युवाओं को भी नुकसान एवं परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हिमांशु खरे के अनुसार, जबलपुर की वायुसेवाओं का लाभ जबलपुर संभाग के अतिरिक्त शहडोल एवं रीवा संभाग के जिलों के नागरिक भी उठाते आये हैं जिससे की वे भी अब वंचित हैं।

समिति के मनु शरत तिवारी, हिमांशु राय, अरुण पवार ने बताया कि वर्तमान में प्राथमिकता जबलपुर से पुणे सीधी वायुसेवा की है क्योंकि बड़ी संख्या में जबलपुर के छात्र उच्च शिक्षा तथा रोज़गार के लिए पुणे में निवासरत हैं। उन्होंने राज्यपाल महोदय से आग्रह किया कि जबलपुर को पूर्व की भांति पुणे, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता आदि शहरों से पुनः जोड़ने प्रयास करें। पुणे इंदौर वायुसेवा को जबलपुर तक बढ़ाने का सुझाव भी समिति द्वारा दिया गया। राज्यपाल ने इस गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए जबलपुर संघर्ष समिति को आश्वस्त किया कि वे इस ओर हर संभव प्रयास करेंगे तथा संबंधित मंत्रालय से बात करेंगे।

## मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का आगमन आज

### सहकारिता और खेल विभाग की लेंगे संभाग स्तरीय बैठक

**जबलपुर।**

प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग शनिवार 01 मार्च को जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे सहकारिता एवं खेल व युवा कल्याण विभाग की संभाग स्तरीय बैठक लेंगे। बैठक में मंत्री श्री सारंग विभागीय अधिकारियों से विभाग की वर्तमान गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं की समीक्षा करेंगे।



मंत्री श्री सारंग का शनिवार की सुबह 11.30 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री सारंग दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय, जबलपुर में सहकारिता विभाग की संभाग स्तरीय बैठक लेंगे तथा दोपहर 2 बजे तीरंदाजी खेल परिसर, रांझी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संभाग स्तरीय बैठक में शामिल होने के बाद शाम 4 बजे कार द्वारा कटनी प्रस्थान करेंगे।

## विज्ञान दिवस पर पीएसएम में विज्ञान आधारित गेम्स, पत्रिका विमोचन हुआ

**जबलपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में प्राचार्य सहदेव सिंह मेरावी के निर्देशन तथा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव के समन्वयन में विज्ञान पर समर्पित वृहद कार्यक्रम का आयोजन बड़ी संख्या में उपस्थितजनों के मध्य किया गया। इस रोचक व मनोरंजक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विज्ञान महाविद्यालय की प्राध्यापक एवं विज्ञान भारती की संरक्षक डॉ. सुनीता शर्मा रहीं। विशिष्ट अतिथि शास. इंजीनियरिंग महाविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्राध्यापक डॉ. कमल कुशवाहा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान के प्राचार्य सहदेव सिंह मेरावी ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का विस्तारपूर्वक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।दो दिवसीय इस विज्ञान कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विज्ञान आधारित नाटक और रोल प्ले, लाइव साइंस शो डेमोन्स्ट्रेशन, एक दिन में वैज्ञानिक बने तथा विज्ञान आधारित गेम्स और गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। उक्त दिवस के शुभारंभ पर सहदेव सिंह मेरावी के संरक्षण, मार्गदर्शन तथा डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव के प्रधान संपादन में संस्थान द्वारा रचित विज्ञान पत्रिका "विज्ञान सोच से सृजन तक" का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के भौतिक विभाग के प्राध्यापक डॉ. कमल कुशवाहा ने विज्ञान से संबंधित सरल प्रयोगों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर पाइप से बनी झालर में लहर पैदर कर अनुवाद का सिद्धांत, एक अंगुली पर भारी बेल्ट को संभालकर गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत तथा गन द्वारा बॉल को बिना संपर्क के हवा में उड़ाने जैसे प्रयोग कर विज्ञान को जादू तथा आकर्षक रूप में लाकर विज्ञान के प्रति उल्लेखनीय प्रेरणा प्रदान की तथा बल, कोणीय संवेग, तरंग और परावर्तन जैसे भौतिकी के नियम और सिद्धांत को प्रतिदिन से जोड़ते हुए बताया।

कार्यक्रम में सतीश तिवारी, डॉ. आशीष नारायण माथुर, श्रीमती एफ इक्का, शकुंतला वर्मा, डॉ. अरुणा वर्मा, विनीत चौहान, सुनीता जैन, रेणु मोर, अर्चना दुबे, अल्पना खरे, राजकुमारी दुबे, मृदुला शुक्ला, रामनरेश पटेल और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## शनिवार और रविवार को भी करदाताओं के लिए खुले रहेगें नगर निगम के कैश काउंटर : निगमायुक्त



**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानसुर सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहीं की गयी है उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। निगमायुक्त ने बताया कि करदाताओं एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए आज शनिवार और कल रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर और लायसेंस नवीनीकरण कार्यालय खुले रहेगें।उपायुक्त राजस्व ने बताया कि करदाताओं और व्यापारियों को फोन व मैसेज कर शनिवार एवं रविवार अवकाश में भी कैश काउंटर खुले होने की सूचना से अवगत कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक टैक्स जमा कर सकें। उन्होंने बताया कि मैदानी अमले को निर्देश दिये गए हैं कि वे जितने भी करदाताओं और व्यापारियों को जानते हैं, उनसे सम्पर्क कर टैक्स जमा और लायसेंस नवीनीकरण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि बहुत से करदाता और व्यापारी समय के आभाव के कारण कैश काउंटर्स तक नहीं पहुँच पाते और ऐसे में उनकी सहूलियत को ध्यान में रखकर समय-समय पर अवकाश के दिन काउंटर और लायसेंस नवीनीकरण कार्यालय खोला जाता है। इसी कड़ी में आज शनिवार और कल रविवार अवकाश के दिन करदाताओं और व्यापारियों की सहूलियत के लिए कैश काउंटर और लायसेंस नवीनीकरण कार्यालय खोले रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि करदाता आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकेगें। निगमायुक्त प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों, और व्यापारियों से भी अपील की है कि सभी करदाता आज शनिवार और कल रविवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें।

## दहेज प्रताड़ना की एफआईआर के तहत कार्रवाई पर रोक

### -हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश : गृह सचिव, डीजीपी, एसपी सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अंतरिम आदेश के जरिए दहेज प्रताड़ना की एफआइआर अंतर्गत कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसी के साथ राज्य शासन, गृह सचिव, डीजीपी, पुलिस अधीक्षक रायसेन, एसएचओ सुल्तानगंज सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया है।

सागर निवासी अजय कुमार जैन व अन्य की ओर से दलील दी गई कि अजय और रायसेन निवासी शिवानी ने प्रेम विवाह किया था और कोर्ट से सुरक्षा की मांग भी की थी। शादी के कुछ दिन बाद युवती के स्वजनों ने युवक के घर जाकर मारपीट की और लड़की को लेकर चले गए। अजय ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की। युवती ने हाई कोर्ट में



हाजिर होकर कहा कि वह अपने माता-पिता के साथ रहना चाहती है। इसके कुछ दिन बाद युवती ने रायसेन के सुल्तानगंज पुलिस थाने में दहेज प्रताड़ना की एफआइआर दर्ज करा दी। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट के समक्ष याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट द्वारा याचिका निरस्त करने पर अपील प्रस्तुत की गई।

## सतत सेवा देने वाले विद्युत लाईन कार्मिकों के सम्मान में 4 मार्च को मनाया जाएगा लाईनमेन दिवस

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कंपनी क्षेत्रांतर्गत समस्त फ्रंट लाइन टीम (विद्युत लाइन कार्मिक) को सम्मानित किये जाने के लिए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 04 मार्च 2025 को लाईनमैन दिवस मनाएगी।पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी का कहना है कि लाईनमेन दिवस विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति में अपना सतत योगदान देने वाले लाईन कार्मिकों की निस्वार्थ सेवा के प्रति कृतज्ञता और उनके प्रति सम्मान और मान्यता का दिन है।पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का मुख्य आयोजन सभी क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा और जबलपुर स्थित तरंग प्रेक्षागृह में 04 मार्च 2025 को जबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स लाईन कार्मिकों एवं परीक्षण सहायकों का सम्मान किया जाएगा। 'लाईनमेन दिवस' 04 मार्च को लाईन कार्मिकों को कंपनी द्वारा तैयार सुरक्षा शपथ दिलाई जाएगी, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईनमेनों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### नए नियम के चलते ट्रेनों में बढ़ रही वेटिंग, एक सप्ताह बाद नो-रूम की संभावना

# होली को लेकर ट्रेनों में लंबी वेटिंग, अभी करवा लें रिजर्वेशन तो टिकट हो सकता है कनफर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

**होली का समय नजदीक आते ही कई ट्रेनों में बढ़ जाती है वेटिंग लिस्ट**



अगर आप होली पर कहीं जाने की सोच रहे हैं तो आज ही रिजर्वेशन करा लें, नहीं तो आने वाले दिनों में रिजर्वेशन कंफर्म नहीं हो पाएगा। दरअसल होली को लेकर अब 14 दिन बचे हैं तो वहीं अभी से ही नई दिल्ली, मुंबई और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग दिखनी शुरू हो गई है। जैसे-जैसे होली का समय नजदीक आते जा रहा है। वैसे-वैसे वेटिंग बढ़ती जा रही है। कई ट्रेनों में 90 से अधिक वेटिंग लिस्ट पहुंच गई है। एक सप्ताह तक कई प्रमुख ट्रेनों में नो रूम की स्थिति हो जाएगी।

इसलिए लोग भी अपना जाने और आने का रिजर्वेशन कराने में लग गए हैं। सबसे ज्यादा लोग दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में रिजर्वेशन करा रहे हैं। इसके चलते दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में लगातार वेटिंग लिस्ट बढ़ती जा रही है। दरअसल बड़ी संख्या में लोग मथुरा जाएंगे। हालांकि रेलवे अधिकारी द्वारा आने वाले दिनों में कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेन चलाने और ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

### ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने को लेकर किया बदलाव

*रेलवे की ओर से हाल ही में ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने को लेकर नियम में बदलाव किया था। इसके तहत टिकट बुकिंग की समय अवधि तीन माह से घटाकर एक माह कर दी। इस वजह से अब लोग मजबूरी में एक माह में अपनी टिकट बुकिंग करा रहे हैं। इसके चलते रिजर्वेशन कराने वालों की संख्या बढ़ने के साथ ही ट्रेनों में वेटिंग बढ़ रही है। पहले यात्रियों के पास तीन माह का समय होता था। इसके चलते लोग आसानी से रिजर्वेशन करा लेते थे। अब एक माह का समय होने के कारण स्टेशनों में रिजर्वेशन कराने वालों की भीड़ लगी है।*

### आज रामेश्वरम रवाना होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन की स्पेशल ट्रेन

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत शनिवार 1 मार्च को रामेश्वरम जाने वाली ट्रेन दोपहर 3 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन जबलपुर आएगी और दोपहर 3:30 बजे प्रस्थान करेगी। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीर्थ यात्रा के लिए चयनित वरिष्ठजनों को टिकिट प्राप्त करने के लिए उसी शासकीय कार्यालय में संपर्क करना होगा, जहां उन्होंने आवेदन किया था। तीर्थयात्रा के दौरान वरिष्ठजनों को मूल आधार कार्ड साथ रखना भी आवश्यक होगा।

### होली पर्व पर पश्चिम मध्य रेलवे से चलेगी स्पेशल ट्रेनें

*रेल प्रशासन द्वारा होली त्यौहार में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे से 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण करा सकते है।*

#### ये स्पेशल ट्रेनें चलेगी

गाड़ी संख्या 02186/02185 रीवा-रानी कमलपति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप, गाड़ी 02186 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात में 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 02185 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 08 एवं 12 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:30 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा-रानी कमलपति-रीवा स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप, गाड़ी 01704 रीवा से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 16 मार्च 2025 को रीवा से सायं 18:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोर में 04:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01703 रानी कमलापति से रीवा स्पेशल ट्रेन 17 मार्च 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सायं 17:10 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01705/1706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप, गाड़ी 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन भोर 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप, गाड़ी 09817 कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन 08 एवं 15 मार्च 2025 को कोटा से रात 21:05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सायं 18:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 09818 दानापुर से कोटा स्पेशल ट्रेन 09 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से रात 21:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 22:25 बजे कोटा स्टेशन पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01663/01662 रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 02-02 ट्रिप, गाड़ी 01663 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 12 एवं 15 मार्च 2025 को रानी कमलापति से दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी 01662 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 13 एवं 16 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

### एनएसयूआई ने लगाया आरोप, शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# अवैध टेलीग्राम ग्रुप में बिक रहे बारहवीं के पेपर

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। एमपी बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा 12वीं की परीक्षा के प्रश्न पत्र खुलेआम टेलीग्राम पर बिक रहे हैं, और सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। यह आरोप राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से उन्होंने कहा है कि 2 लाख से ज्यादा छात्र इन अवैध टेलीग्राम ग्रुप्स से जुड़े हैं, जहां 200 से 2 हजार रुपये में पेपर बेचे जा रहे हैं। श्री यादव ने आगे कहा है कि सरकार और साइबर सेल की नाकामी का यह सबसे बड़ा प्रमाण है कि जब हर डिजिटल गतिविधि पर नजर रखने का दावा किया जाता है, तब ये पेपर लीक ग्रुप धड़ल्ले से कैसे चल रहे हैं? आखिर इतने दिनों से ये गोरखधंधा हो रहा है, लेकिन सरकार कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? क्या शिक्षा माफिया को खुली छूट दे दी गई है?

इस बड़े घोटाले के खिलाफ आज एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और एडीजी साइबर सेल ए. साई मनोहर को ज्ञापन सौंपा और तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सवाल किया है कि अगर साइबर सेल इतनी सक्षम है, तो ये पेपर लीक ग्रुप अब तक चल कैसे रहे हैं? हर छोटी-बड़ी डिजिटल गतिविधि ट्रैक करने वाली एजेंसी को इतने बड़े गिरोह का पता क्यों नहीं चला? छात्रों का भविष्य बर्बाद करने वालों पर अब तक कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? विराज यादव ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार तुरंत कार्रवाई नहीं करती, तो एनएसयूआई प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगी।

## खाना नहीं परोसने पर पत्नी की हत्या

**जबलपुर।** गोरखपुर थानांतर्गत रामपुर चौकी क्षेत्र की मांडवा बस्ती में अपनी पत्नी की फावड़े से हमला कर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि खाना नहीं परोसने पर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ इस दौरान आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार गत दिवस टैंडर 2 मांडवा बस्ती में रमा बाई और उसके पति सुशील यादव के बीच कल रात खाने को लेकर विवाद हुआ, इस दौरान आरोपी ने अपनी पत्नी रमा बाई की हत्या कर दी। मृतिका के पुत्र शुभम यादव अपनी ससुराल आर्दश नगर में रहता है उसने पुलिस को घटना की सूचना दी। उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे रामपुर चौकी प्रभारी एसआई प्रभाकर सिंह ने शव बरामद कर पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है।

## क्राइम वॉच

## धक्का लगने के विवाद पर कोचिंग से लौट रहे युवक से मारपीट



**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत गत रात मोतीनाला पुल अस्पताल के पास धक्का लगने की बात पर अज्ञात तीन बदमाशों ने कोचिंग से घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट कर उससे पैसे की मांग की, पैसे नहीं मिलने पर कडे से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान युवक का मोबाइल गिर गया जो नहीं मिला। घायल युवक को मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोतीनाला नयापुल निवासी 17 वर्षीय जाकिर हुसैन गत रात लगभग 11 बजे चांदनी चौक में कोचिंग पढ़कर अपने घर जा रहा था, जैसे ही मोतीनाला पुल अस्पताल के पास पहुंचा तभी वहां से निकल रहे तीन अज्ञात लड़कों में से एक लड़के को धक्का लग गया, तो तीनों उसे गालियां व धमकी देते हुए पैसे मांगने लगे, उसने पैसे व गालियां देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी, एक लड़के ने कड़े से उसकी आंख व नाक पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों बीच बचाव करने आए फिर भी तीनों उसके साथ मारपीट करते जा रहे थे। तभी उनका एक साथी सोहेल कंजा मत मार कहते हुए वहां से तीनों भाग गए। मारपीट के दौरान उसका रियलमी कम्पनी का मोबाइल गिर गया जो तलाश करने पर भी नहीं मिला। गुम हुए मोबाइल की कीमत लगभग 10 हजार रूपये बताई गई है। घायल जाकिर हुसैन को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल भेजा जहां से उसे मेडीकल रेफर कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 324(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत इमलिया मोड़ पेट्रोल पंप के पास मेन रोड में सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इमलिया मोड़ अधारताल निवासी 52 वर्षीय ओमकार अहिरवार गत रात लगभग 9.30 बजे इमलिया मोड़ पेट्रोलपंप के पास मेन रोड में सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण उसके बेटे अजीत अहिरवार के द्वारा देर रात लगभग 12.10 बजे उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर ने चैक कर ओमकार अहिरवार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## बिना अनुमति के डीजे बजाने पर कार्रवाई

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत भूरामल धर्मशाला के सामने मेन रोड लार्डगंज में बिना अनुमति व तेज आवाज में डीजे बजा रहे एक डीजे संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 साउण्ड बाक्स, 1 एम्पलीफायर, कॉपर तार जब्त किया है। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात शिवरात्रि पर्व पर भूरामल धर्मशाला के सामने मेन रोड लार्डगंज में बिना अनुमति और डीजे तेज आवाज में बजा रहे उखरी चौकी शीतलपुरी निवासी 24 वर्षीय डीजे संचालक आयुष चौरसिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक एम्पलीफायर, 4 साउण्ड बाक्स एवं कापर का तार जप्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी डीजे संचालक आयुष चौरसिया के विरूद्ध धारा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम तथा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## 100 लीटर डीजल सहित आरोपी धराया

**जबलपुर।** बरगी थाना पुलिस ने मानेगांव में अवैध रूप से डीजल बेच रहे एक आरोपी को धरदबोचा। आरोपी के कब्जे से 100 लीटर डीजल बरामद किया गया। टीआई बरगी कमलेश चौरिया के अनुसार गुरुवार की शाम मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर के सामने अवैध रूप से बेचने के लिये डीजल रखा है । सूचना पर ग्राम मानेगांव में मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई। जहां आरोपी ने अपने किराये के मकान के पास पुलिस को देखकर कुप्पिया छोड़कर भागने का प्रयास किया। आरोपी माई की बगिया, भेड़ाघाट निवासी 28 वर्षीय इरशाद अंसारी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से चारों कुप्पियों में 100 लीटर डीजल बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ई.सी.एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी की गिरफ्तारी में बरगी थाने के प्रधान आरक्षक रूप नारायण दुबे, उदय प्रताप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## सट्टा लिखते सटोरिया गिरफ्तार

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने पुरानी बस्ती सुहागी में सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगद 9 हजार 820 रुपए जब्त किए है। अधारताल थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने पुरानी बस्ती सुहागी में सट्टा पट्टी लिख रहे सुहागी अधारताल निवासी 21 वर्षीय निखिल चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सट्टा पर्ची तथा 9 हजार 820 रूपये जप्त कर लिए है। पुलिस ने सटोरिये के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### आजीवन कारावास से दंडित कैदी की मौत

**जबलपुर।** जबलपुर सेंट्रल जेल में हत्या के मामलें में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की स्वास्थ्य खराब होने पर मेडीकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जेल प्रहरी की सूचना पर सिविल लाईन पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को विवेचना में लिया है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार डिंडोरी जिले के बजाग थाना अतंर्गत बजारा निवासी 54 वर्षीय सुनील कुमार साहू को हत्या के एक मामलें में 24 जून 2016 को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया था। कैदी को जबलपुर की सेंट्रल जेल में रखा गया था जहां 25 फरवरी को उसका स्वास्थ्य खराब होने पर जेल डॉक्टर परामर्श के बाद उसे मेडीकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उसकी मृत्यु हो गई। जेल प्रहरी अनुराग शर्मा की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ऋषि जाबालि आज भी प्रासंगिक : डॉ दवे

## सिहोरा में स्मृति समारोह, व्याख्यान एवं रचना पाठ आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।





साहित्य अकादमी म प्र शासन संस्कृति विभाग एंव परिषद के द्वारा पाठक मंच के सहयोग से सिहोरा में महर्षि जाबालि स्मृति समारोह में व्याख्यान और रचना पाठ का भी आयोजन में किया गया। इसमें सुशील जैन ने सरस्वती वंदना एंव साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ.विकास दवे के द्वारा आमंत्रितों के स्वागत के साथ अकादमी के उद्देश्यों पर चर्चा की। डॉ दवे का स्वागत डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, मंच की संयोजक डॉ.अरुणा पाण्डे के साथ केन्द्र के सभी सदस्यों के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि महर्षि जाबालि आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी ने इतिहास और साहित्य पर बात करते हुए शोध की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता डॉ.अशोक गर्ग ने महर्षि जाबालि की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला।

#### स्थानीय कवियों ने भी किया रचना पाठ

द्वितीय चरण में आमंत्रित कवियों में वरिष्ठ साहित्यकार अश्विनी कुमार पाठक,राज सागरी, सुरेश मिश्र विचित्र,डॉ उदय भानु तिवारी,विजय सागरी अजय मिश्रा प्रशांत गुप्ता रचना पाठ एवं कवि सम्मेलन का संचालन नारायण तिवारी ने किया। स्थानीय कवियों में डॉ. प्रशांत मिश्रा, प्रियांशु तिवारी,नित्यानंद पाठक,सतीश आनंद, चंदन श्रीवास्तव चंदन,अनिल मिश्रा,अजय प्रताप सिंह, डाक्टर अरुणा आदि ने रचना पाठ किया। सभी का स्वागत अधिवक्ता रमेश पटेल,सुषमा खरे, आशा जैन,आशा अवस्थी,सुधा उपाध्याय, अखिलेश मांझी, इन्द्र सिंह राजपूत,नरेंद्र त्रिपाठी, अरविंद उपाध्याय,रवि दुबे,राजेंद्र दुबे आदि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार आशुतोष तिवारी,नारायण तिवारी,मुकेश त्रिपाठी ने बारी बारी से किया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नंद कुमार परोहा,अभिमन्यु जैन,डॉ. अनंदी लाल कुर्मी,डॉ.अर्चना नामदेव,नितेश कोष्टा, डॉ.जय प्रकाश पाण्डे,डॉ.अंकित द्विवेदी,सी.एल. वर्मा,अनिल राजपूत,ऋतु राजपूत,अरविंद मिश्रा,साधना मिश्रा,अजय किशोर तिवारी,ओम प्रकाश तिवारी,रमेश पटेल,प्रभात कुररिया,सुधा पहारिया आदि उपस्थित रहे।

### महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की बायपास पर टेंट लगाकर की सेवा

## महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा का संकल्प पूर्ण



**जबलपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में सम्मिलित होने देश भर से नागरिक जा रहे हैं धार्मिक महास्नान में सम्मिलित हो रहे व्यक्ति को आवागमन की किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने हेतु भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर ने नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में सगड़ा बायपास के पास टेंट लगाकर महाकुंभ स्नानार्थियों के लिए भोजन, पानी, दवाएं एवं उनके रुकने हेतु समुचित व्यवस्था कर अत्यंत महत्वपूर्ण सेवा कार्य किया एवं लगातार प्रयागराज जा रहे लोगों की मदद कर उनकी प्रत्येक असुविधा को दूर करने का प्रयास किया।

महाकुंभ की ओर जा रहे श्रद्धालुओं की मदद हेतु बने अस्थाई व्यवस्था के टेंट का समापन भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने माँ गंगा एवं कन्या पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराने के पश्चात किया। श्री सोनकर ने इस अवसर पर कहा कि सनातन धर्म की आस्था के सर्वोत्तम समागम प्रयागराज स्थित महाकुंभ में जा रहे लोगों की मदद करते हुए महापुण्य प्राप्त करने की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर विधायक अभिलाष पांडे, राममूर्ति मिश्रा, रजनीश यादव, कमलेश अग्रवाल, राघवेंद्र लालू यादव, कैलाश साहू, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, रविन्द्र पचौरी, सोनू बचवानी, मनीष जैन कल्लू, युवराज यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लखन के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन आज

**जबलपुर।** पूर्व केबिनेट मंत्री, जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव पर पिछले सात दिनों से चले आ रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में मेगा हेल्थ कैम्प सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाई का बगीचा में होगा. जहां सुबह ११ बजे से शाम ५ बजे तक मरीजों को परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया जाएगा। साथी ही नेत्र रोगियों को चश्में का वितरण किया जाएगा. साथ ही यहां पर विशाल भोज का आयोजन भी किया गया है।वहीं समर्थकों द्वारा जगह जगह विधायक के जन्मोत्सव पर जगह जगह जनसेवा कार्य आयोजित किये जा रहे हैं। विधायक श्री घनघोरिया अपने जन्मोत्सव पर शहरभर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे. शाम 7 बजे उमाघाट पर मां नर्मदा की महा आरती करेंगे। यहां से वे गढ़ा फाटक बड़ी महाकाली मंदिर पहुंचेंगे। जहां पूजन अर्चन और आरती में शामिल होंगे और यहीं पर स्वतंत्रा संग्राम सेनानी की धर्मपत्नि मीरा बाई नामदेव के निवास पर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे. जहां मनोज नामदेव द्वारा कार्यक्रम संयोजित किया जा रहा है।

## खुशी एक पहल संस्था ने कराया 5 ज़रूरतमंद कन्याओं का विवाह

**जबलपुर।** खुशी एक पहल संस्था द्वारा नगर के समाजसेवियों के सहयोग से 5 ज़रूरतमंद कन्याओं का मां नर्मदा सामूहिक विवाह समारोह सिंधु नेत्रालय, गौरीघाट में आयोजित किया गया। 5 सर्वसमाज के दूल्हों की बारात बग्घी, ढोल- धमाके और आतिशबाजी के साथ गौरीघाट से सिंधु नेत्रालय के बीच निकाली गई। बारात स्वागत,वरमाला और रिसेप्शन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता थी कि गायत्री परिवार की महिला पंडितों द्वारा वेद मंत्रोच्चारों और सनातनी विधि-विधानों के साथ विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। संस्था के प्रशांत साहू के अनुसार सभी नवविवाहित जोड़ों को नई गृहस्थी के लिए आवश्यक सभी वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की गईं। संस्था अब तक 44 ज़रूरतमंद कन्याओं का विवाह संपन्न करा चुकी है। विकास खंडेलवाल ने मंच संचालन किया। अनेक साधु- संतों, गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने नव युगलों को आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की व्यवस्था में निरंजन ठाकुर, गुड्डू यादव, पं. विकास शुक्ला, प्रशांत साहू, राजेंद्र पटेल, अजीत ठाकुर, भैयाराम पटेल, बसंत राठौर,शरद वर्मा, डॉ ऋषि सागर, विनीता राय, नमिता राजपूत, सुधा शर्मा,रचना बैनर्जी , बबीता साहू, ममता शुक्ला, वंदना पटेल, ईशु दुबे, अंजू वर्मा, वैष्णवी बर्मन, रीना पटेल, रश्मि जी , श्रद्धा केवट आदि का भरपूर योगदान रहा।




**श्रीमती कौशल्या विश्वकर्मा-** कालीमठ रानीपुर मदनमहल निवासी श्री हरि सिंह विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या विश्वकर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण सलारिया-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवीास श्री अरूण सलारिया (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री देवनाथ ठाकुर-** मां नर्मदा नगर फेस 1, बिलहरी निवासी श्री देवनाथ ठाकुर (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोर गुजराती-** विनोबा नगर अधारताल निवासी श्री किशोर गुजराती (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ललिता यादव-** जोगिनी नगर रामपुर निवासी श्री प्रेमलाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती वर्मा-** वृंदावन नगर माढ़ोताल निवासी श्री कामता प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती वर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विद्युत राय-** गुडलक अपार्टमेंट हाथीताल निवासी श्री विद्युत राय (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनंतराम साहू-** नरसिंह वार्ड मदनमहल निवासी श्री अनंतराम साहू (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# मुख्यमंत्री ने दंगवाड़ा में की बोरेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना, प्रदेशवासियों के लिए मांगी सुख-समृद्धि

## डॉ. यादव सपत्नीक बोरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक चंबल नदी तट पर स्थित अति प्राचीन बोरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व मंगल की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन की ग्राम पंचायत दंगवाड़ा स्थित 4 हजार वर्ष से अधिक प्राचीन बोरेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजन एवं जलाभिषेक पंडित जगदीश शर्मा, नमन शर्मा ने विधि-विधान से संपन्न कराया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर मे उपस्थित जन समूह को संबोधित किया और जिला पंचायत सीईओ जयती सिंह को सभी मांगों को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिशित करने के निर्देश दिए।



## सीएम दमोह के नोहटा में श्री नोहलेश्वर महोत्सव में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दमोह के नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव में महाशिवरात्रि महापर्व पर उज्जैन से देर रात 11.15 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव और शक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आदि और अंत महादेव है। सुंदर और सत्य महादेव है। सृजन और संहार महादेव है। सनातन के आधार महादेव है और हमारे महादेव की शक्ति हैं आदिशक्ति जगदंबा माता पार्वती। मैं गौरीशंकर के चरणों में शीश झुकाता हूं।

**भगवान शिव की कृपा से मप्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ सफल**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री महाकाल महाराज की उज्जयिनी से नोहटा में विराजे भगवान श्री नोहलेश्वर महादेव को मैं प्रणाम करता हूं। ऐसी कृपा हुई भगवान भोलेनाथ की मुझ पर कि आज नोहलेश्वर महाराज ने भी मुझे अपनी शरण में बुलाया और बाबा महाकाल ने भी। भगवान शिव की कृपा से मप्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ है। भोलेनाथ के आशीर्वाद से हम मप्र की प्रगति का नया अध्याय लिख रहे हैं। विरासत को सहेज कर विकास का रथ दौड़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहुत समय से सभी की इच्छा थी कि यहां महाशिवरात्रि महापर्व पर महोत्सव का आयोजन हो। बेहद प्रसन्नता की बात है कि इस बार 10 दिन का महोत्सव आयोजित हो रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दमोह से धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) धर्मेंद्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमर शहीद चंद्रशेखर उद्यान निर्माण के लिए तीन करोड़ स्वीकृत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान क्रांतिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद उद्यान के लिए राशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर जिले में उनकी जन्मभूमि चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में अमर शहीद चंद्रशेखर उद्यान के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी।

### चीता प्रबंधन के लिए 8 करोड़ 90 लाख रुपए की बजट स्वीकृति

**भोपाल।** वन विभाग ने चीतों के प्रबंधन वित्तीय वर्ष 2024-25 से वर्ष 2026-27 के लिए राशि 8 करोड़ 90 लाख की अनुमानित सीमा मान्य कर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति कैबिनेट ने दी है। शासन स्तर से इसके आदेश भी 18 फरवरी को जारी कर दिए हैं। आदेश में भारत सरकार से आवंटन की प्रत्याशा में उपरोक्त योजना में कोई राशि व्यय की जाती है, तो भारत सरकार से राशि प्राप्त होने पर वन विभाग के राजस्व प्राप्ति मद में ऐसे व्यय के समतुल्य राशि जमा कराई जाएगी।

### जीआईएस में खनन एवं खनिज संसाधन के तहत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

# आर्थिक विकास का इंजन बनेगा खनन क्षेत्र, मप्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

राज्य सरकार की ओर से खनन के क्षेत्र में सतत विकास हो रहा है। इससे न केवल आर्थिक विकास हो रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में खनन एवं खनिज संसाधन के तहत 3.22 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 55 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा, जो प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रिय नीतियों से खनन क्षेत्र निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य खनन उद्योग में देश का अग्रणी केन्द्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### राज्य सरकार ने खनन क्षेत्र में अपनाई उत्कृष्ट और दूरदर्शी नीतियां

**खास बातें**

- मप्र को खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियां मिली
- खनन क्षेत्र में अग्रणी बनेगा मध्य प्रदेश



### जीआईएस में निवेश करने वाली कंपनियां और उनके क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनन क्षेत्र में देश की लीडिंग कम्पनियों ने रुचि दिखाई है। आने वाले समय में अडानी ग्रुप, रीवा, जबलपुर में, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट प्रायवेट लिमिटेड उज्जैन में, ऑरो कोल प्रायवेट लिमिटेड शहडोल में, आदित्य बिड़ला, ईएमआईएल माइंस एण्ड मिन रेस लिमिटेड रीवा में, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला ग्रुप रीवा में, स्टॉक्स वर्क्स प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर में, सारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड शहडोल में, जेके सीमेंट लिमिटेड शहडोल में, प्राइम-4 इंस्पेक्शन एलएलसी भोपाल में, रेकन केमिकल्स इंदौर में, बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड रीवा में और रामदास वर्मा एण्ड कम्पनी शहडोल में खनिज के क्षेत्र में कार्य करेगी।

### कॉपर, मैग्नीशियम अयस्क हीरा उत्पादन में मप्र प्रथम


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र कॉपर अयस्क, मैग्नीशियम अयस्क और हीरे के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है। यह देश का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है, जो खनन उद्योग में एक विशिष्ट पहचान दिलाता है। प्रदेश रॉक फॉस्फेट में दूसरा, चूना पत्थर में तीसरा और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनिज संसाधन विकास में सहायक है।

### खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धि

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र ने खनन ब्लॉक नीलामी में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। निवेश अनुकूल नीतियों के कारण वर्ष 2023 में 85 खनन ब्लॉकों की रिकॉर्ड नीलामी कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मप्र को जुलाई-2022 में भारत सरकार की ओर से खनिज नीलामी में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही लौह-अयस्क, चूना पत्थर और बॉक्साइट के खनिज नीलामी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मप्र को वर्ष-2024 में दूसरे राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन में खनन ब्लॉक नीलामी और सक्रिय खनन पहल के सम्मानित किया गया है। यह राज्य की खनन क्षेत्र में उत्कृष्टता और दूरदर्शी नीतियों को दर्शाता है।*

# मुख्यमंत्री ने किया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विद्यार्थियों के लिए आयोजित वर्कशॉप का अवलोकन कर उनसे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों को ऑनलाईन माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संबोधित किया। प्रदेश में 250 से अधिक स्थानों पर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

आयोजन में वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विज्ञान-प्रौद्योगिकी तथा नवाचार से संबंधित लोग शामिल रहे।

भारत सरकार की ओर से इस वर्ष कार्यक्रम की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व में भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। प्रदेश के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान एवं अन्य संस्थाएं भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर पूरे राज्य में विज्ञान दिवस समारोह, कार्यशालाएं, वैज्ञानिक-सत्र, संवाद, विज्ञान आधारित प्रतियोगिताएं एवं अनुसंधान टेक्नोलॉजी पर आधारित गतिविधियां संचालित की गयी।

### पूरे मप्र में मनाया जाएगा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

*विज्ञान दिवस पर मुख्य कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान भवन, नेहरू नगर में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे, संचालक हिन्दी ग्रंथ अकादमी अशोक कडेल, निदेशक विक्रमादित्य शोधपीठ संस्थान एवं संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी और महानिदेशक, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी भी उपस्थित रहे।*

# स्वास्थ्य मंत्रालय ने डेंटल कांउसिल ऑफ इंडिया का किया अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया आदेश

डेंटल कांउसिल ऑफ इंडिया को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अधीन करने का आदेश जारी किया है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हरेंद्र भदौरिया ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने आदेश दिया है कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, डीसीआई के सदस्य और कार्यकारी समिति के सदस्य राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के गठन होने तक या उक्त पद पर जारी किसी अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो, डीसीआई के अध्यक्ष के कार्यों का तत्काल प्रभाव से निर्वहन कर सकते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग के गठन होने तक या उक्त पद पर कोई अन्य आदेश जारी होने तक, जो भी पहले हो, डीसीआई के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. दिवाकर मूढौतिया राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया डेंटल स्टूडेंट एण्ड डेंटल सर्जन एसोसिएशन ने आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने डेंटल सर्जन एवं छात्रों के हित में बहुत सरानीह कार्य किया है।

# आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा अब 7 मार्च को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- 28 को होने वाली परीक्षा के समय में बदलाव

कर्मचारी चयन मंडल की मध्यप्रदेश आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा 28 फरवरी को आयोजित होना था, लेकिन इस परीक्षा को स्थगित कर नई तारीख 7 मार्च 2025 तय कर दी गई है।

मध्यप्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के 660 पदों भर्ती के लिए न्यायालय याचिका के कारण ऑनलाइन प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है, इसके आवेदन 21 से 25 फरवरी तक होना थे, इसके कारण परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। अब परीक्षा 7 मार्च 2025 से शुरू होगी। इस संबंध में नई सूचना जारी कर दी गई है।

जारी सूचना में कहा गया है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल (मप्र) के तहत पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा में उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर द्वारा याचिकाकर्ताओं को उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन-पत्र जमा करने के लिए अंतरिम राहत दी गई है। इस लिए उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में अब भर्ती परीक्षा 7 मार्च को होगी।

# रायगढ़ की सड़क पर जंगली सुअर का उत्पात, बचाने पहुंची टीम पर किया हमला, रेस्क्यू के बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ में जंगल से भटक कर जंगली सुअर ने शहर में जमकर उत्पात मचाया। शहरी इलाके में पहुंचने के बाद उसका मुंह डीएफओ बंगला के मेन गेट में फंस गया था। किसी तरह उसका रेस्क्यू किया गया लेकिन ज्यादा चोट के चलते उसकी मौत हो गई। मामला, रिहायशी इलाके अतरमुड़ा का है। यहां डीएफओ बंगले के अलावा स्कूल और कुछ सरकारी दफ्तर भी है।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे जंगल से भटकते हुए एक जंगली सुअर रोज गार्डन में पहुंचा था। जब गार्डन आए लोगों ने उसे देखा तो जंगली सुअर यहां से निकलकर डीएफओ बंगला के पास पहुंच गया। जंगली सुअर मेन गेट को पार करने की कोशिश



करने लगा। इस दौरान गेट जालीदर होने के कारण जंगली सुअर मेन गेट में ही फंस गया। मामले की जानकारी लगी तो वन अमला भी तुरंत मौके पर पहुंचा। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोग गाड़ी रोककर जंगली सुअर का वीडियो बनाने लगे। वहां कई लोग जंगली सुअर को देखने इकट्ठा हो गए। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने गेट में चढ़कर, उसका मुंह निकालने की कोशिश की। जंगली सुअर खुद भी वहां निकलने के लिए छटपटाता रहा। उसके काफी बड़े दांत भी थे, ऐसे में उसके मुंह में गंभीर चोट आ गई थी। उसका मुंह लहूलुहान हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद विभाग के 3 कर्मचारियों ने उसका पैर पकड़कर खींचा और किसी तरह गेट से निकाला। गेट के चंगुल से छूटते ही सुअर ने रेस्क्यू करने वाले लोगों पर ही हमला कर दिया। लोगों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। इसके बाद सुअर ने रोड किनारे खड़ी दो बाइकों को टक्कर मारकर गिरा दिया। फिर वहां से दौड़ते हुए रिहायशी इलाका अतरमुड़ा की ओर चला गया। जंगली सुअर ने लोगों पर हमला करने की कोशिश भी की। कई लोग उसके हमले से बचे। इसके बाद जंगली सुअर अतरमुड़ा टीवी टावर के पास पहुंच गया। इधर-उधर भागने के दौरान जंगली सुअर नाली में गिर गया।

### उमरिया में राज्यपाल ने हितग्राहियों से किया संवाद

# जनजातीय परिवार बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें

- *बेटे के साथ बेटी को भी शिक्षित करने का आह्वान*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातियों के लिए केंद्र एवं राज्य शासन की ओर से अनेक महत्वाकांक्षी एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जनजातियों को सीधे तौर पर इनका लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे जनजातीय समुदाय सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

राज्यपाल पटेल उमरिया जिले के ग्राम पंचायत लोढ़ा में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत लाभान्वित बैगा समुदाय के हितग्राहियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रगति के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। जनजातीय समुदाय के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में कार्य करना सबसे महत्वपूर्ण हैं। बेटे के साथ-साथ बेटी को भी शिक्षित करें, तभी हम प्रगति की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सरकार ने पीएम जनमन योजना के लिए 24 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

### टंगराटोला के तीसरी कक्षा के बच्चों से किया संवाद

*राज्यपाल पटेल ने उमरिया जिले के ग्राम पंचायत लोढ़ा के प्राथमिक शाला भवन टंगराटोला के कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताया तथा उन्हें व्यायाम करने, मोटा अनाज, मिलेट्स का सेवन करने, ज्यादा से ज्यादा पानी पीने एवं भरपूर नींद लेने की बात कही। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मप्र के राज्यपाल अर्थात स्वयं के नाम भी पूछा। राज्यपाल के पूछे गए प्रश्नों के बच्चों से सटीक जवाब सुनकर राज्यपाल ने खुशी जाहिर की।*

### राज्यमंत्री गौर ने शुभारंभ कर जताई खुशी



# विंध्याचल भवन में होगा पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण का कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के दो विभागीय कार्यालय पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण और विमुक्त, घुमंतु, अर्ध घुमंतु कल्याण विभाग का अभी तक कोई कार्यालय नहीं था। पिछले कई सालों के उक्त विभागों के गठन के बाद से अपना अलग से कार्यालय नहीं होने कामकाज प्रभावित होता था। हालांकि अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी ने विन्ध्याचल भवन में ग्रामीण विकास का कार्यालय रिक्त होने पर कुछ फर्नीचर समेत कार्यालय देने के लिए संबंधित विभागों को राजी कर लिया। इसके बाद गुरुवार को इस कार्यालय शुभारंभ कर दिया गया।

**सेवानिवृति के पूर्व कार्यालय शुरू होने पर एसीएस केसरी ने जताई प्रसन्नता**

### सरलता से होंगे काम

*शुभारंभ के मौके पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने विंध्याचल भवन में पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त, घुमंतु, अर्ध-घुमंतु कल्याण विभाग के कार्यालय का शुभारंभ करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब विभाग सरलता से कार्य कर सकेगा। कार्यालय विंध्याचल भवन में द्वितीय तल पर शुरू हुआ है। एसीएस केसरी ने कहा कि काफी समय से वे अपना कार्यालय नहीं होने पर दिक्कत महसूस कर रहे थे। अब जाकर उन्हें सफलता मिली है। हालांकि एक दिन बाद ही उनकी सेवानिवृत्ति है। किंतु कार्यालय शुरू होने की खुशी है।*

### 3 लाख बोरियां जलकर राख, दमकल कर्मियों ने 6 घंटे में पाया काबू

# राजनांदगांव में बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव के शंकरपुर स्थित एक बारदाना गोदाम में आग लग गई। घटना में करीब 3 लाख पुरानी जूट और प्लास्टिक की बोरियां जलकर राख हो गईं। घटना गुरुवार दोपहर की है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र के इस गोदाम में आग इतनी भयंकर थी कि दमकल कर्मियों को आग बुझाने में 6 घंटे का समय लगा। बता दें कि यहां पुराने बारदाना की मरम्मत कर बेचने का काम होता था।



गोदाम मालिक का कहना है कि यह गोदाम नया बना था। आग से गोदाम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। अब इसके पुनर्निर्माण में लाखों रुपए खर्च होंगे।

### गोदाम का दीवार तोड़ा गया

*दमकल विभाग ने दो दमकल वाहनों को मौके पर भेजा। आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी की मदद से गोदाम की दीवार तोड़नी पड़ी। गोदाम के पास घनी आबादी वाला क्षेत्र है। दमकल कर्मियों की सूझबूझ से आग आसपास नहीं फैली, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।*

### गोदाम पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

*गोदाम मालिक राजेश देवांगन ने बताया कि दोपहर 1 बजे वह और चार मजदूर खाना खाने घर गए थे। इसी दौरान आग लगने की सूचना मिली।*

### 38 जवानों की शहादत के हैं जिम्मेदार

# सुकमा में 32 लाख रुपए के 7 नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा जिले में 32 लाख रुपए के 7 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें एक दंपती भी शामिल है। 3 माओवादियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम है। ये तीनों नक्सलियों की बटालियन नंबर 1 के सदस्य हैं। नक्सली हिड़मा और देवा के साथ काम कर चुके हैं। जबकि अन्य 4 नक्सली 2-2 लाख रुपए के इनामी हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। दरअसल, आत्मसमर्पित नक्सलियों में रव्वा मूके उर्फ भीमे और हेमला हिड़मा एक ही टीम में काम करते थे।

दोनों को एक-दूसरे से प्यार हुआ। फिर दोनों ने बड़े लीडरों से अनुमति ली और शादी कर ली। लेकिन नक्सली लीडर्स ने इन्हें बच्चे की इजाजत नहीं दी। ये दोनों अपना घर बसाना चाहते थे। इसलिए सरेंडर करने का मन बनाया। नक्सल संगठन में रहते ये दोनों इंसास जैसे हथियार चलाते थे। 2 लाख के 4 नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा

**इनमें एक नक्सली दंपती और हिड़मा का गार्ड भी**



इसके अलावा इन्हीं की टीम के एक और नक्सली बारसे सोना ने भी सरेंडर किया है। बारसे पर भी 8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। ये दक्षिण सब जोनल बस्तर ब्यूरो मोपोस टीम इंचार्ज, बटालियन नंबर 1 का राजनीति इंचार्ज और एसजेडसीएम सन्नू दादा का गार्ड था। कई बड़ी घटनाओं में भी शामिल रहा है।

### एसपी बोले- बड़े कैडर्स के साथ किए हैं काम

*वहीं, उईका लालू, माड़वी कोसी, मड़कम हुंगा, मुचाकी बुधरा ने भी सरेंडर किया है। इन चारों पर 2-2 लाख रुपए कुल 8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। सुकमा SP किरण चव्हाण ने कहा कि, सभी नक्सली बड़े कैडर्स के साथ काम कर चुके हैं। इनमें एक सरेंडर नक्सली माड़वी हिड़मा का गार्ड रह चुका है। ऐसे में पूछताछ में इनसे कई खुलासे हो सकते हैं।*

# खबर संक्षेप



## भारत, जापान के बीच मुद्रा विनिमय समझौता जारी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया है। द्विपक्षीय विनिमय व्यवस्था (बीएसए) एक दो-तरफा व्यवस्था होती है जिसमें दोनों प्राधिकरण डॉलर के बदले अपनी स्थानीय मुद्राओं की अदला-बदली कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जापान के वित्त मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत बैंक ऑफ जापान और भारतीय रिजर्व बैंक ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## वीआईएल को 16.73 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस



**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसे पश्चिम बंगाल के उपायुक्त (बड़ी करदाता इकाई) से 16.73 करोड़ रुपये के जीएसटी भुगतान का आदेश मिला है। दूरसंचार कंपनी ने शेयर बाजार को इस आदेश की सूचना देते हुए कहा है कि वह इससे सहमत नहीं है और इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के लिए उचित कार्रवाई करेगी। कंपनी को यह आदेश 27 फरवरी को मिला है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी में बेचीं 25,000 इकाइयां



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी में 25,000 इकाइयां बेचीं और 28 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जिससे इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड में उसका नेतृत्व मजबूत हुआ। ओला इलेक्ट्रिक ने बयान में कहा, कंपनी ने एस1 खंड और देश भर में 4,000 स्टोर के बिक्री-एवं-सेवा नेटवर्क के दम पर बिक्री की यह उपलब्धि हासिल की। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने फरवरी माह में सफलतापूर्वक मजबूत बिक्री गति और अग्रणी स्थिति बनाए रखी है।'

## एलआईसी को 479.88 करोड़ का जीएसटी मांग नोटिस



**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2020-21 के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए 479.88 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। एलआईसी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी को 27 फरवरी को राज्य कर उपायुक्त, मुंबई से महाराष्ट्र के लिए ब्याज और जुर्माने के लिए एक मांग आदेश प्राप्त हुआ है।

## ब्लिंकिट 10 मिनट में एप्पल उत्पादों की करेगी आपूर्ति



**नई दिल्ली।** क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट ने भारत के चुनिंदा शहरों में 10 मिनट के भीतर मैकबुक एयर, आईपैड और एयरपॉड्स सहित एप्पल उत्पादों की डिलिवरी शुरू कर दी है। कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अलबिंदर ढींढसा ने यह जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अब मैकबुक एयर, आईपैड, एयरपॉड्स, एप्पल वॉच और अन्य एप्पल एक्सेसरीज (साजो-सामान) 10 मिनट में प्राप्त कर सकते हैं।

# आज से एलपीजी सिलेंडर से लेकर म्यूचुअल फंड और एफडी में होंगे बड़े बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

1 मार्च 2025 से कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं, जो आपकी जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर डालेंगे।

■ आम आदमी के जेब पर दिखेगा असर

इन बदलावों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें, म्यूचुअल फंड से जुड़े नियम, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के नियम, बैंकों की छुट्टियां और यूपीआई पेमेंट सिस्टम शामिल हैं। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 मार्च 2025 को भी गैस सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जा सकती हैं, जिससे सिलेंडर सस्ता या महंगा हो सकता है। यह बदलाव आपके घरेलू बजट पर सीधा प्रभाव डालेगा क्योंकि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने से रसोई खर्च बढ़ सकता है और घटाने से राहत मिल सकती है। बता दें, 1 फरवरी को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में कटौती देखने को मिली थी।

### फिक्स्ड डिपॉजिट के नियम

1 मार्च से एफडी के नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। बैंकों ने एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों में बदलाव किए हैं, जो आपके निवेश पर रिटर्न को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, टैक्स और निकासी के तरीकों पर भी असर पड़ सकता है। अगर आप एफडी में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो इन बदलावों को समझना आपके लिए फायदेमंद होगा।

■ बैंकों ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज दरों में बदलाव किए गए



### म्यूचुअल फंड से जुड़ा नियम बदलेगा

सेबी ने म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स में नॉमिनेशन के नियमों में 1 मार्च 2025 से बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब निवेशक अपने डीमैट अकाउंट्स या म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में 10 लोगों को नॉमिनी बना सकेंगे।

### यूपीआई पेमेंट सिस्टम

यूपीआई पेमेंट सिस्टम में भी बदलाव होने जा रहे हैं। नए नियम के तहत, बीमा-एएसबी सर्विस को यूपीआई सिस्टम में जोड़ा जा रहा है, जिससे लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से अमाउंट ब्लॉक कर सकेंगे। यह बदलाव बीमा प्रीमियम के भुगतान को और अधिक आसान बनाएगा।

### बैंकों की छुट्टियां

मार्च 2025 में बैंकों की छुट्टियों में भी बदलाव होगा। इस महीने में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे, जिससे बैंकिंग सेवाओं के लिए पहले से योजना बनानी होगी। यह बदलाव आपके वित्तीय लेन-देन को प्रभावित कर सकता है। इन सभी बदलावों के साथ, 1 मार्च 2025 से आपकी वित्तीय योजनाओं और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2 प्रतिशत पर, कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2 प्रतिशत रह गई। कृषि को छोड़कर खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहने से इसमें सुस्ती आई है। हालांकि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज किया गया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रही थी।

■ खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन रहा खराब

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को आर्थिक प्रदर्शन से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत थी। एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी किया। इसने जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में अनुमानित 6.4 प्रतिशत के मुकाबले आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

**खास बातें**

- तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज
- दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5 .6 प्रतिशत रही थी



### आकार 331.03 होने का अनुमान

बयान के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार चालू वित्त वर्ष के अंत में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि 2023-24 में यह 301.23 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी 47.17 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में यह 44.44 लाख करोड़ रुपये थी।

### स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 187.95 लाख करोड़ होगा

एनएसओ ने बयान में कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 187.95 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 176.51 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2023-24 में 9.2 प्रतिशत थी।

### विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 3.5 फीसदी

सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) के मुताबिक, तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर एक साल पहले की समान तिमाही के 14 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई। खनन और उत्खनन उत्पादन वृद्धि दर तीसरी तिमाही में एक साल पहले के 4.7 प्रतिशत से घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी एक साल पहले के 10 प्रतिशत से घटकर सात प्रतिशत रह गई।

### कृषि क्षेत्र का उत्पादन बढ़ा

हालांकि, इस तिमाही में कृषि क्षेत्र का उत्पादन 5.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। राष्ट्रीय लेखा आंकड़ों से पता चलता है कि बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य जन केंद्रित सेवा क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर घटकर 6.7 फीसदी

सेवा क्षेत्र- व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में वृद्धि दर एक साल पहले के आठ प्रतिशत के मुकाबले 6.7 प्रतिशत रही। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में तीसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत से अधिक है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर घटकर 635.72 अरब डॉलर रह गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण पिछले कई हफ्तों से मुद्राभंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों अनुसार, 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.25 अरब डॉलर बढ़कर 543.84 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।



### स्वर्ण भंडार बढ़कर 74.58 अरब डॉलर

हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 74.58 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड डॉलर बढ़कर 17.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.09 अरब डॉलर हो गया।

# सेबी प्रमुख बुच की जगह लेंगे तुहिन कांत पांडेय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हो रही हैं। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय उनकी जगह लेंगे। बुच हाल ही में कथित हितों के टकराव को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा में रही हैं।

■ तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद हो रही सेवानिवृत

सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बुच ने दो मार्च 2022 को तीन साल की अवधि के लिए पदभार संभाला था। वह अप्रैल 2017 से एक मार्च 2022 तक सेबी की पूर्णकालिक सदस्य भी रहीं। बुच ने पूर्व आईएएस अधिकारी अजय त्यागी का स्थान लिया था, जो एक मार्च 2017 से 28 फरवरी 2022 तक, पांच वर्षों तक शीर्ष पद पर रहे थे। बुच ने अपने कार्यकाल में इक्विटी के तेजी से निपटान, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) खुलासे में वृद्धि तथा म्यूचुअल फंड पैठ बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की, लेकिन उनके कार्यकाल के अंतिम वर्ष में काफी विवाद हुआ जब सेबी के कर्मचारियों ने ''कामकाज के गलत तरीकों'' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। साथ ही अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग तथा विपक्षी दल कांग्रेस ने भी उनपर कई आरोप लगाए थे। हालांकि, हिंडनबर्ग ने अपना कारोबार समेटने की इस महीने ही घोषणा की है।



### बुच ने किया आरोपों से इनकार

बुच ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि ये निवेश उनके नियामक का प्रमुख बनने से पहले किए गए थे और उन्होंने खुलासे के लिए सभी आवश्यक नियमों का पालन किया था। सरकार ने हालांकि अपनी ओर से सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया कि क्या उसने बुच से स्पष्टीकरण मांगा था या नहीं।

### एजीईएल की अक्षय ऊर्जा क्षमता में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात के खावड़ा में 275 मेगावाट की अतिरिक्त सौर ऊर्जा परियोजना के चालू होने से उसकी कुल परिचालन अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 12,258.1 मेगावाट हो गई है। एजीईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '' कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव ए लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में 275 मेगावाट की अतिरिक्त सौर ऊर्जा परियोजना का संचालन शुरू कर दिया है। बयान के अनुसार, इस संयंत्र के चालू होने के साथ ही एजीईएल की कुल परिचालन अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 12,258.1 मेगावाट हो गई है। संबंधित मंजूरी के आधार पर 27 फरवरी 2025 को संयंत्र को चालू करने और 28 फरवरी 2025 से बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने वृद्धि करनी होगी

# भारत को उच्च आय वाला देश बनने 7.8% वृद्धि की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। विश्व बैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व बैंक ने 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना' शीर्षक से जारी अपने भारत देश ज्ञापन में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को वित्तीय क्षेत्र के साथ भूमि एवं श्रम बाजारों में भी सुधार करने होंगे। वर्ष 2000 से 2024 के बीच भारत की औसत वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने को मान्यता देते हुए यह रिपोर्ट कहती है कि भारत की पिछली उपलब्धियां उसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है, "हालांकि 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचना सामान्य स्थिति में संभव नहीं होगा... इसके लिए भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) को वर्तमान स्तरों से लगभग आठ गुना बढ़ाना होगा, वृद्धि को और तेज करना होगा और अगले दो दशकों तक ऊंचे स्तर पर बने रहना होगा।

■ विश्व बैंक ने जारी रिपोर्ट में दी जानकारी



### त्वरित पैकेज सुधार ही एक रास्ता

इसके साथ ही व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ावा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, "साल 2047 तक उच्च आय तक पहुंचने के लिए आने वाले दशकों में भारत की वृद्धि दर वास्तविक रूप से औसतन 7.8 प्रतिशत होनी चाहिए... केवल 'त्वरित सुधार' पैकेज ही भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के रास्ते पर ला सकता है।"



## अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**वाशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। त्योहारी मौसम में उपभोक्ता व्यय बढ़ने से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के ये आंकड़े जारी किए। इसके साथ ही बीती तिमाही में वृद्धि का शुरुआती अनुमान अपरिवर्तित रहा। हालांकि, तिमाही आधार पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन में गिरावट आई है। जुलाई-सितंबर, 2024 की अवधि में अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही वर्ष 2024 के समूचे वित्त वर्ष में अमेरिका की आर्थिक वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2023 में यह 2.9 प्रतिशत रही थी। आलोच्य अवधि में उपभोक्ता व्यय 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे टूटकर 87.46 पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे कमजोर होकर 87.46 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा कई देशों पर शुल्क लगाए जाने से वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच गई है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता होने से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में भी अस्थिरता हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.32 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.53 प्रति डॉलर के निचले स्तर एवं 87.46 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 87.46 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 28 पैसे की गिरावट है।



पांच दिनों में आई 20 फीसदी से अधिक गिरावट

# क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन हुई धड़ाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी में इस समय भूचाल आया हुआ है। बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन समेत कई बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गई हैं। पिछले 5 दिनों में इनकी कीमत 20 फीसदी से ज्यादा तक गिर गई है। सबसे ज्यादा नुकसान दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टो एथेरियम को हुआ है। वहीं पिछले 24 घंटे में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही है। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत पिछले 24 घंटे में 5 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। शुक्रवार शाम इसकी कीमत 69.94 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 16 फीसदी की गिरावट आई है। एक महीने में स्थिति और बुरी रही है। पिछले एक महीने में बिटकॉइन की कीमत 22 फीसदी गिर गई है।

### *एथेरियम एक माह में 30 फीसदी लुढ़की*

*बिटकॉइन के बाद यह दुनिया की दूसरी सबसे महंगी करेंसी है। शुक्रवार को इसमें 7 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई। शाम इसकी कीमत 1.86 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिन की बात करें तो इसमें 23 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में एथेरियम में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। वहीं बात अगर एक महीने की करें तो यह 30 फीसदी से ज्यादा लुढ़क चुकी है।*




### रिपल एक माह में 33 फीसदी गिर चुकी

इस क्रिप्टोकरेंसी का नाम भी टॉप की क्रिप्टो में आता है। लेकिन गिरावट के दौर से यह भी नहीं बची है। शुक्रवार को यह 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 177.76 रुपए थी। पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 20 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं एक महीने में यह क्रिप्टो 33 फीसदी गिर चुकी है।

### मस्क की पसंदीदा करेंसी डॉगकॉइन

इस क्रिप्टोकरेंसी को दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की फेवरेट करेंसी भी कहा जाता है। डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद इसमें काफी तेजी आई थी, लेकिन अब इसमें भी गिरावट आ रही है। शुक्रवार को यह क्रिप्टो करीब 10 फीसदी की गिरावट के साथ 16.31 रुपए पर थी। पिछले 5 दिनों में यह करीब 22 फीसदी लुढ़क चुकी है। वहीं एक महीने में इसमें 40 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गयी जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत थी। इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 प्रतिशत, इस्पात उत्पादन 3.7 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल इसी महीने में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 प्रतिशत, तीन प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत हो गया।

■ कोयला उत्पादन 4.6 फीसदी बढ़ा



### आईआईपी का 40.27 फीसदी योगदान

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान है, जो समग्र स्तर पर औद्योगिक वृद्धि को मापता है।

## खबर संक्षेप

### बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्ति

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने बिना अनुमति तथा बिना सूचना के लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर फिक्स वेतन कर्मचारी पर बड़ी कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति आदेश जारी किया है। नगरपालिक निगम कटनी का कर्मचारी सोनू पिता सुरेश फिक्स वेतन सफाई संरक्षक विगत कई वर्षो से अपने कर्तव्यों से लगातार बिना किसी पूर्व सूचना अथवा सक्षम अनुमति के कर्तव्य से अनुपस्थित थे, अनुपस्थित रहने के कारण निकाय द्वारा कर्मचारी को कार्य पर उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी किए गए, किंतु संबंधित द्वारा कोई जवाब कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। कर्त्तव्य पर उपस्थित होने हेतु निकाय द्वारा पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी, उक्त सफाई संरक्षक अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुये न ही किसी प्रकार की कोई सूचना निकाय को दी गई है। जिसके फलस्वरूप निगमायुक्त श्री दुबे ने सोनू पिता सुरेश सफाई संरक्षक, फ़िक्स वेतन कर्मचारी को मध्यप्रदेश दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी (सेवा की शर्त),नियम 2013 के नियम 10(झ)(2) एवं नियम 11 (ख) के तहत आदेश जारी कर कर्मचारी की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की है, साथ ही अनाधिकृत अनुपस्थित अवधि को आकार्य दिवस माना जाकर निराकृत किया है।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

**कटनी।** धारदार बका लेकर घूम रहे एक युवक को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना मिली कि कैमुरी से घुघरा रोड नहर की पुलिया के पास एक युवक को बका लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस देखकर उसने भागने का प्रयास करने लगा जिसे स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम इमरान खान पिता रशीद खान 30 साल निवासी घुघरा भटिया टोला थाना कुठला जिला कटनी का बताया। लोहे का धारदार बका आरोपी के कब्जे से मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय, प्र आर. संतोष प्रजापति, आर लव उपाध्याय, आर संदीप, आर दिलकेश्वर, आर सौरभ जैन, सैनिक धर्मेंद्र त्रिपाठी का सराहनीय योगदान रहा।

### लोक अदालत की खंडपीठों से जानकारी संकलित करने लगी डयूटी

**कटनी।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 8 मार्च को किया जाना है। जिसमें अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। इसलिए नेशनल लोक अदालत में विभिन्न खंड पीठों से जानकारी संकलित करने के लिए 8 शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 17 में लगाई गई है। अनुभाग स्तर से जानकारी संकलित करने हेतु नायब तहसीलदार नजूल दिलीप सिंह मरावी, राजस्व निरीक्षक नजूल ब्रज बिहारी दुबे और सहायक ग्रेड-3 ओमप्रकाश तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि कार्यालयीन कार्य प्रक्रिया को संपादित करने सहायक ग्रेड -3 प्रदीप श्रीवास्तव एवं शैलेन्द्र देशमुख तथा भृत्य गणेशन पिल्लई एवं संतोष धुर्वे की ड्यूटी लगाई गई है।

### संभागीय फूड फेस्टीवल सह मेला 10 एवं 11 मार्च को

**कटनी।** जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में संभागीय फूड फेस्टीवल सह मेला 2025 का आयोजन आगामी 10 एवं 11 मार्च को किया जा रहा है। मेले में कृषक बीज विक्रय एवं उत्पाद विक्रय केन्द्र की विशेष व्यवस्था भी की जा रही है, जिसमें कृषक अपने उत्पाद का विक्रय कर सकेंगे। इसमें जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से लगभग 670 कृषकों को सम्मलित किया जाना प्रस्तावित है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उपसंचालक नें मेले में सम्मलित होने हेतु जिले के क्रियाशील एफ.पी.ओ. को भी निर्देशित किया गया है कि अपने एफ.पी.ओ. से संबंधित कृषकों की उपस्थिति करावें।

---

हाईवे से लेकर शहरी व ग्रामीण मार्गो में मवेशियों की रहती है धमाचौकड़ी

# आवारा मवेशियों की सड़कों में जमघट से दुर्घटनाओं का बना रहता है अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हाईवे से लेकर शहरी एवं ग्रामीण मार्गों में आवारा मवेशी आसानी से देखने को मिल जाएंगे। कई बार आवारा मवेशी जहां लोगों का नुकसान कर देते हैं वहीं जब कभी सांडों के बीच घमासान होता है तो हादसे की आशंका भी बन जाती है। सांडो की लड़ाई के दौरान कई बार दुकान सहित वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं जिससे लोगों को अनावश्यक आर्थिक क्षति का नुकसान होता है।



### मवेशियों की वजह से अनियंत्रित हो जाते हैं वाहन चालक

आवारा मवेशियों की वजह से शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आये दिन दुर्घटनाएं भी हो जाती है। कभी मवेशी को बचाने तो कभी अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई तो कभी अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी सभी जगह आवारा मवेशियों की वजह से लोग परेशान हैं। मवेशी झुण्ड बनाकर सड़कों पर इस तरह बैठे रहते हैं कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है। सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान ने तो शहर न ही ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि और प्रशासन दे रहा है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि लोग स्वयं संभलकर चलें।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

प्रशासन के द्वारा समय-समय पर यातायात व्यवस्था एवं पशुओं की समस्या को लेकर बैठक होती है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से आम नागरिकों की परेशानी जस की तस बनी हुई है। मवेशियों की वजह से वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### एक हजार रुपये जुर्माने का बना था प्रावधान

जिला प्रशासन ने सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर पशुओ को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने की बात कही थी। राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1961 में संशोधन किया गया था इसके अनुसार मवेशियों एवं अन्य पशुओं को सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर खुला छोड़ना अथवा बांधना जो भी कोई भी जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक किसी मवेशी अथवा अन्य पशु को सार्वजनिक सड़क अथवा स्थान पर खुला छोड़ते है, अथवा बांधता है, जिसके कारण किसी व्यक्ति को क्षति होती है या संपत्ति को नुकसान होता है या संकटापन्न होता है और लोक न्यूसेंस कारित होता है, तो वह राज्य सरकार द्वारा निहित जुर्माने से एक हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा।

---

# अतिक्रमण एवं अराजक पार्किंग से यातायात होता है अवरोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर यातायात की बेढंगी चाल कई कारणों से बनी हुई है। बेतरतीब पार्किंग एवं दुकानदारों द्वारा किये गए अस्थायी अतिक्रमण से शहर के मुख्य मार्गों में यातायात अवरोधित होता है। इस समस्या से न सिर्फ अधिकारी बल्कि जनप्रतिनिधि भी अच्छी तरह से वाकिफ है लेकिन इस ओर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आलम यह है कि न सिर्फ वाहन चालक बल्कि पैदल लोग भी अव्यवस्था से परेशान होते हैं। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्गों में कई ऐसे निजी अस्पतालों, बैंक भी है जहां पार्किंग की व्यवस्थ्ज्ञा नहीं होने से वाहन सड़क पर भी खड़े किये जा रहे हैं। नियमों को दरकिनार करते हुए बिना पार्किंग व्यवस्था के ही शहर के रिहायशी क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं। अस्पतालों और बैंकों में पहुंचने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर ही पार्क कर देते हैं जिससे यातायात अवरोधित होता है। साथ ही वहां से गुजर रहे अन्य राहगीरों व वाहन चालको को अच्छी खासी मशक्कत का सामना करना पड़ता है।

निजी अस्पतालों व बैंक परिसरों में पार्किंग की व्यवस्था न होने की वजह से लोग अपने वाहनों को लोग सड़को पर ही खड़ा कर रहे हैं।

### निजी अस्पतालों, बैंक परिसरों तक में नहीं है पार्किंग की व्यवस्था

जिसकी वजह से ट्रेफिक की व्यवस्था बिगडती है। ऐसे में बैंक परिसरों और अस्पतालों के सामने जाम की स्थिति अक्सर बनी रहती है जिससे अन्य लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो कई नियम हैं कि बैंक व अस्पताल के अंदर पार्किंग व्यवस्था का होना भी अनिवार्य है। कुछ बैंकों और अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश अस्पतालों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नियम विरूद्ध बिना पार्किंग के निजी अस्पताल संचालित करने वाले संचालकों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसा नहीं है कि यह बात जिम्मेदार अधिकारियों को नही है बल्कि वे ऐसे संचालकों से सांठगांठ कर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने में उनका भरपूर साथ दे रहे हैं।

नगर के मुख्य मार्गों सहित चौराहा में सहित ऐसे कई क्षेत्र हैं जो अति व्यस्ततम हैं। इन क्षेत्रों में दिनभर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है।

---

मशीन एवं उपकरणों की कार्यप्रणाली को समझा, जिज्ञासाओं का समाधान

# विज्ञान दिवस पर छात्राओं को करवाया गया पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2025 के अवसर पर छात्राओं को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी का उन्मुखीकरण भ्रमण करवाया गया। भ्रमण कार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्राओं को सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास द्वारा सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्त्व, थीम और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता पर उद्बोधन दिया गया। तदुपरांत नरेंद्र वाडकेडकर, प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वारा छात्राओं को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्व और बालिकाओं के लिए इस क्षेत्र में कैरीयर निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की गई।



प्रिया मनोरिया, फैकल्टी सदस्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के परिपेक्ष्य में विज्ञान के क्षेत्र में श्री सी. वी. रमन के योगदान को समरण करते हुए, छात्राओं को रमन प्रभाव के बारे में बताया गया। साथ ही शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में उपलब्ध कोर्स, प्रवेश प्रक्रिया, प्लेसमेंट और जॉब संभावनाओं पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

छात्राओं को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के कंप्यूटर लैब और वर्कशॉप का भ्रमण भी करवाया गया। शशांक जैन एवं ऋषि प्रताप सिंह, फैकल्टी सदस्यगणों द्वारा छात्राओं को कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में नवीनतम खोज और सम्बंधित ज्ञानवर्धक एवं रुचिकर जानकारियां प्रदान की गई। वर्कशॉप भ्रमण के दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न मशीन और उपकरणों का अवलोकन किया गया और उनकी कार्यप्रणाली को समझा गया। भ्रमण के उपरांत छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी फैकल्टी सदस्यों द्वारा किया गया।

---

## छात्रों को बीज संरक्षण का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण समन्वयक विवेक चौबे एवं डॉक्टर मंजू द्विवेदी के सहयोग से दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में बतलाया गया कि फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सही समय एवं मात्रा में उन्नत किस्म के बीजों की आवश्यकता होती है उन्नत बीजों के गुणों के अंतर्गत बीजकी आनुवंशिक एवं भौतिक शुद्धता बीजकी अंकुरण एवं जीवन तथा बीजनमी एवं भंडारण क्षमता बी जकी सुडौलता आकार रंग एवं आकृति में समानता बीज का कीटाणु एवं रोगाणु रहित होने की तकनीकी जानकारी दी गई। बीजों के प्रकार के अंतर्गतप्रजनक बीज आधार बीज एवं प्रमाणित तथा सत्य रूप बीज एवं बीज संरक्षण के विषय में विस्तृत प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया।

---

# जिलाबदर के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे पुलिस ने गत रात्रि जिला बदर के एक आरोपी को प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमते पाए जाने गिरफ्तार किया। आरोपी जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करते हुए क्षेत्र में घूमता हुआ पाया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे बाद में जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के नेतृत्व में लगातार फरार आरोपियों, वारंटियों, जिला बदर के आरोपियों पर निगरानी रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। प्राप्त निर्देशों के तहत क्षेत्र में लगातार मुखबिर तंत्र सक्रिय कर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी तारतम्य में गत 26 फरवरी 2025 को एनकेजे थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में लगातार भ्रमण कर अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। भ्रमण के दौरान मुखविर से सूचना मिली कि थाना एनकेजे अंतर्गत ग्राम कटंगी कला का निवासी राजेश कुमार चौधरी उर्फ अग्गड, कटंगी कला में देखा गया है। प्राप्त सूचना पर कार्रवाई हेतु टीम मौके पर रवाना की गई।



जिला बदर के आरोपी राजेश कुमार चौधरी उर्फ अग्गड चौधरी पिता शम्भू चौधरी उम्र 45 साल नि. कटंगीकला थाना एनकेजे कटनी को कटंगीकला में पाया गया। मौके पर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14, 223 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया।

कार्रवाई में विशेष भूमिका उप निरी अनिल यादव थाना प्रभारी एनकेजे, सउनि सहपाल परतेती, सउनि मनोज कुडापे, प्रआर प्रहलाद सैयाम, प्रआर आरिफ हुसैन की अहम भूमिका रही।

---

कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे कार्य दायित्व

# रामेश्वरम तीर्थयात्रा के लिए जिले के 200 वरिष्ठ नागरिक आज होंगे रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत शनिवार 1 मार्च को जिले के 200 तीर्थयात्री भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से दोपहर 2 बजे कटनी मुख्य स्टेशन से रामेश्वरम तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत रामेश्वरम तीर्थ यात्रा 1 मार्च से 6 मार्च तक प्रस्तावित है तीर्थ यात्रा हेतु कटनी जिले के लिए 200 बर्थ आवंटित की गई है। यह ट्रेन 1 मार्च को तीर्थयात्रियों को लेकर जबलपुर होते हुए रामेश्वरम के लिए रवाना होगी तथा 6 मार्च को जबलपुर होते हुए कटनी वापस आएगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वरम यात्रा हेतु शहरी क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी, जनपद पंचायतों व नगर पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण कटनी को जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित करने तथा चयनित यात्रियों को 12 बजे तक मुख्य रेल्वे स्टेशन पर पहुंचने हेतु अपने स्तर से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 1 मार्च को रामेश्वरम तीर्थ यात्रा हेतु कटनी मुख्य स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों सांसद खजुराहो बी.डी शर्मा, सांसद शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप प्रसाद जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांण्डे, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक को यात्रियों का स्वागत करनें हेतु आमंत्रित किया गया है।

कलेक्टर श्री यादव ने स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था करने सहित बैठक व्यवस्था, बैटरीयुक्त माईक एवं साउण्ड, बैनर, हरी झंडी, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, टिकट वितरण करने एवं अन्य सहायता हेतु निकायवार पृथक-पृथक कर्मचारियों को बैठनें हेतु 10 स्टाल की व्यवस्था करानें के निर्देश आयुक्त नगर निगम कटनी को दिए है। डिप्टी कलेक्टर एवं तीर्थ यात्रा प्रभारी विवेक गुप्ता ने टिकट वितरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिले के तीर्थयात्रियों से दोपहर 12 बजे तक कटनी मुख्य स्टेशन में पहुंचने का आग्रह किया है।

---

लोगों को साथ लेकर पार्षद मिथलेश जैन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# गरीबों के मकान नहीं तोड़ने कलेक्टर से की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन गरीब लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा कलेक्टर से गरीबों के मकान नहीं तोड़ने की बात रखी। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व कलेक्ट्रेट के पास स्थित शासकीय पट्टा धारी सैकड़ों लोगों को बेघर करने के लिए तहसीलदार कटनी नगर द्वारा नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर निर्माण हटाने हेतु निर्देशित किया गया है और गरीबों को अपना पक्ष का अवसर प्रदान किए बिना ही सरकारी मशीनरी से भवन निर्माण तोड़ने का निर्देश दिया है। मिथलेश जैन के पास पहुंचकर लोगों ने आप बीती सुनाई। श्री जैन कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल और पीड़ित जनता को लेकर कलेक्टर को बताया कि कलेक्ट्रेट के समीप ही निवासरत पीड़ित गरीब लोगों को तहसीलदार कटनी (नगर) के सूचना पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें शासकीय भूमि ग्राम झिंझरी, प.ह.नं. 32 स्थित भूमि के खसरा नंबर 280, 281 के अंश भाग पर उनके द्वारा बनाए गए पट्टा की जमीनों पर किए गए निर्माण को अतिक्रमण बताते हुए अवैध अतिक्रमण को 03 दिवस में हटा देने अन्यथा शासकीय मशीनरी से बेजा कब्जा हटाये जाने की सूचना दी गई है।



उन्होंने बताया कि पीड़ित गरीब परिवार अतिकामक नहीं हैं बल्कि अधिकांश लोगों के पास राजीव गांधी आश्रय योजना अंतर्गत दिया गया शासकीय पट्टा है जिसमें लोगों ने स्वयं की राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि से पक्के मकान बनाए हुए हैं। अनेकों लोगों को शासन से पट्टे भी मिले हुए हैं साथ ही अनेकों लोगों के धारणाधिकार नीति के अंतर्गत पट्टे की कार्यवाही लंबित है। नगर निगम का मकान का टैक्स भी पीड़ित लोगों के नाम पर है और वह विधिवत संपत्ति कर जमा कर रहे हैं। अनेकों लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना (बी.एल.सी.) के अंतर्गत 2,50,000/-रुपये (दो लाख पचास हजार रुपये) की राशि भी भवन निर्माण के लिए प्राप्त हुई है साथ ही लोगों के घर में म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के विद्युत कनेक्शन भी लगे हुए हैं तथा अन्य दस्तावेज भी वहाँ के निवास के प्रमाण हैं। उन्होंने कलेक्टर कटनी को अवगत कराया कि पीड़ित परिवार आवासहीन हैं तथा उनके पास अन्यत्र निवास की कोई व्यवस्था नहीं है और तहसीलदार कटनी नगर द्वारा बिना वैधानिक कार्यवाही किये तुगलकी फरमान जारी कर 03 दिवस के अंदर भवन हटाये जाने हेतु सूचना पत्र दे दिया गया है, जिससे सभी घबरा गये हैं और आहत हैं। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि सूचना पत्र की कार्यवाही निरस्त करते हुए पूर्व की भांति रहने की अनुमति चाहते है तथा उन्होंने जिन लोगों को धारणाधिकार के अंतर्गत पट्टा नहीं मिला है, उनके आवेदनों पत्रों पर कार्यवाही करते हुए अतिशीघ्र पट्टा दिलवाये जाने की मांग की है। कलेक्टर ने उक्त मामले की जानकारी लेकर उचित कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौपने में मनोज गुप्ता एडवोकेट पूर्व पार्षद, रमेश सोनी, आशीष, लालन सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, ब्रजलाल पाल, शीला पाल, दिनेश चंद्र राय, पूनिया बाई, आशा यादव, अम्बर यादव, मोहन चौधरी, रामगोपाल कुशवाहा, रजत यादव सहित सैकड़ों पीड़ित लोगों की उपस्थिति रही।

---

# व्यक्ति को समाज एवं राष्ट्र से जोड़ने में भूमिका निभाता है एनएसएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम पिपरौध में 27 फरवरी से 5 मार्च तक संचालित हो रहा है। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता मे डॉ संचित जैन, शिवम परोहा, शशांक जैन और सत्येंद्र जायसवाल के आतिथ्य में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के नेतृत्व में हुआ।

सर्वप्रथम मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चरणों में पुष्प अर्पण और तिलक बंधन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया डॉक्टर संचित जैन ने कहा कि एनएसएस समाज सेवा का सशक्त माध्यम है और एनएसएस के माध्यम से हम लोग समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं श्री सत्येंद्र जायसवाल जी ने कहा कि एन एस एस व्यक्ति को स्वयं से तो जोड़ता ही है साथ ही समाज और राष्ट्र से जोड़ने की भी भूमिका अदा करता है हम सभी स्वयंसेवकों को सदैव जागरूक रहना चाहिए और समाज के लिए सतत संलग्न रहना चाहिए इसी क्रम में डॉक्टर माधुरी गर्ग ने सभी अतिथि जनों का आभार व्यक्त किया छात्राओं ने उठे समाज के लिए उठे समाज के लिए गीत के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पिपरौध ग्राम के रह वासियों को शिक्षा स्वास्थ्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य स्वच्छता नशा उन्मूलन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण साक्षरता आदि विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जागरूक करना है इस कार्य हेतु आज सुबह डॉक्टर माधुरी गर्ग कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में 40 छात्राओं ने शिविर स्थल टेवाइट बी एड ट्रेनिंग कॉलेज के लिए प्रस्थान की।







# मूक पशुओं की सेवा एक श्रेष्ठ कार्य : राज्यपाल

## वीयू के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक पाकर खिल उठे छात्र छात्राओं के चेहरे , दीक्षा से मिल गौरवान्वित हुई शिक्षा

**जबलपुर। राज्यपाल डॉ. मंगू भाई पटेल ने यहां कहा कि मूक पशुओं की सेवा एक श्रेष्ठ कार्य हैं। उन्होंने नानाजी देशमुख की जीवनी पढ़कर छात्र छात्राओं को प्रेरित करने का आव्हान करते हुए कहा कि समाज सेवा के भाव को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। राज्यपाल यहां नानाजी देशमुख वेटरनरी विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।**

कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन मंत्री एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मंजीत शर्मा व अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने आगे कहा कि जबलपुर संस्कार धानी में नानाजी के आदर्शों पर संचालित प्रदेश का एकमात्र पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अच्छे संस्कार देखकर प्रसन्नता का अनुभव हुआ। उन्होंने यहां वन्य जीव संरक्षण एवं रोग निदान हेतु चल रहे अनुसंधान कार्यों की सराहना भी की। दीक्षांत समारोह के अवसर पर सर्वप्रथम कुलाधिपति एवं राज्यपाल द्वारा राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।तदुपरांत दीक्षांत यात्रा प्रांगण से मंच पर पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच आसीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ कुल सचिव डा एस एस तोमर द्वारा कुलाधिपति की अनुमति पश्चात दीक्षांत समारोह का विधिवत शुभारंभ की घोषणा के उपरांत कुलगुरु डॉ मनदीप शर्मा द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा मंचासीन अतिथियों द्वारा दीक्षांत समारोह के स्मारिका का विमोचन किया गया। कुलगुरु ने विश्वविद्यालय की प्रगति का ब्यौरा पेश किया।



### इनको मिला स्वर्ण पदक

कुलाधिपति द्वारा छात्रों को स्वर्ण पदक एवं उपाधियां प्रदान की गई। इस सातवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 21- 22 ,22-23 तथा 23- 24 के कुल 1029 छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई । जिसमें 12 स्वर्ण पदक है । सत्र 2021-22,2022-23,2023-24 में क्रमशःबी व्ही एस सी में डॉ नेहा शर्मा, डॉ नीलम सोनी, डॉ निवेदिता द्विवेदी, बी एफ एस सी में अनिका नामदेव, निशि पाठक, मानसी हरिनखेड़े, एम व्ही एस सी में डॉ मारेड्डी विनीता रेड्डी, डॉ आफ़रीन खान, डॉ अन्नापुरेड्डी प्रवालिका , पी एच डी में डॉ रवि सिकरोदिया, डॉ पायल जैन, डॉ अंकित जैन को दिया गया, पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन में बी व्ही एस सी एंड ए एच में सर्वोच्च अंक हेतु स्व. मंडीक लाल लक्ष्मण राव स्वर्ण पदक (वाइस चांसलर स्वर्ण पदक), क्रमशः तीनों सत्र के लिए डॉ सुरभि शर्मा, डॉ मुस्कान यादव, डॉ श्रेया तोमर को दिया गया1 वाइस चांसलर गोल्ड मेडल तीनों सत्र में डॉ ओजल सिंह डॉ सोनल दीक्षित डॉ ऋषि शिवहरे को दिया गया। कल 1029 उपाधि में से बीवीएससी की 678 एमवीएससी की 229, पीएचडी डिग्री 3 4, बीएफसी डिग्री 76 एमएफसी डिग्री 1 2 तथा 3 पीएचडी योग्यता प्रमाण पत्र शामिल है।

### नानाजी प्रेरणा स्त्रोत : पटेल

पशुपालन मंत्री मध्य प्रदेश शासन लखन पटेल ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को स्वर्ण पदक मिलने पर बधाई दी तथा उन्होंने नानाजी के ग्राम उत्थान के कार्यों को याद कर उन्हें प्रेरणा स्त्रोत बताया और कहा कि आय बढ़ाने हेतु पशुपालन आज एक उत्तम विकल्प है। डॉ बी एन त्रिपाठी, कुलगुरु शेरे पंजाब एग्रीकल्चर एंड साइंस यूनिवर्सिटी जम्मू ने दीक्षांत भाषण प्रस्तुत किया। कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित नर्मदा कन्या छात्रावास का भ्रमण किया। कन्या छात्रावास छात्रावास में उपस्थित छात्राओं को दी जाने वाली समस्त सुविधाओ का जायजा लिया तथा छात्राओं से रूबरू हुए।

### ये रहे मौजूद

दीक्षांत समारोह में सांसद आशीष दुबे, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु डॉ जीपी मिश्रा डॉ एस पी तिवारी, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉक्टर पीके मिश्रा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ वर्मा, विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्ति प्राध्यापक गण जबलपुर, महू रीवा, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

## रमजान शरीफ पर व्यवस्थाओं की मांग

**जबलपुर।** मुस्लिम समाज के मोहम्मद शाहिद मुबीन ने बताया कि रमजान शरीफ इबादतों महीना होता है, समाज ने पर्व को देखते हुए हर साल की तरह इस साल भी नगर निगम, जिला प्रशासन एवं मप्र विद्युत मंडल से मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में साफ, सफाई व विद्युत की समुचित आपूर्ति की मांग की है। हाजी कदीर सोनी, हाजी मकबूल रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, हाजी मुईन खान, जमा खान, याकूब अंसारी, आमीन कुरैशी, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर कादरी, अकबर खान सरवर, शमीम अंसारी गुडडू, अशरफ़ मंसूरी आदि ने रमजान शरीफ के मौक़े पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों व खास तौर पर मस्जिदों के पास साफ-सफाई जल आपूर्ति एवं विद्युत प्रवाह निर्बाध रूप जारी रखने की अपील की है।



## मानव सेवा संकल्प स्वास्थ्य शिविर धनी की कुटिया में संपन्न

**जबलपुर।**

पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सात दिवसीय मानव सेवा का संकल्प स्वास्थ्य शिविर के सातवें दिन 27 फरवरी को धनी की कुटिया आधारताल में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो शाम 05 बजे तक जारी रहा। सातवें दिन लगभग 2170 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 910 का चश्मे के लिए पंजीयन, 82 हितग्राहियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीयन किया गया। 1030 हितग्राहियों को दवाओं का वितरण किया गया एवं 167 की रक्त संबंधी जांच की गई।इस सात दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों में लगभग 21800 ने अपना परीक्षण कराया। 7310 हितग्राहियों के चश्मे के लिए पंजीयन किए गए एवं 696 को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चुना गया। लगभग 10580 हितग्राहियों को विभिन्न बीमारियों के लिए दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में पार्षद प्रमोद पटेल, सुबोध पहारिया, सोनू तिवारी, सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पार्वतीजी ने पतिव्रत धर्म का पालन किया

**जबलपुर।** श्री गिरिजाशंकर रामलीला मैदान घमापुर प्रांगण में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है जिसके आज चतुर्थ दिवस के अवसर पर वृंदावन से पधारे प्रमुख व्यास आचार्य पं. सिद्धार्थ पाण्डेय महाराज ने पार्वती जी की विदाई एवं पतिव्रत धर्म का उपदेश की कथा का व्याखान किया। इस अवसर पर पार्वती जी की विदाई का सजीव आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर, एड बलराज सोनकर, आचार्य पं. राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ. शिवमणी मिश्रा, एड. श्यामचंद्र तिवारी सहित रामलीला समिति के पं. कमलेश तिवारी, पं. बलराम परोहा, विष्णु दीक्षित, पं. अक्षय पाण्डेय, राजेश सेन, जगदीश यादव, पं. अरिवंद पाठक एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसी श्रृंखला में विगत 76 वर्षों से श्री गिरिजा शंकर मंदिर बाई का बगीचा घमापुर में महा शिवरात्रि के अवसर पर अखण्ड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया था, जिसका समापन आज को दोपहर 2.30 बजे हवन के पश्चात हुआ। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे प्रारंभ होकर सायं सात बजे तक होगी। क्षेत्रीय नागरिकों, धर्म प्रेमी बंधुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाएं।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/265
दिनांक :- 24/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश राठौर पिता स्व. श्री जयंतीलाल राठौर एवं श्रीमती कुसुम सोलंकी पिता स्व. श्री जयंतीलाल राठौर पति श्री जयंत सोलंकी ने मकान नं. 107.1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 2513+270 व.फु., प्रथम तल 1060 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/268
दिनांक :- 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेश कुमार केमतानी पिता श्री स्व. श्री राधाकिशन केमतानी ने मकान नं. 860 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 3967 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## विक्रम छात्रावास में मनाया गया छात्रावास दिवस

### 1975 बैच के कई छात्रावासियों का 50 साल बाद हुआ मिलन

**जबलपुर।**

साइंस कॉलेज के विक्रम छात्रावास में इस साल भी छात्रावास मिलन समारोह मनाया गया जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, कैंट विधायक अशोक रोहानी और पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। इस बार सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि छात्रावास के 1975 बैच के छात्रावासियों का सम्मान किया गया। कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल सहित हॉस्टल के सीनियर छात्रों ने इस दौरान अपने जूनियर छात्रावासी साथियों को अपने अनुभव बताए और इतने सालों बाद एक दूसरे से मिलकर अपने सुख-दुःख बांटे। मंत्री प्रहलाद पटेल ने विक्रम छात्रावास में कंप्यूटर और वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी घोषणा की, इसके अलावा 1975 बैच के छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रवासी छात्र एवं भूतपूर्व छात्र उपस्थित रहे।




## एड. आकाश शर्मा प्रदेश सचिव मनोनीत

**जबलपुर।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच जो कि अधिवक्ताओं के हित के लिए पूरे देश साथ ही विदेश में भी कार्य करने वाला अत्यंत वृहद संगठन है, पूर्व में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच में जबलपुर जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी से सराहनीय कार्य करने पर अधिवक्ता आकाश शर्मा को संगठन द्वारा सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के सचिव की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। मंच के सभी जिलों एवं मध्य प्रदेश के संपूर्ण पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया है।



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/267
दिनांक :- 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जिनेन्द्र कुमार जैन पिता श्री नेमीचंद्र जैन ने मकान नं. 859-941 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 882 व.फु. भूतल 600 व.फु., विक्रयपत्र/ मुख्त्यारनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/1730/अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रम कुमार नारंग/ स्व. बंशीलाल नारंग नि.-10 साउथ सिविल लाईन पुरानी शीला टॉकीज के पास ने नजूल ब्लाक नं.-19 प्लाट नं.-1/2 निर्मित रकवा/ रकवा-12324.73 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-10/12/2024 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-19 प्लाट नं. -1/2 निर्मित रकवा/ रकवा-12324.73 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम - सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-12324.73 व.फु./ हे. श्रीमती नीलम बत्रा पति स्व. विक्रम बत्रा, अंकुर नारंग, विनोद नारंग, महेश नारंग, रमेश नारंग अन्य के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/03/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 13/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-13/02/2025
पेशी दिनांक-05/03/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

## द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन (NCSTC), DST नई दिल्ली, मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST) भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025" 28 फरवरी एवं 01 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस "विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना" विषय पर आधारित है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य 'रमन प्रभाव' जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियों का सम्मान करना और युवाओं में नवाचार को प्रेरित करना है। प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में वर्तमान में जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के विजिटर नॉमिनी प्रोफेसर अखिलेश कुमार पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक, जीव विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिखा पाराशर, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हर्षिता शुक्ला एवं कार्यक्रम सह समन्वयक डॉ. सौरभ गुप्ता मंचासीन रहे। प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप मे आनंद निकेतन महाविद्यालय वरोरा के IQAC संयोजक डॉ. नीलेश उगेमूगे ने आभासी माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्शाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा किया गया। इसके उपरांत प्राचार्य ने विज्ञान दिवस आयोजन के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पहली बार 1987 में मनाया गया था जिसका प्रस्ताव राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं संचार परिषद द्वारा दिया गया था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, श्रीमती प्रकृति विश्वास, डॉ. विपिन राय, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, सहित अन्य सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।




कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/270
दिनांक :- 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नरेश कुमार केमतानी पिता श्री स्व. श्री राधाकिशन केमतानी ने पिन क्र.-1000344839 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 4800 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/269
दिनांक :- 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) जय कुमार लालवानी पिता श्री लेखराज लालवानी (2) श्री आकाश लालवानी पिता श्री जय कुमार लालवानी ने मकान नं. 524/ड्यूपलेक्स-07 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1450 व.फु., भूतल 800 व.फु., प्रथम तल 900 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# मंगल ग्रह लाल क्यों है? वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, पानी और ऑक्सीजन प्रमुख कारक

**न्यूयॉर्क।** मंगल ग्रह शुरू से ही लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। इसका प्रमुख कारण इसका अनोखा लाल रंग है, जो पृथ्वी से भी नजर आता है। अब वैज्ञानिकों ने एक नई स्टडी से पता लगाया है कि मंगल के लाल रंग का राज क्या है। उन्होंने कहा कि इस लाल रंग में ऑक्सीजन और पानी की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंगल हमारे सौर मंडल में सूर्य से चौथा ग्रह है। यह केवल बुध से बड़ा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ग्रह पर पानी मौजूद है। यह ग्रह अपने अनोखे रंग के कारण शुरू से ही इंसानों के लिए आकर्षण का विषय रहा है। अपने जंग लगे रंग के कारण इसे 'लाल ग्रह' का उपनाम दिया गया है। लेकिन, सवाल उठता है कि आखिर इस ग्रह को लाल रंग किस वजह से मिला है।



### मंगल के लाल रंग का कारण क्या है?

एक रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ग्रह का रंग उसकी सतह पर मौजूद जंग के रंग की धूल के कारण है। इसे फेरिहाइड्राइट कहा जाता है। यही धूल मंगल ग्रह को लाल रंग प्रदान करती है। इसका खुलासा मंगल ग्रह पर भेजे गए अंतरिक्ष यान और लैंडर से मिले डेटा के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर होने वाली रासायनिक प्रक्रिया की तरह, जब-जब चट्टानों में मौजूद लोहा पानी या पानी और मंगल के वायुमंडल में मौजूद ऑक्सीजन के साथ मिला, तो इससे आयरन ऑक्साइड बना।

### फेरिहाइड्राइट के कारण लाल दिखता है मंगल

इसके बाद मंगल ग्रह की हवाओं ने अरबों साल में आयरन ऑक्साइड को पूरे ग्रह पर फैलाया और इसे धूल में बदल दिया। इस कारण मंगल ग्रह को इसका खास लाल रंग मिला। चूंकि, मंगल पर अब तरल पानी नहीं है, इसलिए वैज्ञानिकों का पहले मानना था कि इसका जंग-लाल रंग धूल में मौजूद हेमेटाइट जैसे सूखे आयरन ऑक्साइड की वजह से है। हालांकि, सैटेलाइट डेटा और प्रयोगशाला प्रक्रियाओं के नए विश्लेषण के अनुसार, ग्रह के लाल रंग के लिए फेरिहाइड्राइट एक बेहतर व्याख्या हो सकती है।

### वैज्ञानिकों ने क्या कहा

*ब्राउन यूनिवर्सिटी में पृथ्वी, पर्यावरण और ग्रह विज्ञान विभाग में एक प्रमुख लेखक और पोस्टडॉक्टरल फेलो एडोमास वैलंटिनस ने कहा, मंगल ग्रह लाल क्यों है, इस मूलभूत प्रश्न पर सैकड़ों, यदि हजारों नहीं, वर्षों से विचार किया जा रहा है। मंगल ग्रह अभी भी लाल ग्रह है। बस इतना है कि मंगल ग्रह लाल क्यों है, इस बारे में हमारी समझ बदल गई है। मंगल ग्रह की धूल के एक प्रमुख घटक के रूप में फेरिहाइड्राइट की पहचान मंगल ग्रह के अतीत और अलौकिक जीवन की संभावना के बारे में हमारे ज्ञान के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हो सकती है।*

# 9वीं के बच्चे ने बना दी थ्री-इन-वन हाइब्रिड साइकिल, खासियत जान बड़े-बड़ों का चकराया सिर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के 14 वर्षीय एक बच्चे ने एक ऐसी थ्री इन वन हाइब्रिड साइकिल बनाई है, जिसे आप जरूरत पड़ने पर सोलर एनर्जी, बैटरी यहां तक कि पेट्रोल से भी चला सकते हैं। नगर कुरनूल जिले के बालमुरु मंडल के रहने वाले हुनरबाज गगनचंद्र की, जिनकी डिजाइन की हुई साइकिल को देखकर बड़े-बड़े इंजीनियर भी सोच में पड़ गए हैं। गगनचंद्र ने एक ऐसी साइकिल बनाई है, जो आपको बैटरी पर 35 किलोमीटर का सफर करा सकती है। वहीं, सोलर एनर्जी की मदद से पूरे दिन यात्रा भी कराएगी। गगनचंद्र ने नॉर्मल साइकिल में ही बटरी, सोलर पैनल और मोटर जोड़कर इसे थ्री इन वन हाइब्रिड साइकिल का रूप दिया है, जो डिजिटल स्पीडोमीटर, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, नेविगेशन यहां तक कि सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम से लैश है। मतलब, इस साइकिल को कहीं से




### साइकिल की लागत?

इतना ही नहीं, साइकिल में वॉयस कमांड सिस्टम भी है, जिससे म्यूजिक और फोन कॉल्स कंट्रोल किया जा सकेगा. गगन चंद्र के अनुसार, इस साइकिल को बनाने में 20 हजार रुपए की लागत आई है। लेकिन, उनका कहना है कि वह भविष्य में इसे और कम कर देंगे।

*48000 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टकराने की आशंका, क्या फूट जाएगा चांद?*

# पृथ्वी को छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ा विशाल ऐस्टरॉयड

**वॉशिंगटन।** ऐस्टरॉयड 2024 वीआर4 को लेकर अभी तक आशंका थी कि ये पृथ्वी से टकरा सकता है। इस आशंका ने कई हफ्तों तक दुनिया के लोगों को परेशान रखा। फिर नासा ने साफ किया कि ऐस्टरॉयड के टकराने की आशंका टल गई है। लेकिन. नासा ने चेतावनी दी है कि पृथ्वी तो बच गई है लेकिन ऐस्टरॉयड के चपेट में आने से चंद्रमा का बचना मुश्किल है। नासा ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि ऐस्टरॉयड 2024 वीआर4 से पृथ्वी सुरक्षित है और 2023 में ये ऐस्टरॉयड पृथ्वी के बगल से निकल जाएगा। इसके टकराने की आशंका नहीं है। नासा के सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज के प्रमुख पॉल चोडास ने कहा कि यह वह परिणाम है जिसकी हमें उम्मीद थी। लेकिन नासा का कहना है कि ये ऐस्टरॉयड काफी खतरनाक था और अगर ये पृथ्वी से टकराता तो भयानक धमाका होता, जिसमें 8



मेगाटन टीएनटी के बराबर का विस्फोट होता। यानी हिरोशिमा शहर के ऊपर जो परमाणु बम गिराया गया था, उससे 500 गुना ज्यादा शक्तिशाली धमाका होता। यानी ये धमाका एक पूरे शहर को पूरी तरह से नष्ट कर सकता था और कई आसपास के शहरों पर इसका गंभीर असर दिखता। हालांकि, अब धरती के लोग राहत की सांस ले सकते हैं कि हमारे ऊपर ऐस्टरॉयड को लेकर कोई खतरा नहीं है। लेकिन, नासा ने कैलकुलेशन के आधार पर कहा है कि ऐस्टरॉयड वीआर4 सीधे चंद्रमा की ओर बढ़ सकता है।

### चंद्रमा से ऐस्टरॉयड के टकराने की कितनी आशंका?

नासा ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अब इस ऐस्टरॉयड के हमारे चंद्रमा से टकराने की आशंका बन रही है और ये आशंका 1.7 प्रतिशत है, जो पिछले लगाए गए अनुमानों के मुकाबले काफी ज्यादा है। पृथ्वी के विपरीत, चंद्रमा पर इस ऐस्टरॉयड को गिरने से बचाने के लिए कोई वायुमंडल नहीं है। यदि ऐस्टरॉयड वीआर4 चंद्रमा से टकराता है तो टक्कर के वक्त इसकी रफ्तार 30,000 मील प्रति घंटे की होगी, जिससे चंद्रमा की सतह पर 6500 फीट चौड़ा गड्ढा बन जाएगा। हालांकि, नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि टकराने की संभावनाएं धीरे-धीरे कम हो सकती हैं।

# 100 करोड़ के ईएसआईसी हॉस्पिटल में भर्ती सुविधा नहीं





**आनन-फानन में शुरू हुआ इस हॉस्पिटल का बिल्डिंग तक हेंडओवर नहीं**

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

*अलग खबर*

भिलाई के जुनवानी में आनन-फानन में सालभर पहले शुरू किया गया ईएसआईसी हॉस्पिटल रेफलर सेंटर बन कर रह गया है। 100 करोड़ की लागत से इस हॉस्पिटल भवन का निर्माण करवाया गया है। कर्मियों के परिवारों को चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने का मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। सालभर से केवल ओपीडी ही इस हॉस्पिटल की चल रही है। ओपीडी जांच में भर्ती के लायक मरीजों को दूसरे हॉस्पिटल में रेफर किए जा रहे हैं।

### पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन

ईएसआईसी हॉस्पिटल जुनवानी का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी 2024 को किया था। तभी यहां ओपीडी प्रारंभ की गई थी। तब से लेकर अब तक यहां ओपीडी ही चल रही है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा हॉस्पिटल भवन का निर्माण करवाया गया है। हॉस्पिटल में मरीजों के लिए भर्ती सुविधाएं नहीं बन पाई है।

### चल रही है प्रक्रिया

ईएसआईसी हॉस्पिटल में ओपीडी चल रही है। भर्ती के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाने का कार्य चल रहा है। प्रक्रिया में भी कई चीजें हैं।

\- **डॉ.एमएन हसन,** प्रभारी ईएसआईसी हॉस्पिटल, जुनवानी

### केवल 100 मरीजों की ओपीडी

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक रोजाना 100 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। इस हिसाब से महीने में करीब 300 लोग वर्तमान में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। यह ओपीडी की संख्या भिलाई में संचालित ईएसआईसी के एक क्लिनिक के समान है। ईएसआईसी से जुड़े कर्मचारी बताते हैं कि भर्ती की सुविधा नहीं होने की वजह से उन्हे दूसरे हॉस्पिटल में रेफर कर रहे हैं। हॉस्पिटल निर्माण का कोई फायदा नहीं हुआ। ईएसआईसी क्लिनिक भी यही काम करते रहे हैं और आज भी कर रहे हैं।

# इलेक्रामा ने विद्युत उपकरण उद्योग में बढ़ाया बड़ा कदम

**नोएडा।** इलेक्रामा (ELECRAMA) 2025 ELECRAMA 2025 भारत के ऊर्जा और विद्युत क्षेत्र के भविष्य को दिशा देने वाला प्रमुख मंच बना हुआ है। यहां उद्योग जगत, नीति निर्धारकों और विशेषज्ञों के बीच रणनीतिक चर्चाएं हो रही हैं, जिससे नई नीतियों और नवाचारों का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इस मंच पर उद्योग सहयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर सके। ELECRAMA 2025 के पहले दिन आयोजित सीईओ राउंडटेबल ने ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य पर एक महत्वपूर्ण संवाद की नींव रखी। इस सत्र में 120 से अधिक उद्योग जगत के दिग्गजों, नीति निर्धारकों और वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया और ऊर्जा रूपांतरण, स्मार्ट ग्रिड, स्वच्छ गतिशीलता (क्लीन मोबिलिटी) और एआई-संचालित विद्युत प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की।

# छग के 3000 से ज्यादा गर्ल्स स्कूलों के टायलेट खंडहर, सुविधाओं के मामले में चंडीगढ़ टॉप पर, अरुणाचल फिसड्डी, हमारा राज्य औसत

रुचि वर्मा ⏭ रायपुर

*हरिभूमि खास*

छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर स्कूली छात्र-छात्राओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का सर्वे करने के बाद शिक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में ही इन आंकड़ों का खुलासा हुआ है। यह आंकड़े सरकारी स्कूलों के हैं। जारी किए गए सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 47 हजार 933 विद्यालय ऐसे हैं जहां लड़कियां अध्ययनरत हैं। इनमें से 47,005 विद्यालयों में टॉयलेट की सुविधा है, लेकिन इनमें से 44 हजार 922 विद्यालयों में ही टॉयलेट का इस्तेमाल हो रहा है। इस तरह से 3 हजार 11 स्कूल ऐसे हैं, जहां या तो टॉयलेट नहीं है अथवा वे इतनी जर्जर स्थिति में है कि उनका इस्तेमाल संभव नहीं है। लड़कियों के विद्यालय के इतर लड़कों के स्कूलों की स्थिति अधिक विकट है। प्रदेश में ऐसे विद्यालयों की संख्या जहां लड़के भी अध्ययन करते हैं, 47 हजार 638 है। इनमें से 45



हजार 437 स्कूलों में टॉयलेट है, जबकि 41 हजार 750 स्कूल ही ऐसे हैं, जहां टॉयलेट का इस्तेमाल हो रहा है। इस तरह से लड़कों के 5 हजार 888 स्कूलों में या तो टॉयलेट है ही नहीं या तो इतनी खराब स्थिति में है कि उसका इस्तेमाल हो ही नहीं रहा है। इसके बावजूद आंकड़ों में स्थिति कई राज्यों से बेहतर है। टॉप राज्यों में देखे तो चंडीगढ़ अव्वल है, जहां 100 फीसदी टॉयलेट का इस्तेमाल हो रहा है। इसके विपरीत अरुणाचल सबसे फिसड्डी है। छग की स्थिति औसत मानी जा सकती है।

### अब... ग्राउंड रिपोर्ट

शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट सामने आने के बाद हरिभूमि ने जमीनी हकिकत का जायजा लिया। इस दौरान स्थिति कागजी आंकड़ों से भी अधिक खराब नजर आई। हमने राजधानी रायपुर और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र दोनों का ही जायजा लिया। रायपुर के खोखोपारा, मठपारा, चंदनडीह, हीरापुर सहित रविवि परिसर स्थिति शासकीय विद्यालयों में टॉयलेट की स्थिति इतनी जर्जर है कि इस्तेमाल करना तो दूर की बात यहां प्रवेश करने से पहले ही छात्र डर जाए। वहीं बस्तर के दरभा ब्लाक के 20 शालाओं में शौचालय जर्जर है, जिसे उपयोग में नहीं लिया जा रहा। बच्चों के साथ परेशानी बनी है। यह केवल दरभा ब्लॉक का मामला नहीं, जिले में ऐसे अनेक शालाओं में शौचालय का यही हाल है। अधिकारियों के अनुसार, बस्तर जिला शिक्षा अधिकारी को 12 दिन पहले डिमांड बनाकर प्रेषित किया गया है।

# तमिलनाडु के चोर ने दिखाई ईमानदारी

**चेन्नई।** दुनियाभर में रोजाना हजारों-लाखों डकैती और चोरी की घटनाएं होती हैं, लेकिन कुछ चोर होते हैं ईमानदार जिनकी ईमानदारी के किस्से इंटरनेट की दुनिया में आते ही वायरल हो जाते हैं। अब तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में हाल ही में एक विचित्र घटना ने सभी का ध्यान खींचा। दरअसल, यहां एक चोर ने ऐसा काम किया, जिसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। थिरुप्पुवनम के पास डी पलायुर के निवासी वीरमणि अपने घर के



सामने सोने से पहले अपनी बाइक को खड़ा किया करते थे। हालांकि अगले दिन हुआ यूं कि उनकी बाइक चोरी हो गई। इस चोरी से हैरान होकर उसने और उसके परिवार ने इलाके में खोजबीन की, लेकिन गाड़ी कहीं नहीं मिली। अंत में उसने इस चीज को मान लिया कि उसकी बाइक चोरी हो चुकी है और इसकी रिपोर्ट थिरुप्पुवनम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस भी हरकत में आई और उन्होंने बाइक को खोजने में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। परिवार ने अब मान लिया कि उनकी बाइक अब उन्हें कभी नहीं मिलेगी।

**जेवरात व नकदी समेत लाखों ले उड़े**

# नकाबपोश तलवार-कट्टा लेकर घुसे, जेवर-नकदी की लूट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बीती रात व्यवसायी के घर में घुसकर तीन नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। नकाबपोश बदमाशों ने कट्टे और तलवार की नोक पर परिवार को बंधक बनाकर लूट की है। अपराधी व्यवसायी के मकान व दुकान से नगदी, जेवर समेत लाखों का सामान लूटकर फरार हो गए। लूटपाट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है।

- जान से मारने की धमकी देर नकाबपोश लुटेरों ने दिया वारदात को अंजाम

### रैकी कर वारदात को अंजाम देने की संभावना

*जिस तरह से लुटेरों ने व्यवसायी के घर को निशाना बनाया है और हथियार के बल पर लूटपाट की गई है उससे यह संभावना जताई जा रही है कि इस वारदात में तीन से अधिक लोग भी शामिल हो सकते है इसके साथ ही आरोपियों ने पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया है और वारदात से पहले व्यवसायी के घर दुकान की रेकी किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि लुटेरे आपस में जिस भाषा में बात कर रहे थे वह स्थानीय नहीं थी। अपराधी झारखण्ड तरफ की भाषा में बात कर रहे थे। गनीमत रही कि अपराधी सिर्फ लूटपाट कर भाग निकले अन्यथा कोई बड़ी घटना भी हो सकती थी।*

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

आवश्यकता है
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8981475043, 7439736348

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

# हिड़मा के पीएलजीए बटालियन मेंबर समेत 9 नक्सलियों का समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नक्सल कमांडर हिड़मा के पीएलजीए बटालियन नंबर एक में सक्रिय 8 लाख के इनामी व 5-5 लाख रुपए के इनामी तीन एरिया कमेटी मेंबर समेत 9 नक्सली बीजापुर में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सली कई संगीन घटनाओं में शामिल रहे है। सक्रिय नक्सलियों के लगातार समर्पण से नक्सल संगठन कमजोर होता जा रहा है। आत्मसमर्पित सभी माओवादियों ने कहा कि वे समाज के मुख्यधारा में जुड़कर स्वच्छंद रूप से पारिवारिक जीवन जीना चाहते हैं। पीएलजीए बटालियन में सक्रिय रूप से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन में कार्यरत 8 लाख रुपए के इनामी पार्टी सदस्य, एओबी डिविजन में कार्यरत 5 लाख के इनामी, जगरगुण्डा एरिया कमेटी एवं दक्षिण सब जोनल ब्यूरो में कार्यरत 5-5 लाख रुपए के इनामी 2 एरिया कमेटी मेंबर पर कुल 23 लाख रुपए का इनाम घाषित था। इन चार इनामी माओवादियों समेत 9 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। समर्पित अन्य नक्सलियों में मिलिशिया सेक्शन प्लाटून सदस्य, सीएनएम उपाध्यक्ष, जनताना सरकार सदस्य, मिलिशिया प्लाटून सदस्य प मिलिशिया सदस्य शामिल है। आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 हजार रुपए नगद राशि प्रदान किया गया। नक्सलियों ने सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी वाहिनी केरिपु सुनिल कुमार राही, कमांडेंट 202 कोबरा अमित कुमार, कमांडेंट 205 बटालियन कोबरा नरेश पनवार, कमांडेंट 210 कोबरा अशोक कुमार, एएसपी नक्सल अभियान मयंक गुर्जर, एएसपी युलैण्डन यार्क, डीएसपी नक्सल ऑप्स सुदीप सरकार व डीएसपी डीआरजी विनीत साहू के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5793



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली -5792 का हल



## सूडोकु नवताल - 5803

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5802 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# अमेरिका में भी 'पुष्पा 2' के पीलिंग गाने की गूंज

**मुंबई।** दक्षिण भारत की फिल्म 'पुष्पा 2' काफी मशहूर हुई है। इस फिल्म को विदेशों में भी खूब पसंद किया गया। फिल्म के गाने भी काफी हिट रहे। फिल्म का गाना 'पीलिंग' बहुत मशहूर हुआ। एनबीए के ह्यूस्टन रॉकेट्स बनाम मिल्वौकी बक्स के हाफ-टाइम में प्रदर्शित किया गया। हाफ टाइम में इस गाने पर एक ग्रुप ने डांस किया। जिन लोगों ने गाने पर डांस किया उन्होंने नीली और गोल्डन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से फिल्म के स्टार अल्लू अर्जुन के प्रति सम्मान व्यक्त किया। 'पुष्पा 2' फिल्म पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी। फिल्म हिट रही थी। रिलीज होने के बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

लाइफ Style



# अनन्या

## इन अभिनेत्रियों के निभाना चाहती हैं किरदार

अनन्या पांडे ने अपनी कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनन्या ने खुलासा किया कि वह करीना कपूर खान के किरदार पू और गीत को निभाना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह करीना द्वारा निभाए गए किरदारों में से कुछ भी नहीं कर पाएंगी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनन्या ने ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का भी नाम लिया। हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में अनन्या की फिल्म कॉल मी बे के डायरेक्टर कॉलिन डी'कुन्हा ने जब उनसे पूछा कि वह कौन से किरदार निभाना चाहेंगी। जवाब में अनन्या ने करीना कपूर खान की फिल्म कभी खुशी कभी गम की पू और जब वी मेट की गीत का नाम लिया, जो उनके दिल के सबसे करीब हैं। अनन्या ने कहा, मैं शायद करीना द्वारा किए गए काम का 0.1 प्रतिशत भी नहीं दे पाऊंगी, लेकिन वे बहुत मजेदार होंगे।

अनन्या ने आगे कहा की वह चमेली में करीना की भूमिका, लक बाय चांस में कोंकणा सेन शर्मा और ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण के किरदार को निभाने की चाहत रखती हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे की फिल्म गहराइयां के निर्देशक शकुन बत्रा ने उनसे उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह बायोपिक करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें द क्राउन और स्पेंसर में प्रिंसेस डायना के किरदार देखने में मजा आया। अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगी, लेकिन मुझे मधुबाला, मीना कुमारी और वहीदा रहमान जैसी 50 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों का किरदार निभाने की इच्छा है।

हॉलीवुड मसाला



# मुझे विश्वास नहीं हो रहा

**मुंबई।** बुधवार को हॉलीवुड के दिग्गज और ऑस्कर विजेता जीन हैकमैन का निधन हो गया। वह अपनी पत्नी बेट्सी अराकावा के साथ न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए। इस खबर ने दुनियाभर के सिनेमा प्रेमियों और इंडस्ट्रीज में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दुनियाभर के सेलेब्स ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अब बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया और साथ में लिखा, 'विश्वास नहीं होता कि दुनिया में अब जीन हैकमैन नहीं रहे।



# शुरू हुई ऑस्कर अवॉर्ड की उल्टी गिनती

**लॉस एंजिल्स।** अकादमी अवॉर्ड जिसे ऑस्कर्स के नाम से जाना जाता है, वह हर साल अमेरिका में होता है। इसका संचालन 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंस' की तरफ से किया जाता है। अवॉर्ड शुरू होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। यह अवार्ड 2 मार्च को अमेरिका में होगा। भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित अवार्ड को स्टार मूवीज और जियो हॉटस्टार पर भारत के टाइम के हिसाब से सुबह 5:30 बजे देख सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें लिखा है कि '97वां अकादमी अवार्ड तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे सिर्फ जिओ हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीम होगा।' इस शो को कॉमेडियन और पोडकास्टर कैनन ओ'ब्रायन होस्ट करेंगे। पिछले साल इस अवॉर्ड को जिम्मी कैमल ने होस्ट किया था।



# परिणीति ने शुरू की वेब सीरीज की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। अनटाइटल्ड थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर परिणीति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक अपडेट शेयर किया है। इस जानकारी से मिलने पर प्रशंसकों के बीच वेब सीरीज को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर सुबह शूटिंग के लिए सेट पर जाते हुए खास वीडियो शेयर किया है। शूटिंग लोकेशन का जिक्र किए बिना परिणीति ने कैप्शन में लिखा, 'चलो शूटिंग पर डे 7' जिससे पता चलता है कि शूटिंग शुरू हुए एक हफ्ता हो चुका है और शूटिंग का सातवां दिन है। इस सीरीज में परिणीति के अलावा सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी और ताहिर राज भसीन नजर आएंगे।



# कियारा-सिद्धार्थ के यहां आने वाला है नन्हा मेहमान

**मुंबई।** कियारा आडवाणी सिद्धार्थ मलहोत्रा जल्द ही मां-बाप बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी है। जैसे ही उन्होंने ये जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी वैसे ही बधाइयों का दौर शुरू हो गया। कई फिल्मी सितारे जिनमें आलिया भट्ट, सामांथा रुथ प्रभु, फरहान अख्तर और ईशान खट्टर शामिल हैं, ने उन्हें बधाई दी है। पोस्ट पर आलिया भट्ट ने दिल कमेंट किया है। करीना कपूर ने लिखा है 'आपका अच्छा वक्त आ रहा है। भगवान आप पर दया करे।' ईशान ने कमेंट किया 'बधाई हो दोस्तों! और आप जल्दी बड़े हो जाओ छोटे। आपका सफर आसान हो।' रश्मिका मंदाना ने लिखा 'आप दोनों को बधाइयां।' सामंथा ने लिखा 'ओ मेरे भगवान। मुबारक हो।' फरहान अख्तर ने लिखा 'मुबारक हो।' कियारा और सिद्धार्थ ने अपने ज्वाइंट इंस्टाग्राम पर लिखा 'मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा आ रहा है।'

टीवी मसाला

# लिखते-लिखते हमको नींद आ गई, वो वहीं तक रह गया

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम और ट्विटर पर वे खूब मजेदार पोस्ट शेयर करते हैं। हालांकि, कई बार उनके पोस्ट फैंस को हैरान कर देते हैं। ऐसा ही कुछ पिछले दिनों हुआ, जब बिग बी ने एक पोस्ट में लिखा, 'टाइम टू गो'। इसके बाद फैंस परेशान हो उठे और इस ट्वीट का मतलब पूछने लगे। सोशल मीडिया पर उनके रिटायरमेंट तक के कयास लगाए जाने लगे। हालांकि, बिग बी ने 'कौन बनेगा करोड़पति' में इस वायरल पोस्ट पर चुप्पी तोड़ी है और सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। अमिताभ बच्चन अपने क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के प्रोमो में अपने उस ट्वीट पर बात करते दिखे हैं। दरअसल, एक फैन बिग बी से उस पोस्ट का जिक्र करती हैं। इस पर एक्टर कहते हैं, 'उसमें एक लाइन थी जाने का समय है, तो उसमें कुछ गड़बड़ी है क्या?' वहीं, एक अन्य फैन पूछती है- 'कहां जाने की प्लानिंग थी?' इसके बाद अमिताभ बच्चन ने अपने उस पोस्ट पर जवाब दिया। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'अरे भाई साब हमको काम पर जाने का समय आ गया है। गजब करते हो यार! और रात को जब यहां से छुट्टी मिलती है तो घर पहुंचते-पहुंचते एक-दो बज जाते हैं। वो लिखते-लिखते हमको नींद आ गई तो वो वहीं तक रह गया...जाने का वक्त और हम सो गए!' बता दें कि बिग बी की यह पोस्ट काफी तेजी से वायरल हुई थी। लोगों के मन में कई सवाल थे, उन सभी का जवाब आज खुद शहंशाह ने दे दिया है।



# 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' को मिले टॉप 5, अर्चना का कटा पत्ता

**नई दिल्ली।** टीवी के धमाकेदार शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इस शो में टीवी के कई नामी चेहरे नजर आ रहे हैं। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के जरिए अब स्टार्स एक्टिंग के बाद नेशनल टीवी पर अपना कुकिंग स्किल्स दिखा रहे हैं। साथ ही शो के जजेस फराह खान, विकास खन्ना और रणवीर बरार को अपने डिसेस से इंप्रेस कर रहे हैं। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' हाल ही में दीपिका कक्कड़ बाहर हो गईं। उनके जाते ही शो से उषा नाडकरणी का भी पत्ता कटा था। वहीं, अब एक्ट्रेस अर्चना गौतम भी शो से बाहर होने की खबर आ रही है। अर्चना को शो में एक स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट के तौर पर देखा जा रहा था। शो को इसके टॉप 5 फाइनलिस्ट मिल चुके हैं। इस लिस्ट में राजीव अदातिया, तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली, गौरव खन्ना और मिस्टर फैजू शामिल हैं। अब इन पांचों के बीच कांटे की टक्कर होने वाली है। वहीं, शो के जजेस यानी फराह खान, रणवीर बरार और विकास खन्ना के लिए ये तय करना बेहद मुश्किल होगा कि वो किसे विनर बनाएं और किसे बाहर करें।



# पं. नरेन्द्र ने हिंदी सिनेमा के लिए लिखे 100 से ज्यादा गीत

**नई दिल्ली।** पंडित नरेंद्र शर्मा ने भारतीय हिंदी सिनेमा के लिए कुछ ऐसे गीत लिखे, जो हमेशा के लिए सदाबहार बन गए, जैसे सत्यम शिवम सुंदरम। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा पास की और अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. किया।



नरेंद्र ने साल 1934 में 'अभ्युदय' अखबार प्रकाशित किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'हमारी बात' थी। वे ऑल इंडिया रेडियो की विविध भारती सेवा के संस्थापक भी रह चुके हैं।

### सत्यम शिवम सुंदरम से मिली पहचान

*नरेंद्र शर्मा को राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम के इसी नाम से शीर्षक गाने की रचना के लिए जाना जाता है। इस गाने की सुंदरता, सत्य और इसकी दिव्यता के बारे में एक संदेश हैं। उस समय यह गाना इतना लोकप्रिय हुआ कि इस फिल्म के लिए नरेंद्र को उनका पहला फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।*

### अपना पिता मानती थीं लता मंगेशकर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लता मंगेशकर उन्हें अपने पिता के रूप में संबोधित करती थीं, जबकि उन्हें उनकी बेटी के रूप में संबोधित किया जाता था। ब्रिटेन के चैनल 4 के लिए नसरीन मुन्नी कबीर द्वारा निर्मित और निर्देशित लता मंगेशकर ने कहा था कि उन्होंने पंडित जी से बहुत कुछ सीखा है और उनकी सलाह के आधार पर जीवन की कई कठिनाइयों से निपट सकती हैं।

### महाभारत सीरियल के लिए भी लिखे गीत

प्रेम रोग, सत्यम शिवम सुंदरम, राधा कृष्ण, सागर, अफसर, ज्वार भाटा और हमारी बात के अलावा भी कई फिल्मों के लिए गाने लिखे। पंडित नरेंद्र शर्मा ने सौ से ज्यादा फिल्मों के लिए लिखा और लगभग सभी बड़े संगीत निर्देशकों और गायकों के साथ काम किया। वह टीवी सीरीज महाभारत के वैचारिक सलाहकार भी थे, जिसके लिए भी उन्होंने गीत लिखे थे। यह उनका आखिरी काम था और 12 फरवरी 1989 को, शो के ऑन-एयर होने के चार महीने बाद, 76 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई।

# पांच साल बाद कानूनी लड़ाई खत्म कर ली कंगना और जावेद अख्तर ने

तपन बक्सी ▶▶| मुंबई

बहुत लोग जानते हैं कि 2020 से ही बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और गीतकार-लेखक जावेद अख्तर के बीच कानूनी लड़ाई चल रही थी। 2016 में ऋतिक रोशन को लेकर कंगना रनौत एक विवाद में फंस गई थीं। उस समय, एक टीवी शो में कंगना ने दावा किया था कि अगर वह ऋतिक रोशन या उनके परिवार के खिलाफ कोई बयान देती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, ऐसा उन्हें जावेद अख्तर ने धमकाया था। न सिर्फ धमकी, बल्कि जावेद अख्तर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर किया था। करीब पांच साल तक यह मामला अदालत में चला, लेकिन अब दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है। आज, मुंबई में कंगना रनौत ने जावेद अख्तर के साथ अपनी एक अनूठी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की और लिखा –!आज जावेद जी और मैंने हमारे बीच चल रहे मानहानि के मुकदमे को खत्म कर दिया।



जावेद जी हमेशा से बहुत दयालु और नेकदिल इंसान रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि वह मेरी अगली निर्देशित फिल्म के लिए गाने लिखेंगे।' गौरतलब है कि पांच साल पहले, कंगना रनौत ने एक बयान में कहा था – 'जब ऋतिक रोशन के साथ मेरा विवाद सार्वजनिक हुआ था, तब एक दिन जावेद जी ने मुझे अपने घर बुलाया था। वहां उन्होंने मुझसे कहा था कि ऋतिक रोशन के पिता, राकेश रोशन और उनका परिवार बॉलीवुड में बहुत प्रभावशाली है। अगर तुमने उनसे माफी नहीं मांगी, तो तुम्हारे पास बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। वे तुम्हें जेल भी भिजवा सकते हैं। तब तुम्हारे पास खुद को खत्म करने (आत्महत्या) के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचेगा।'


# बिना हीरो वाली फिल्म, हीरोइन के दम पर सुपरहिट हुई कहानी

## बॉक्स ऑफिस पर लागत से 3 गुना ज्यादा बरसे थे नोट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के इतिहास में अब तक कई वुमन सेंट्रिक फिल्म बन चुकी हैं। ऑडियंस को इस तरह की फिल्में पसंद भी आती हैं। इस तरह की कई मूवीज बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल रही हैं। आज हम आपको ऐसी ही एक मूवी के बारे में बताते हैं, जिसे हीरोइन ने अपने दम पर सुपरहिट करा दिया था।

अच्छी कहानियों के दम पर ही फिल्में चलती हैं। फिर फर्क नहीं पड़ता है उसमें हीरो या फिर हीरोइन। ऐसी ही एक मूवी साल 2024 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर लागत से 3 गुना ज्यादा कमाई कर सुपरहिट साबित हुई। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आर्टिकल 370'।




### आदित्य सुहास ने किया था डायरेक्शन

'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने न सिर्फ दमदार एक्टिंग की, बल्कि दमदार एक्शन करते हुए भी नजर आई थीं। उन्होंने अपने किरदार को निभाने के लिए खासी मेहनत की, जिसका असर बड़े पर्दे पर साफ नजर आया। इस फिल्म का डायरेक्शन आदित्य सुहास जंभाले ने किया था।

### आतंकवाद को रोकने पर आधारित थी फिल्म

इस फिल्म की कहानी कश्मीर में आतंकवाद को रोकने पर आधारित थी। यह मूवी आर्टिकल 370 को निरस्त करने की रणनीति के इर्द-गिर्द घूमती है। केंद्र सरकार की तरफ से इंटेलिजेंस ऑफिसर जूनी हक्सर (यामी गौतम) को एक खुफिया मिशन का जिम्मा सौंपा जाता है। फिर वह खूंखार आतंकवादियों से भिड़ जाती है।

### 2024 में हुई थी रिलीज

पॉलिटिकल ड्रामा थ्रिलर फिल्म 'आर्टिकल 370' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें कोई हीरो नहीं था। लीड रोल यामी गौतम ने निभाया था। उनके अलावा प्रियमणि, अरुण गोविल, मोहन अघासे और अन्य कई सितारे अहम किरदारों थे। इस फिल्म में यामी गौतम ने अपनी दमदार एक्टिंग से ऑडियंस के दिलों को जीत लिया था।

### 35 करोड़ रुपए की लागत में बनी थी

सिनेमाघरों में रिलीज होते ही यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' छा गई थी और अपनी लागत से कई गुना ज्यादा मुनाफा कमाया था। आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म 35 करोड़ रुपए की लागत में बनी थी और देखते ही देखते फिल्म ने 100 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार लिया था। भारत में 'आर्टिकल 370' ने 77.98 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। दुनियाभर में फिल्म की टोटल कमाई 105.01 करोड़ रुपए हुई थी। इस तरह फिल्म ने अपनी लागत से 3 गुना ज्यादा कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस वर्डिक्ट सुपरहिट है।

### आदित्य धर ने किया था प्रोड्यूस

यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' को पति आदित्य धर ने ही प्रोड्यूस किया था। यह साल 2024 की सबसे पॉपुलर और कामयाब बॉलीवुड फिल्मों में से एक साबित हुई। आईएमडीबी पर यामी गौतम की फिल्म को 10 में से 7.8 रेटिंग मिली है। हाल ही में फिल्म की रिलीज को 1 साल हुआ है। इन दिनों यामी गौतम की 'आर्टिकल 370' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। यह यामी गौतम के कॅरियर की बेस्ट फिल्मों में से एक है।

## खबर संक्षेप



### आरसीबी के सामने अब दिल्ली की कड़ी चुनौती

**बेंगलुरु।** अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में पराजय का कड़वा घूंट पीने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को अब महिला प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। गत चैंपियन आरसीबी ने वडोदरा में खेले गए अपने पहले दो मैच में जीत हासिल की थी लेकिन इसके बाद जब टूर्नामेंट का दूसरा चरण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाने लगा तो उसे उम्मीद के विपरीत तीन मैच में हार झेलनी पड़ी। इनमें यूपी वारियर्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार भी शामिल है।

### आईपीएल के दौरान ही खेली जाएगी पीएसएल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां टूर्नामेंट 11 अप्रैल से शुरू होगा। पहला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड और दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें दो एलिमिनेटर और 18 मई को होने वाला फाइनल शामिल है। पीएसएल कार्यक्रम की पुष्टि का मतलब है कि इसका आयोजन अधिक आकर्षक और धनाढ्य लीग इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान किया जाएगा।

### जिज्स के साथ अभ्यास से मिला फायदा

**नई दिल्ली।** विश्व कप 1990 चैंपियन नीदरलैंड के साइमन जिज्स के साथ भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से ठीक पहले सप्ताह भर के गोलकीपिंग शिविर से भारतीय महिला टीम को बेहतर प्रदर्शन में काफी मदद मिली। शिविर में अनुभवी सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबाम और युवा बांसरी सोलंकी ने भाग लिया जिसमें फोकस तकनीकी कौशल, मैच जागरुकता और मानसिक अनुकूलन पर था। साइमन नीदरलैंड की महिला और पुरुष टीमों के साथ काम कर चुके हैं। वह 2016, 2020 और 2024 ओलंपिक में गोलकीपिंग कोच थे जब नीदरलैंड ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया।



### यूटीटी का छठा सत्र 29 मई से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** भारत में टेबल टेनिस की प्रमुख लीग अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र का आयोजन 29 मई से 15 जून तक अहमदाबाद में किया जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोजकों के अनुसार पहली बार अहमदाबाद में आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता अत्याधुनिक ईकेए एरिना में खेली जाएगी। यह वही स्थान है जहां 2016 में कबड्डी विश्व कप और 2019 में इंटरकांटिनेंटल कप (फुटबॉल) का आयोजन किया गया था। यूटीटी में आठ टीम भाग लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा।

**चैंपियंस ट्रॉफी : अफगान टीम 50 ओवर में 273 रन पर सिमटी**

# शर्मनाक! ऑस्ट्रेलिया ने एक्स्ट्रा 37 रन लुटाए यह अफगानिस्तान का तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर

एजेंसी ▶▶ लाहौर

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 10वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने शर्मनाक प्रदर्शन करते हुए अपनी फजीहत कराई है। शुक्रवार को खेले गए मैच में कंगारू गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 अतिरिक्त रन दिए। इस स्कोर से ज्यादा अफगानिस्तान के दो बल्लेबाजों ने ही अधिक रन बनाए। पांच बल्लेबाजों ने 37 से कम का स्कोर किए। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जा रहा यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए काफी अहम था।

- अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी
- सेदिकुल्लाह अटल ने खेली 85 रन की पारी

इस अहम मैच में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 10 विकेट खोकर 273 रन बनाए। अफगानिस्तान की पारी के दौरान कंगारू गेंदबाजों ने जमकर मुफ्त के रन लुटाए। 5 अफगानी बल्लेबाजों ने मिलकर जितने रन नहीं बनाए उससे ज्यादा रन तो ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने फ्री में दे दिए। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।



### शीर्ष गेंदबाज नहीं खेल रहे मैच

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया टीम अपने प्रमुख गेंदबाजों के बिना खेल रही है। मिचेल मार्श, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हैं। दूसरी ओर मार्कस स्टोइनिस ने इवेंट से पहले ही संन्यास का ऐलान कर दिया है। ऐसे में टीम की गेंदबाजी लाइनअप में अनुभव की कमी साफ झलक रही है।

### मुफ्त में दे दिए 37 रन

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 एक्ट्रा रन दे दिए। स्पेंसर जॉनसन, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट ने वाइड बॉल कीं। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज का खाता नहीं खुला। वहीं रहमत शाह ने 12, मोहम्मद नबी ने 1, गुलबदीन नायब ने 4 और नूर अहमद ने 6 रन बनाए। ये 5 बल्लेबाज मिलकर 23 रन ही बना पाए। दूसरी ओर टीम को 37 रन मुफ्त में मिल गए।

### एक पारी में अतिरिक्त रन

| रन | टीम | खिलाफ | शहर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 42 | भारत | केन्या | द रोज बाउल | 2004 |
| 38 | नीदरलैंड | श्रीलंका | कोलंबो | 2002 |
| 37 | ऑस्ट्रेलिया | अफगानिस्तान | लाहौर | 2025 |
| 36 | श्रीलंका | बांग्लादेश | मोहाली | 2006 |
| 36 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | जोहान्सबर्ग | 2009 |

### स्कोर बोर्ड

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज बो जॉनसन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| जदरान का लाबुशेन बो जम्पा | 22 | 28 | 2 | 0 |
| अटल का स्मिथ बो जॉनसन | 85 | 95 | 6 | 3 |
| शाह का इंगलिस बो मैक्सवेल | 12 | 21 | 1 | 0 |
| शाहिदी का लाबुशेन बो जम्पा | 20 | 49 | 1 | 0 |
| उमरजइ का कारी बो ड्वारशुइस | 67 | 63 | 1 | 5 |
| मोहम्मद नबी रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| नायब का इंगलिस बो एलिस | 04 | 12 | 0 | 0 |
| राशिद का मैक्सवेल बो ड्वारशुइस | 19 | 17 | 2 | 0 |
| नूर का इंगलिस बो ड्वारशुइस | 06 | 08 | 0 | 0 |
| फजलहक फारुकी नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 37, योग : 50 ओवर में 273/10

गेंदबाजी : जॉनसन 10-0-49-2, ड्वारशुइस 9-0-47-3, एलिस 10-0-60-1, मैक्सवेल 6-1-28-1, जम्पा 8-0-48-2, शॉर्ट 7-0-21-0.

**टेनिस**

## सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर के नामांकन से हटाया

एजेंसी ▶▶ लंदन



विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है। इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्ज़पैट्रिक ने बयान में कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया। फिट्ज़पैट्रिक ने कहा, 'लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया।' पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबॉल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस साल के पुरस्कारों के लिए नामांकित किए गए खिलाड़ियों की घोषणा सोमवार को मैड्रिड में की जाएगी।

### टालोन दुबई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**दुबई।** टालोन ग्रिक्सपुर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव के खिलाफ चार मैच प्वाइंट बचाकर 2-6, 7-6 (7), 7-5 से जीत दर्ज करके दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रिक्सपुर ने पहले दौर में भी तीन मैच प्वाइंट बचाकर रोमन सफीउलिन को हराया था। इसके बाद उन्होंने बुधवार को गत चैंपियन उगो हम्बर्ट को बाहर का रास्ता दिखाया था। ग्रिक्सपुर का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। सिटसिपास ने माटेओ बेरेटिनी को 7-6 (5), 1-6, 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में फ़ेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-4, 3-6, 6-2 से पराजित किया।

## प्रज्ञानानंद ने फिर से ड्रॉ खेली चिदंबरम ने कीमर को हराया

एजेंसी ▶▶ प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे। अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की। अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच



राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

### शुभमन गिल उपलब्ध, विश्राम के दिन अकेले किया अभ्यास

दबई। न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की अटकलों पर विराम लगाते हुए भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल गुरुवार को प्रशिक्षण के लिए आधिकारिक विश्राम के दिन कुछ सहयोगी स्टाफ के साथ अभ्यास के लिए आईसीसी क्रिकेट अकादमी आए। गिल बुधवार को अभ्यास छोड़ने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। उन्होंने विशेषज्ञों और यूएई के नेट गेंदबाजों के थ्रो-डाउन के साथ दो घंटे तक मेहनत की।

### जोस बटलर ने छोड़ी कप्तानी, शर्मनाक रहा इंग्लैंड का प्रदर्शन

लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 इंग्लैंड टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। टीम को अपने पहले दोनों मैच में ही हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में टीम पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। अब इंग्लैंड के वनडे और टी20 कप्तान जोस बटलर ने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 1 मार्च को वह बतौर कप्तान अपना आखिरी मैच खेलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड के प्रदर्शन की बात करें तो उन्हें पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 22 फरवरी को लाहौर में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया। अपने दूसरे मैच इंग्लैंड टीम की टक्कर अफगानिस्तान से हुई। जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम अफगानिस्तान से भी हार गई।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्रमांक/परि.शा./न.नि./2025/1738/338 **E-procurement Tender Notice** भिलाई दिनांक 20/02/2025
**Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैस्लिटी के लिए शेड निर्माण कार्य। | 165057 | 193.74 लाख | 12.03.2025 |

निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज आनलाईन जमा की जाये। उक्त कार्य हेतु दी जाने वाली दरे आनलाईन (Online) दी जावें। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, परियोजना

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (लोककर्म विभाग)**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-609 Date-28/02/2025 2025_UAD_405931_1 | वार्ड क्र. 76 के अंतर्गत मढ़ई में मुख्य मार्ग पर स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंषा) | 02 माह<br>रू. 4.05 लाख | 2000/-<br>4055/- | 12/03/2025 |
| 2 | PRO-609 Date-28/02/2025 2025_UAD_405931_2 | वार्ड क्र. 76 के अंतर्गत इमलिया मार्ग पर स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंषा) | 02 माह<br>रू. 4.23 लाख | 2000/-<br>4234/- | 12/03/2025 |
| 3 | PRO-609 Date-28/02/2025 2025_UAD_405931_3 | वार्ड क्र. 73 के अंतर्गत करमेता पुरानी बस्ती में सोसायटी के पास जैन साहब के घर से मीरा शुक्ला के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंषा) | 02 माह<br>रू. 11.99 लाख | 2000/-<br>8993/- | 20/03/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग
नगर निगम जबलपुर

**FORM - IV**
**Statement of ownership and other particulars about Hari Bhoomi as required by Registration of Newspapers (Central) Rules 1956 :**

1. Place of Publication : Hari Bhoomi, 66/1, Industrial Area, Richhai, Jabalpur-482002 (M.P.)
2. Periodicity of Publication : Daily
3. Printer's Name : Achint Maheshwari
   Nationality : Indian
   Address : 66/1, Industrial Area, Richhai, Jabalpur-482002 (M.P.)
4. Publisher's Name : Achint Maheshwari
   Nationality : Indian
   Address : As above
5. Editor's Name : Dr. Himanshu Dwivedi
   Nationality : Indian
   Address : 66/1, Industrial Area, Richhai, Jabalpur-482002 (M.P.)

Hari Bhoomi, is owned by Hari Bhoomi Communications Private Limited, 129, Transport Centre, Panjabi Bagh, West Delhi-110035 having following share holders holding more than one percent of the total capital :

i) Abhimanyu Sindhu, 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
ii) Sarvesh Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
iii) Vir Sen Sindhu 1, Garud Nagar, Gevra Project, Korba, Chhattisgarh - 495452
iv) Vrit Pal Sindhu 23 Rajdoot Marg, Chanakyapuri, New Delhi - 110021
v) Satya Pal Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana - 124001
vi) Anika Sindhu 53-57, Sector -14, Rohtak, Haryana-124001
vii) Swasti Sindhu 53-57, Sector-14, Rohtak, Haryana - 124001
viii) Rachna Sindhu 53-57, Sector-14, Rohtak, Haryana-124001
ix) M/s Indus Edumanagement Services Private Limited 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035
x) Paramitra Holdings Private Limited, 129, Transport Centre, Punjabi Bagh, West Delhi-110035

I, Achint Maheshwari, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Sd/-
Achint Maheshwari
Dt. 01-03-2025 Publisher

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल-88-24; दिनांक 27.02.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे वर्णित कार्य सम्पन्न करने में आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** आसनसोल मंडल-एईएन/1/एएसएन के तहत यूडीएल में एलएचएस सं. 452/बी के पहुंच मार्ग पर शेड का प्रावधान साथ में अतिरिक्त सम्प, पम्पिंग व्यवस्था का प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य :** रु. 61,90,421.15; **बयाना राशि :** रु. 1,23,800; **निविदा दस्तावेज की कीमत :** शून्य। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय :** 21.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **कार्य समापन अवधि :** 9 महीने। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (ASN-353/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम — मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

1. खुली ई-निविदा सं.: आईआरसीटीसी/2025/आईटीसी/आईटी(टीपी)/ई85/बस — आईआरसीटीसी वेबसाइट/ऐप पर बस इन्वेंटोरीज कंटेंट की सोर्सिंग हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 24.03.2025 को 15:00 बजे तक। प्री-बिड मीटिंग: 10.03.2025 को 11:30 बजे।
2. खुली ई-निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/कैट./रिटायरिंग रूम/मार्च/25 — विभिन्न रेलवे स्टेशनों एसआईएनए (ई) = 254.89 वर्ग मीटर पर रिटायरिंग रूम का नवीनीकरण, परिचालन, रखरखाव एवं ट्रांसफर बैक। प्री-बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।
3. ई-निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/एनजेड/एफपी-एफएफयू/खुली निविदा/मार्च- 25 — निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों चरखी दादरी (डी) = 64.12 वर्ग मीटर, सुजनगढ़ (डी)-ए = 48 वर्ग मीटर, सुजनगढ़ (डी)-बी = 48 वर्ग मीटर में फास्ट फूड यूनिट की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई-निविदा-सह-नीलामी। प्री-बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।
4. खुली ई-निविदा सं.: 2025/आईआरसीटीसी/कैट./जन आहार/मार्च 25/छह माह — 6 माह की अवधि एवं आगे विस्तार योग्य के लिए जन आहार में केटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-निविदा-सह-ई-नीलामी बोली दस्तावेज। एनडीएलएस (ए1) = 153.29 वर्ग मीटर। प्री-बिड मीटिंग: 07.03.2025, जमा करने की अंतिम तिथि: 21.03.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों हेतु आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com या www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन के लिए यदि कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो उसे केवल www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लि., चतुर्थ तल, टॉवर-डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029, फोन: 011-35464020

**कार्यालय अपर संचालक / प्राचार्य, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर म.प्र.**
Office No. 0761-2663471 Fax No. 0761- E.Mail- petcjabalpur@gmail.com

क्रमांक/107/प्राचार्य/पीईटीसी./प्रशिक्षण/2025 जबलपुर, दिनांक 27/02/2025

**पी.एस.सी (मुख्य परीक्षा 2025 ) एवं रेलवे, बैंकिंग, एस. एस. सी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये नि:शुल्क ऑफलाईन कोचिंग हेतु विज्ञापन ।**

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग हेतु निम्न शर्तो के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 1. आवेदक अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग का सदस्य एवं म.प्र. का मूल निवासी हो तथा आवेदक के परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय **6 लाख रुपए** से अधिक न हो तथा न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष हो। आवेदक ने पूर्व में किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण न लिया हो। 2. प्रशिक्षण हेतु स्नातक होना आवश्यक है। प्रशिक्षण का माध्यम हिंदी होगा, छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है। आवेदक के स्नातक परीक्षा में 55 प्रतिशत या अधिक होने पर **मूल टी.सी. एवं अन्य आवश्यक अभिलेख** जमा करने पर नियमानुसार आवास सहायता राशि 2000/- एवं स्टाईपेण्ड राशि 500 /- प्रतिमाह 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर देय होगी। 3. प्रशिक्षण संस्था में नि:शुल्क स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब एवं लायब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है। कक्षायें संचालित हैं। अत: इच्छुक छात्र/छात्राऐं दिनांक **13.03.2025** तक आवेदन कर सम्मिलित हो सकते हैं। 4. उपरोक्तानुसार आवेदक आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल, हायर सेकेन्ड्री, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, 02 पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति डाक द्वारा **प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ( रामपुर पुलिस चौकी के पास, कौशल विकास संचालनालय के बाजू में ग्वारीघाट रोड) जबलपुर पिन कोड - 482008** कार्यालयीन पता अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय एवं दिवसों में कार्यालय में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय **दूरभाष 0761-2663471** एवं **मो.नं.- 8889609588 (प्राचार्य)** पर कार्यालयीन समय एवं दिवसों में संपर्क कर सकते है।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

प्राचार्य,
शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र,
जबलपुर म.प्र.

G-23643/24

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र. )**

विज्ञापन पत्र क्रमांक/542/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 **निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )** सिवनी, दिनांक - 24/02/2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निविदा सूचना क्रमांक / दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404106_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी के विभिन्न ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 01 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404107_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड कुरई के विभिन्न ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 02 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404108_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के विभिन्न ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 03 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404109_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के विभिन्न ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 04 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404110_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा के विभिन्न ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 05 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404111_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड धनौरा के विभिन्न ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य । समूह क्र. 06 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404113_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन के विभिन्न ग्रामों में 200/150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 07 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |
| 22/नि.प्र./2024-25 दिनांक 20/02/2025 | 2025_PHED _404114_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड घंसौर के विभिन्न ग्रामों में 200 / 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे 20 नग नलकूपों का खनन कार्य। समूह क्र. 08 | 29.80 | 50,000.00 | 5,000.00 | 10/02/2025 | 10/03/2025 | 60 दिवस (वर्षा-काल छोड़कर) | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सिवनी (म. प्र. )

G-23660/24

धान घोटाला मामला

# 5 खरीदी केंद्रों के 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर

## कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने कराया प्रकरण दर्ज

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि खबर का असर

जिले में एक बार फिर हरिभूमि आईएनएच की खबर का असर देखने को मिला। जिला कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा धान उपार्जन में हुए घोटाला पर एक साथ 5 एफआईआर दर्ज करा दी है। एफआईआर में समिति प्रबंधक, खरीदी केंद्र प्रभारी, ऑपरेटर, के साथ वेयर हाउस संचालक भी शामिल हैं। विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई 5 एफआईआर में 22 लोगों को आरोपी बनाया गया है। दरअसल जबलपुर जिले में हुई धान खरीदी को लेकर हरिभूमि/ आईएनएच की टीम ने रियलटी चेक किया तो पाया कि खरीदी केंद्र कालाडूमर में 71 सौ क्विंटल, कटंगी में 58 सौ क्विंटल व मॉ रेवा वेयर हाउस में 63 सौ क्विंटल धान गायब होने की बात सामने आई थी। जबकि प्रशासन ने दावा किया था कि 8 से 10 वेयरहाउस ऐसे हैं जहां पर गड़बड़ी हुई है। इन वेयर हाउसों की जांच करने के पश्चात जिला कलेक्टर ने सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि मझौली की सेवा सहकारी समिति खांड द्वारा मॉ रेवा वेयरहाउस में धान की खरीदी की गई थी, जिसमें 63 सौ क्विंटल धान का फर्जी भुगतान प्राप्त कर लिया जबकि जिन किसानों ने धान को बेचा है उनको भुगतान भी नहीं हुआ है। यहां पर 94 किसानों का भुगतान अटका हुआ है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवा सहकारी समिति खांड के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज हुई हैं। एफआईआर के बाद मझौली पुलिस ने मॉ रेवा वेयरहाउस संचालक नीतेश पटेल, खरीदी प्रभारी दिनेश रावत, ऑपरेटर श्रीराम, राजकुमार राजपूत, अशोक अग्रवाल, सत्यपाल राजपूत ( रमाकांत) सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।




### 5 करोड़ 21 लाख का घोटाला

जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजरत बकाई ने बताया किया, जिला कलेक्टर के निर्देश पर धान उपार्जन की जांच की गई जिसमें 5 बड़ी समितियों द्वारा धान का उपार्जन में भारी गड़बड़ी की गई है, भौतिक सत्यापन में पाया गया कि धान मौके पर है ही नहीं और उसे पोर्टल पर चढ़ा दी गई। 5 समितियों में 2268 मीट्रिक टन धान कम पाई जिसकी कीमत 5 करोड़ 21 लाख रूपये है, इन सभी पांचों समितियों के 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### क्या और भी खुलेगें राज

बहरहाल जिस प्रकार ये मामला सामने आया है, इसमें कहा जा रहा है कि राज बहुत गहरे हैं, क्योंकि अभी सिर्फ बाहरी धान का सत्यापन हुआ है, जो धान वेयर हाउसों के अंदर है उसका सत्यापन भी हो जाए तो धान का बहुत बड़ा घोटाला सामने आएगा। प्रशासनिक अधिकारी अगर किसी राजनैतिक दबाव में नहीं आये तो बहुत बड़ा खुलासा और हो सकता है।

### इनके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

पनागर सेवा सहकारी समिति के उपार्जन केंद्र नर्मदा एग्रो के प्रबंधक अजय दत्त मिश्रा केन्द्र प्रभारी रविशंकर पटेल,कम्प्यूटर ऑपरेटर विनय पटेल,और सर्वेयर महेन्द्र पटेल, एवं केन्द्र के मुक्कदम,पल्लेदार-राहुल पटेल मझौली की सेवा सहकारी समिति खांड के उपार्जन केंद्र मां रेवा वेयरहाउस के संचालक नीतेश पटेल समिति प्रबंधक विजय राय खरीदी केन्द्र प्रभारी दिनेश रावत कम्प्यूटर ऑपरेटर राम राय ग्राउण्ड सर्वेयर मनीष सिंह,जय भवानी वेयर हाउस नंद ग्राम मझौली के समिति प्रबंधक विजय राय खरीदी केन्द्र प्रभारी राजकुमार राजपूत कम्प्यूटर ऑपरेटर सत्यपाल राजपूत ऊर्फ रमाकांत राजपूत,केन्द्र प्रभारी के सहयोगी अशोक अग्रवाल,सर्वेयर- अमित राय, और गुरुजी वेयर हाउस के समिति प्रबंधक एवं केन्द्र प्रभारी सुनील साहू कम्प्यूटर ऑपरेटर- शुभांश विश्वकर्मा सर्वेयर प्रशांत कोरी के अलावा शुभी एग्रो वेयर हाउस के समिति प्रबंधक अजय दत्त मिश्रा खरीदी केन्द्र प्रभारी मोहनी पाठक कम्प्यूटर ऑपरेटर विश्वास खरे, ग्राउंड सर्वेयर विकास खरे शामिल हैं।

### समितियों ने किया इतना घोटाला

- पनागर काला डूमर की नर्मदा एग्रो सोसायटी में 7194.79 क्विंटल जिसकी क़ीमत 1,65,48,037 रुपए है।
- मां रेवा वेयर हाउस मझौली में 6068.59 क्विंटल की कमी आई जिसका मूल्य 1,39,57,757 रुपए है।
- कटंगी के गुरूजी वेयर हाउस में 5161.60 जिसकी राशि 1,29,22,780 रूपये है
- जय भवानी वेयर हाउस मझौली में 1134.20क्विंटल जिसका मूल्य 26,08,660 है।
- शुभी एग्रो खरीदी केंद्र में 2672.25 धान का मूल्य 61,46,175रूपये है।

### फैक्ट फाइल

- जिले में हुई धान खरीदी में हुआ भारी घोटाला
- जांच उपरांत जिला प्रशासन ने दर्ज कराई एफआईआर
- 5 खरीदी केन्द्रों के 22 लोगों पर दर्ज कराई एफआईआर
- 2268 मीट्रिक टन धान लगभग 5 करोड़ 21 लाख रूपये का हुआ घोटाला
- हरिभूमि inh की टीम ने किया था घोटाला उजागर
- पुलिस ने 6 आरोपियों किया गिरफ्तार

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा पत्र

# हाई कोर्ट स्तर की समितियों व कालेजियम में आरक्षित वर्ग को दें प्रतिनिधित्व

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत को ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने एक पत्र सौंपा है। इसमें हाईकोर्ट स्तर की समितियों व कालेजियम में आरक्षित वर्ग को प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की है।

ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ता उदय कुमार साहू ने बताया कि संविधान में सामाजिक न्याय की व्यवस्था दी गई है। यह तब तक सुनिश्चित नहीं हो सकता, जब तक कि अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति व महिलाओं को समान अवसर नहीं मिलते। न्यायपालिका में भी आरक्षित वर्ग को स्थान मिलना चाहिए। लेकिन देखने में आया है कि आजादी के बाद से अब तक इन वर्गों को अपेक्षाकृत नाममात्र का प्रतिनिधित्व मिला है। इस स्थिति को निर्मूल करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नामांकन समिति में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति व महिलाओं को प्रतिनिधि बनाया जना चाहिए। इसी तरह हाई कोर्ट जजों की नियुक्ति प्रक्रिाया के पहले चरण में कालेजियम की भूमिका होती है। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति व महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलने से इन वर्गों के साथ अन्याय की स्थिति से निजात संभव होगी। पिछले दिनों हाई कोर्ट के 28 वकील वरिष्ठ नामांकित हुए, जिनमें से 25 एक ही वर्ग के थे। यह असमानता की स्थिति चिंताजनक है। सवाल उठता है कि जब 51 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है, तो इस वर्ग की उपेक्षा क्यों।

# हाई कोर्ट ने कलेक्टर से पूछा- 'क्या वाकई नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई'

- यदि हुई थी, तो निष्पक्ष थी या नहीं, प्रतिभागियों ने बयाना जमा किया या नहीं
- दुकानों के संबंध में आगामी आदेश तक यथास्थिति बनाए रखने के दिए निर्देश

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने विधिवत नीलामी प्रक्रिया अपनाए बिना पसंदीदा व्यक्तियों को दुकानें आवंटित किए जाने के आरोप संबंधी याचिका को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेच ने सिवनी कलेक्टर को यह स्पष्ट करने के निर्देश दिए कि क्या वाकई नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई थी? यदि हुई थी, तो निष्पक्ष थी या नहीं। प्रतिभागियों ने बयाना राशि जमा की थी या नहीं। कलेक्टर इस सिलसिले में रिकार्ड की जांच सुनिश्चित करें। साथ ही रिपोर्ट पेश करें। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट करें कि नीलामी में कितने व्यक्ति शामिल हुए थे।

कोर्ट ने उक्त दिशा-निर्देश के साथ ही अंतरिम राहत देते हुए आगामी आदेश तक दुकानों के संबंध में यथास्थिति बरकरार रखने की व्यवस्था दी है। इस मामले की सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता सिवनी निवासी नंदराम, अभिषेक लखेरा, उमाशंकर लखेरा, जगदीश की ओर से अधिवक्ता ओमशंकर विनय पांडे व अंचन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता जिस भूमि पर दो दशक से अधिक अवधि से चूड़ी-बिंदी की दुकान लगाते थे, वहां कृषि उपज मंडी ने दुकान बनाने का प्रस्ताव रखा। वादा किया गया कि यहां से हटाने पर पक्की दुकानें बनाकर पहले से व्यापार करने वाले अपीलकर्ताओं सहित अन्य को वरीयता आधार पर आवंटन किया जाएगा। इसके लिए अमानत राशि जमा करनी होगी। अपीलकर्ताओं ने राशि जमा कर दी। लेकिन बाद में जिला प्रशासन व मंडी प्रशासन ने मिलजुलकर दुकानों को मनमाने तरीके से आवंटित करने का तरीका अपना लिया। पूछताछ करने पर नीलामी प्रक्रिया की कहानी रची गई। इसके नाम पर अपीलकर्ताओं की जमा राशि हड़प ली गई। यहां तक की पूर्व में याचिका पर स्थगन तक का उल्लंघन करते हुए बेदखली जैसा अनुचित कदम उठाया गया।

कांग्रेस ने कानूनी कार्रवाई करने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

# डीईओ पर नाबालिग रेप पीड़िता की निजता भंग करने का आरोप

**जबलपुर**। बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में 8 वर्षीय बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में एक और चौंकाने वाली लापरवाही सामने आई है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा शिक्षक के निलंबन आदेश में पीड़िता का नाम, माता-पिता का नाम और घर का पता सार्वजनिक कर दिया गया, जो कि कानूनी रूप से गंभीर अपराध है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है उन्होंने ऐसे जिला शिक्षा अधिकारी बर्खास्त किए जाने की भी मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कानून के अनुसार, किसी भी दुष्कर्म पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जानी चाहिए। पॉक्सो एक्ट और भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 228-ए के तहत पीड़िता की पहचान उजागर करना दंडनीय अपराध है। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश न केवल सार्वजनिक रूप से साझा किया गया बल्कि ऑनलाइन भी अपलोड कर दिया गया, जिससे पीड़िता की निजता भंग हो गई।

इस गंभीर लापरवाही के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को शाम 5 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा को एक लिखित शिकायत सौंपी और बाद में जिला शिक्षा अधिकारी आदेश की प्रति भी ज्ञापन के साथ सौंपी, जिसमें मांग की गई है कि जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को तत्काल बर्खास्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ,अमरीश मिश्रा, गुड्डू नबी ,चमन पासी, रितेश गुप्ता, ठा. प्रवेंद्र चौहान, रिजवान अली, महेश मिश्रा राजेश चौबे, उमेश पटेल,मुन्ना सेन, संजू पटेल, एवम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सिविल जज की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्ट विवेक जैन की युगलपीठ ने सिविल जज वर्ग-दो अतुल ठाकुर की बर्खास्तगी को बरकरार रखा है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि नियुक्ति के पहले आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना सर्वथा अनुचित है। याचिकाकर्ता ने तथ्य छिपाया था। नियुक्ति के पहले एक भी बार यह तथ्य उजागर नहीं किया कि उसके विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

मामले के अनुसार,याचिकाकर्ता विदिशा निवासी अतुल ठाकुर ने वर्ष 2007 में मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उसे 2008 में सिविल जज वर्ग दो के पद पर नियुक्ति दी गई थी। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसके विरुद्ध एफआइआर लंबित थीं। विभागीय जांच में यह बात सामने आई है कि याचिकाकर्ता ने सत्यापन-प्रपत्र में जानबूझकर आपराधिक प्रकरण के संबंध में जानकारी छिपाई है।

सेशन कोर्ट का फैसला

# सगे भाईयों के आठ हत्यारों को आजीवन कारावास



**जबलपुर**। जिला अदालत ने दो सगे भाईयों रोशन व प्रकाश ठाकुर की हत्या के आरोपित दुर्गा नगर, गौरीघाट निवासी दीपक झारिया, आकाश झारिया, मोहित गुप्ता, भोलू उर्फ राहुल कुरैशी, अमन उर्फ विक्की झारिया, विकास बैरागी, विकास उर्फ अट्टी झारिया और नरेंद्र उर्फ भोला कोल का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश अजय रामावत की कोर्ट ने आठों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। 13-13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक कुक्कू दत्त ने कोर्ट को बताया कि आरोपितों ने एकराय होकर 10 जून, 2020 को रात्रि साढ़े 12 बजे नया रेलवे स्टेशन के सामने दो सगे भाईयों रोशन व प्रकाश ठाकुर की हत्या कर दी थी। इसके लिए सुनियोजित तरीके से बलवा किया। बटनदार चाकू, लाठी, कुल्हाड़ी, पत्थर से हमला बोल दिया। इस वजह से दोनों बुरी तरह घायल हो गए। अधिक खून बहने से उनकी मौत हो गई। चूंकि मामला जघन्य श्रेणी का है। आरोपितों ने पुरानी रंजिश के चलने हत्याकांड को अंजाम दिया है, अतः सख्त सजा सुनाई जानी चाहिए। अदालत ने गवाहों के बयान, साक्ष्यों के साथ तर्क से सहमत होकर आजीवन कारावास की सजा सुना दी।

# निजी प्रतिष्ठान के 2 कर्मचारियों ने किया 9 लाख का गबन

हरिभूमि जबलपुर।

लार्डगंज थाना पुलिस ने रानीताल स्थित खटवानी सेल्स एंड सर्विस के एक कर्मचारी के विरुद्ध मिली शिकायत पर साढ़े 9 लाख रुपए के गबन के मामले में संस्था के दो कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में राइट टाउन निवासी 50 वर्षीय रोहित खटवानी ने लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में श्री खटवानी ने आरोप लगाया कि उनकी संस्था खटवानी सेल्स सर्विस (सुजुकी) के स्पेयर पार्टस विभाग में कार्यरत आरोपी अयोध्या परिसर, गढ़ा निवासी मनेंद्र सिंह ठाकुर एवं आरोपी गंगा नगर, 243 धनवंतरी नगर निवासी अतुल द्विवेदी ने करीब 9 लाख 50 हजार रुपए का गबन किया।

शिकायत में कहा गया कि इस गबन की जानकारी ऑडिट विभाग के द्वारा स्टॉक ऑडिट के दौरान मिली। ऑडिट में पाया गया कि 9 लाख 50, हजार रुपए के पार्टस कम पाये गये। आरोपी मनेन्द्र सिंह द्वारा बिलों में छेड़छाड़ कर ग्राहक से उन बिलों का पैसा स्वयं के अकाउंट में एवं कैश में अपने पास रख लेता था। इसके साथ मनेन्द्र ने बिल का एक नकली प्रारूप भी रखा हुआ था, जो ग्राहक द्वारा सामान खरीदी पर दिया जाता था जिसकी जानकारी मनेन्द्र के साथ काम करने वाले कर्मचारी सचिन विश्वकर्मा व काजल कुशवाहा ने दी थी। जिसके बाद संस्था द्वारा स्टॉक ऑडिट किया गया। जिसमें 9 लाख 50 हजार रूप्ये का स्टॉक कम पाया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपी मनेन्द्र सिंह एव अतुल द्विवेदी द्वारा संस्था की राशि का गबन करते हुये धोखाधड़ी की गई। शिकायत जाँच के दौरान आडिटर एवं साक्षियों के कथन लिये गये। आरोपी मनेन्द्र सिंह एवं अतुल द्विवेदी द्वारा खटवानी सेल्स एण्ड सर्विस प्राईवेट लिमिटेड रानीताल थाना लार्डगंज में लगभग 7 लाख 33 हजार 460 रुपये के सर्विस स्पेयर पाट्र्स स्टोर्स से हेराफेरी कर अमानत में ख्यानत करना पाया जाने से आरोपी मनेन्द्र सिंह एवं अतुल द्विवेदी के विरूद्ध धारा 316(4), 3 (5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

3 मार्च को होगा मतदान

# रादुविवि कर्मचारी संघ के चुनाव की सरगर्मी तेज

हरिभूमि जबलपुर।



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के नए पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 3 मार्च को होगा। कर्मचारियों की बड़ी संख्या इस दिन मतदान में भाग लेगी, और नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बंश बहोर पटेल और वीरेन्द्र सिंह पटेल के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है, जैसा कि पहले से ही चर्चा में था। पिछली बार, वीरेंद्र पटेल को बंश बहोर का समर्थन प्राप्त था, लेकिन इस बार बंश बहोर खुद मैदान में हैं, जो वीरेंद्र पटेल के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि दोनों उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, और चुनावी मुकाबला अब और भी रोचक हो गया है।

वहीं उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए कुल सात उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इनमें अखिलेश दीक्षित, बीरेन्द्र कुमार तिवारी, ब्रजेश कुमार द्विवेदी, प्रेम प्रकाश पुरोहित, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, रामसजीवन सोधिया और संतोष सिंह ठाकुर शामिल हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए यह मुकाबला दिलचस्प होगा, क्योंकि सभी उम्मीदवार अपनी क्षमता और अनुभव के आधार पर चुनाव में जीतने का दावा कर रहे हैं।

### महासचिव पद पर सीधा मुकाबला

महासचिव के पद के लिए दो उम्मीदवारों – राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला और संजय कुमार यादव – के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों ही उम्मीदवार संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका और कार्यक्षमता के आधार पर चुनावी मैदान में हैं, और उनके समर्थक उन्हें विजेता मानने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### यहां त्रिकोणीय और द्वंद्व मुकाबला

संयुक्त सचिव के एक पद के लिए रजनीश पाण्डेय और रोहित आर्या के बीच आमने-सामने मुकाबला है, जबकि कोषाध्यक्ष के पद के लिए अंकित श्रीवास, कृष्ण कुमार पाठक और विक्रम सिंह उइके के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। ये दोनों पद संगठन के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं, और इसलिए इन पदों के लिए चुनावी माहौल और भी ज्यादा गरमाया हुआ है।

आगामी माह के दूसरे सप्ताह से गर्मी अधिक तेजी से बढ़ेगी

# मिले-जुले मौसम के साथ होगी मार्च की शुरुआत शुरू में गर्मी, होली पर भीग सकते हैं बारिश में

- गर्मी में तेज उछाल, पारा 33 डिग्री के करीब, सर्द हवाएं दे रही राहत
- पूरे प्रदेश में बढ़ रही नमी, आज भी छाएंगे बादल रात का पारा और बढ़ेगा



**जबलपुर**। मौसम के बदलते मिजाज के चलते ठण्ड अपने आखिरी पड़ाव पर है। अब दिन गर्म तो रात सर्द हो रही है। बादलों के आने से पारे में एकदम से उछाल आ गया। पारा 34 डिग्री के ऊपर निकल गया। दिन में गर्मी का एहसास बना रहा, जबकि अर्ध रात्रि के बाद रातें अच्छी खासी ठण्ड में तब्दील हो रही है। रात में अक्सर तेज सर्द हवाओं से मौसम एकदम बदला नजर आने लगता है पिछले दो-तीन दिनों से संध्या समय अथवा देर रात में तेज हवाएं ठण्ड को बढ़ाने में असर दिखा रही हैं हालांकि दिन और रात के तापमान औसत से ऊपर हो गया है सर्द हवाएं अपना असर जरूर दिखा रही हैं। दिन की ठण्ड प्रायः काफूर नजर आ रही है और शाम से अर्ध रात तक एक ही ऊलन स्वेटर में ठण्ड से गुजारा हो रहा है। लेकिन आधी रात के बाद चलने वाली सर्द हवाएं अचानक रात के मौसम में तब्दीली पैदा कर रही हैं। देर रात कार्य से निकलने वाले और कार्यो से लौटने वाले लोगों को ठण्ड का एहसास हो जाता है।

मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक रहा, जबकि बीती रात में न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक था। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 26.06 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.02 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातःकाल 45 प्रतिशत और सायंकाल 29 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.31 पर सूर्यास्त शाम 6.13 मिनिट पर हुआ। उत्तर-पश्चिमी हवायें 6 से 7 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 12.4 डिग्री तापमान पचमढ़ी जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आम तौर पर शुष्क रहने की संभावना है।

### प्रदेश में औसत पारा 33 डिग्री

गुरुवार को प्रदेशभर में दिन के औसत तापमान में तेजी से बढ़त रही। सबसे अधिक दिन का पारा 5 डिग्री बढ़कर 35 डिग्री रहा। वहीं, प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान दमोह में 35.5 डिग्री दर्ज हुआ है। प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक रहने से गर्मी का असर बढ़ा हुआ महसूस किया गया। रात में भी गुलाबी सर्दी का असर कम रहा। सबसे कम रात का पारा पचमढ़ी में 10.2 डिग्री और सबसे गर्म रात इंदौर की रही। यहां पारा 17.8 डिग्री दर्ज हुआ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240